3 | राजधानी
मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटर में आग, 4 छात्र घायल

6 | अभिमत
विदेश व्यापार नीति व निर्यात

10 | विदेश
खालिस्तानी कार्यकर्ता की ब्रिटेन में मौत

12 | स्पोर्ट्स
वरुण ने एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 220
नई दिल्ली, शुक्रवार, 16 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

एक विज्ञापन सरकार को कमजोर नहीं कर सकता
राष्ट्रीय-11

गुजरात में कच्छ के तट से टकराया बिपारजॉय

● चक्रवाती तूफान से कई पेड़, बिजली के खंभे उखड़े

भाषा । अहमदाबाद, नई दिल्ली

गुजरात में द्वारकाधीश मंदिर के पास चक्रवाती तूफान बिपारजॉय के कारण सूना पड़ा घाट

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार शाम को कहा कि अरब सागर में 10 दिनों तक छाए रहने के बाद चक्रवात बिपारजॉय ने गुजरात के कच्छ जिले में जखौ बंदरगाह के नजदीक दस्तक दे दी है और इसके टकराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसने कहा कि यह प्रक्रिया मध्यरात्रि तक पूरी होगी। चक्रवात के कारण कच्छ और सौराष्ट्र तटों के आसपास तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई, जिसके चलते एजेंसियों को सतर्क रखा गया है।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा, घने संवहनी बादलों के कच्छ और देवभूमि द्वारका जिलों में प्रवेश के बाद चक्रवात के टकराने की प्रक्रिया शुरू हुई। यह मध्य रात्रि तक पूरी होगी। वहीं, गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि चक्रवात बिपारजॉय के बृहस्पतिवार शाम को गुजरात में कच्छ के तट से टकराने के बाद तेज हवाएं चलने के कारण देवभूमि द्वारका जिले में पेड़ उखड़े गए, जिसकी चपेट में आकर तीन लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि कच्छ जिले के जखौ और मांडवी कस्बों के पास कई पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जबकि घर के निर्माण में इस्तेमाल होने वाली टिन की चादरें उड़ गईं। सांघवी ने कहा कि शाम सात बजे तक चक्रवात संबंधी घटनाओं के कारण मौत की कोई खबर नहीं है। उन्होंने कहा, देवभूमि द्वारका जिले में पेड़ गिरने से तीन लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। गुजरात पुलिस, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और सेना के दल द्वारका के अलग-अलग हिस्सों में उखड़े पेड़ों और बिजली के खंभों को हटाने का काम कर रहे हैं। चक्रवात के मद्देनजर राहत एवं बचाव कार्य को लेकर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के अलावा सेना, वायुसेना, नौसेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों की तैनाती रही।

चक्रवात के टकराने की प्रक्रिया से पहले तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की आशंका के मद्देनजर आठ तटीय जिलों से एक लाख से अधिक लोगों को निकाला गया है। इससे पहले दिन में अधिकारियों ने कहा कि एनडीआरएफ की 15 टीम और एसडीआरएफ की 12 टीम के अलावा भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तट रक्षक और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात किया गया है। वहीं, वायु सेना ने ट्वीट किया, चक्रवात बिपारजॉय के टकराने के बाद राहत एवं बचाव कार्यों में सहायता के लिए भारतीय वायु सेना ने तैयारी की है। चक्रवात के कारण उत्पन्न होने वाली आकस्मिकताओं से निपटने के लिए वायु सेना नागरिकों की सहायता करने को प्रतिबद्ध है। एक अधिकारी ने कहा, सेना ने भुज, जामनगर, गांधीधाम के साथ-साथ नलिया, द्वारका और मांडवी में अग्रिम स्थानों पर 27 राहत टुकड़ियां तैनात की हैं। वायुसेना ने वड़ोदरा, अहमदाबाद और दिल्ली में एक-एक हेलीकॉप्टर को तैयार रखा है। नौसेना ने बचाव और राहत के लिए ओखा, पोरबंदर और बकासुर में 10-15 टीम को तैनात किया है, जिनमें से प्रत्एक में पांच गोताखोर और अच्छे तैराक शामिल हैं।

अधिकारी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए हैं और स्थानीय निवासियों को सहायता प्रदान करने के लिए नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया है। आईएमडी ने दिन में कहा कि चक्रवात अत्यधिक भारी वर्षा लाएगा और खगोलीय ज्वार पैदा होने के चलते 2-3 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं, जिसके चलते चक्रवात के टकराने के दौरान कच्छ, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जामनगर और मोरबी जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका है। अधिकारियों ने कहा कि चक्रवात के कारण ऊंची लहरें उठने के मद्देनजर लोगों को समुद्र के पास जाने से रोक दिया गया है और सभी समुद्र तटों पर जीवनरक्षक तैनात किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया, अब तक निकाले गए 94,427 लोगों में से कच्छ जिले में 46,800, देवभूमि द्वारका में 10,749, जामनगर में (शेष पेज 9)

अमेरिका से 30 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

● रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी की बैठक में तीन अरब डॉलर के सौदे के प्रस्ताव को दी मंजूरी

● प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी यात्रा से पहले लिया गया सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण निर्णय

पायनियर समाचार सेवा । नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को अमेरिका से करीब तीन अरब डॉलर (3 बिलियन डॉलर) मूल्य के बहुप्रतिक्षित 30 प्रीडेटर सशस्त्र ड्रोन की खरीद को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय का यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन की निर्धारित राजकीय यात्रा से कुछ दिन पहले लिया गया है।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा में राष्ट्रपति जो बाइडन से चर्चा के साथ अमेरिका से मिलने वाले महत्वपूर्ण और उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकी प्राप्त करने जोर दिया जा रहा है। पायनियर ने 15 जून के अंक में प्रीडेटर ड्रोन सौदे पर प्रकाश डाला था, इसके अलावा देश में निर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस के लिए जीई-414 लड़ाकू जेट इंजन के उत्पादन में भारत और अमेरिका के संयुक्त सहयोग की संभावना पर भी प्रकाश डाला था। दोनों देश सैन्य बख्तररबंद वाहनों, गोला-बारूद और अन्य उन्नत रक्षा उपकरणों के संयुक्त उत्पादन की संभावना पर विचार करेंगे। उम्मीद है कि मोदी और बाइडेन के बीच बातचीत के बाद रक्षा संबंधी कई अहम घोषणाएं होंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की एक बैठक में प्रीडेटर ड्रोन खरीद प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को मंजूरी दी गई। हालांकि इस सौदे की अंतिम मंजूरी प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) करेगी। प्रीडेटर ड्रोन को को एमक्यू-98 गार्जियंस के रूप में भी जाना जाता है। अमेरिका के जनरल एटॉमिक्स द्वारा निर्मित इस ड्रोन का प्रभावी इस्तेमाल अमेरिका ने तालिबान और आईएसआईएस के खिलाफ आतंकरोधी अभियानों और आतंकवादी समूहों से मुकाबला करने में किया था। ये ड्रोन अत्यधिक ऊंचाई पर लंबे समय तक तैनात रहने और सटीक स्ट्राइक मिसाइलों से लैस हैं जो अचूक निशाने के साथ दुश्मन की संपत्ति को तबाह करने में सक्षम हैं। सूत्रों ने बताया कि नौसेना को 14 ड्रोन, जबकि भारतीय वायुसेना और थलसेना को आठ-आठ ड्रोन मिलने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक ड्रोन का उपयोग भारत की सीमाओं और समुद्री क्षेत्रों में लंबी दूरी की निगरानी के लिए किया जाएगा।

जिसमें भारतीय नौसेना को 15 ड्रोन और शेष थल सेना और वायु सेना को दिए जाएंगे। भारत वर्तमान में लीज पर दो प्रीडेटर ड्रोन का संचालन कर रहा है जो हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी में मदद करने के साथ नौसेना की सहायता करने में सहायक साबित हो रहा है। प्रीडेटर ड्रोन को रीपर के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें विभिन्न सेंसर, लेजर-गाइडेड बम और हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों को ले जाने में सक्षम नौ हार्डप्वाइंट हैं। यह ड्रोन हवा में 27 घंटे से अधिक समय (शेष पेज 9)

बृजभूषण के खिलाफ पॉक्सो केस रद्द करने की सिफारिश

● दिल्ली पुलिस ने डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

पायनियर समाचार सेवा । नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पोक्सो के तहत लगा गए आरोपों को रद्द करने की सिफारिश की है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न और पीछा करने के आरोपों पर उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक, ओलंपियन विनेश फोगाट समेत कई पहलवानों ने नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों में घिरे बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया था। सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया था कि मामले में 15 जून तक आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाएगा। अपनी चार्जशीट में पुलिस ने नाबालिग पहलवान द्वारा बृजभूषण के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत को रद्द करने की सिफारिश करते हुए कहा कि कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं।

दिल्ली पुलिस की जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) सुमन नालवा ने एक बयान में बताया कि पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) मामले में शिकायतकर्ता यानी नाबालिग के पिता तथा स्वयं लड़की के बयानों के आधार पर मामले को रद्द करने का अनुरोध करने वाली रिपोर्ट दाखिल की (शेष पेज 9)

हल्की बारिश की संभावना, गर्मी से मिलेगी कुछ राहत

पायनियर समाचार सेवा । नई दिल्ली

भीषण गर्मी से जूझ रहे दिल्लीवासियों को अगले कुछ दिन में हल्की बारिश और गरज के साथ बूंदाबांदी होने पर कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में 18 और 19 जून को हल्की बारिश या गरज के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। निजी पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि अरब सागर में सक्रिय चक्रवात बिपारजॉय के प्रभाव के कारण राष्ट्रीय राजधानी में हल्की बारिश हो सकती है। दिल्ली में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम है। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 37.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आगामी 20 जून तक अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

कर्नाटक में रद्द होगा धर्मांतरण रोधी कानून

● भाजपा ने दी कड़ी प्रतिक्रिया, कांग्रेस को बताया नई मुस्लिम लीग

पायनियर समाचार सेवा । बेंगलुरु

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लाए गए धर्मांतरण रोधी कानून को निरस्त करने का बृहस्पतिवार को फैसला किया है। राज्य सरकार आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में इस संबंध में एक विधेयक लाएगी। राज्य सरकार के इस फैसले पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है और कांग्रेस को नई मुस्लिम लीग बताया है।

कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि कैबिनेट ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक पर चर्चा की। हमने 2022 में तत्कालीन (भाजपा) सरकार द्वारा किए गए परिवर्तनों को रद्द करने के लिए विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसे 3 जुलाई से शुरू होने वाले सत्र में पेश किया जाएगा। कांग्रेस के विरोध के बीच कर्नाटक धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का संरक्षण कानून (धर्मांतरण रोधी कानून) 2022 में लागू हुआ था।

मौजूदा अधिनियम में धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार की सुरक्षा के साथ ही बलपूर्वक, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, प्रलोभन या धोखाधड़ी से धर्मांतरण पर रोक का प्रावधान है। इसमें 25,000 रुपए के जुर्माने के साथ तीन से पांच साल की कैद का प्रावधान है, जबकि नाबालिगों, महिलाओं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के संबंध में प्रावधानों के उल्लंघन पर दोषियों को तीन से 10 साल की जेल और न्यूनतम 50,000 रुपए का जुर्माना

पाठ्य पुस्तकों से हटेंगे हेडगेवार और सावरकर से जुड़े अध्याय

पायनियर समाचार सेवा । बेंगलुरु

कर्नाटक कैबिनेट ने बृहस्पतिवार को वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के लिए राज्य में कक्षा छह से दस तक की कन्नड़ और सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों के पाठ्यक्रम में संशोधन को मंजूरी दे दी और इसके तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और हिंदुत्व विचारक वी.डी. सावरकर सहित अन्य लोगों पर केंद्रित अध्यायों को हटा दिया गया है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल ने सभी विद्यालयों और कॉलेजों में प्रतिदिन संविधान की प्रस्तावना के पाठ को अनिवार्य बनाने का (शेष पेज 9)

होगा। भाजपा ने सरकार के इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और एम. मल्लिकार्जुन (शेष पेज 9)

मणिपुर में उपद्रवियों ने घरों में लगाई आग

● सुरक्षाबलों की भीड़ से झड़प, कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए चरमपंथियों से साठगांठ के आरोप

पायनियर समाचार सेवा । नई दिल्ली/इंफाल

जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर में बृहस्पतिवार को भीड़ ने कम से कम दो खाली घरों में आग लगा दी। सुरक्षा बलों ने इंफाल के न्यू चेकॉन में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया और भीड़ पर आंसू गैस के गोले छोड़े। एक दिन पहले ही राज्य के खमेनलोक इलाके के एक गांव में उपद्रवियों के हमले में नौ लोगों की मौत हो गई थी।

मणिपुर के हालात पर कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने कुकी चरमपंथियों के साथ समझौता किया था, इसकी एनआईए जांच होनी चाहिए। आगजनी की ताजा घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, क्योंकि जिन घरों में आग लगाई गई, वे खाली थे। पिछले महीने राज्य में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद उन घरों के लोग वहां से चले गए थे।

यह घटना ऐसे समय हुई जब सेना और असम राइफल्स के जवानों ने राज्य में हिंसा बढ़ने के बाद अपना अभियान तेज कर दिया है। सेना की टुकड़ियों ने गश्त बढ़ा दी है और जहां भी अवरोध लगाए गए थे, उन्हें हटा दिया गया है। इस समय मणिपुर के 11 जिलों में कर्फ्यू लागू है, जबकि इंटरनेट सेवाएं (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

मूडीज का अनुमान, भारत के कर्ज के बोझ में संभवतः कमी आएगी

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस का अनुमान है कि भारत के कर्ज के बोझ मे कमी आएगी। मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट मे कहा है कि भारत की राजकोषीय मजबूती के लिए कर्ज का सस्ता होना जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मे तीव्र वृद्धि देश के कर्ज बोझ मे गिरावट के अनुमानो का एक प्रमुख बिंदु है। वर्तमान मूल्य पर जीडीपी वृद्धि दर 11 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत मे सामान्य सरकारी कर्ज अपेक्षाकृत ऊंचे स्तर पर है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह जीडीपी का लगभग 81.8 प्रतिशत रहा है जबकि बीएए-रेटिंग के लिए इसका औसत लगभग 56 प्रतिशत है। मूडीज ने भारत को स्थिर परिदृश्य के साथ बीएए3 की क्रेडिट रेटिंग दी हुई है। बीएए3 निवेश योग्य सबसे निचली रेटिंग है। मूडीज के प्रतिनिधि रेटिंग मे सुधार के मसले पर शुक्रवार को सरकार के अधिकारियो से भी मिलने वाले है। इस मुलाकात को रेटिंग मे सुधार की पहल के तौर पर देखा जा रहा है।

दुनिया की सुंदरतम नगरी होगी अयोध्या: योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा । लखनऊ/ अयोध्या

● योगी ने अयोध्या के लिए दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास, लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाभियां प्रदान की

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं के कार्य हो रहे हैं। इतनी परियोजना देश के किसी एक शहर में नहीं चल रही होगी। जिस दिन यह कार्य जमीनी धरातल पर उतरेंगे, अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में होगी। जनवरी में जब पीएम मोदी के करकमलों से रामलला 500 वर्ष बाद अपने स्वयं के मंदिर में विराजमान होंगे तो दुनिया अयोध्या की तरफ आकर्षित होगी।

यहां मुख्य रेलवे स्टेशन का विकास हो रहा है। सूर्यकुंड व भरतकुंड में भी रेलवे विकास के कार्य प्रारंभ हो रहे हैं। इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी इसी वर्ष बनकर तैयार हो जाएगा। यहां के लिए इतने अवसर आने जा रहे हैं कि जो अयोध्या नहीं आया होगा वो पछताता होगा। जिसने यहां जन्म नहीं लिया होगा, वह भी प्रार्थना कर रहा होगा कि हमें भी अयोध्या में जन्म लेने का अवसर मिलता तो हम भी सौभाग्यशाली होते। राम के बिना हमारा जीवन अधूरा माना जाता है। जिस रूप में प्रभु राम को पूजा है, भक्ति की है, वह साकार रूप में हम सबके सामने रामलला के रूप में मंदिर निर्माण के साथ विराजमान होकर दर्शन देंगे। योगी ने मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को योगीराज भरत जी की तपोस्थली नंदीग्राम, भरतकुंड में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के विकास से संबंधित 82 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इनकी कुल लागत लगभग 1975 करोड़ रुपये है। इनमें लगभग 212 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 1763 करोड़ रुपये से अधिक की 38 परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाभियां प्रदान की। सीएम ने प्रभु श्रीराम से प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ व दीर्घ जीवन के साथ उनके यशस्वी कार्यकाल के लिए प्रार्थना करते हुए उनका मार्गदर्शन व नेतृत्व भारत को मिलता रहे, यही प्रार्थना करता हूं। इस दौरान अयोध्या के विकास की झलक पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत वैश्विक मंच पर सम्मान पाता है। पीएम मोदी का यशस्वी नेतृत्व को जनता का आशीर्वाद मिलता रहेगा और भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

सीएम ने कहा कि अयोध्या में महापौर के साथ ही विभिन्न नगर निकायों में आपने डबल इंजन की सरकार पर विश्वास किया, इसलिए डबल इंजन की भाजपा सरकार आपके सहयोग से गांव हो या शहर, हर एक स्तर पर जनसुविधाओं व बुनियादी विकास की योजनाओं को लेकर बिना भेदभाव गरीब कल्याणकारी की योजनाएं हर जन तक पहुंचने के लिए कार्य कर रही है। आज उसी श्रृंखला में अयोध्या लोकसभा सीट के अंतर्गत दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हो रहा है। सीएम ने बताया कि कल रात 11 बजे उन्होंने सूर्यकुंड देखा। उन्हें याद है कि आज से (शेष पेज 9)

इस बार 21 लाख दीप जलाने का लक्ष्य रखिए

योगी ने कहा कि हर बड़ी सिटी अयोध्या से जुड़ना चाहती है। यह नई अयोध्या है। इस बार दीपोत्सव का 21 लाख दीप प्रज्वलन का लक्ष्य रखिए। सभी घाटों, मठ-मंदिर, सूर्यकुंड-भरत कुंड के साथ दीपोत्सव में अयोध्या के हर घर में दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम होने चाहिए। अभी से इसकी तैयारी प्रारंभ कर दें। अगले वर्ष हमारे श्रीराम आने वाले हैं। अपने घर-महल में विराजमान होने वाले हैं। इसकी तैयारी दीपोत्सव के साथ प्रारंभ होनी चाहिए। जैसे वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। 21 जून को योग महोत्सव का कार्यक्रम होगा। हमें इनसे जुड़ना चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा की स्थिति बेहतर हुई है। भारत मानवता कल्याण का नेतृत्व करता दिख रहा है।

पायनियर

नई दिल्ली, शुक्रवार, 16 जून, 2023

बाइक सवार दंपती को ट्रक ने कुचला

गाजियाबाद। मेरठ रोड पर बुधवार की रात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपती को कुचल दिया। शरीर के ऊपर से ट्रक का पहिया गुजर जाने के चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपित चालक को पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया।

एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि सेवा नगर में रहने वाले नवाब सिंह अपनी पत्नी पूनम के साथ बाजार से लौट रहे थे। देर रात 11 बजे सेवा नगर कट पर पटेल नगर की ओर से बाइक मोड़ने के दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने इन्हें कुचल दिया। आरोपित चालक हिरासत में दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपित चालक को भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस के घटनास्थल पर ? पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं थी। हादसे का यह भी एक कारण हो सकता है।

नोएडा में यातायात व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए 10 जगह लगें हाईटेक कैमरे: पुलिस

- डीसीपी ट्रैफिक ने प्राधिकरण को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस लगातार काम कर रही है। इस दौरान गौतमबुद्ध नगर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती भी बरती जा रही है।

अब यातायात पुलिस ने नोएडा प्राधिकरण से 10 नए स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। इस संबंध में डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव की तरफ से प्राधिकरण को एक पत्र भी भेजा गया है। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) के तहत कैमरे लगाने के लिए प्राधिकरण को एक पत्र भेज गया है। कैमरे लगने से यातायात के साथ ही कानून व्यवस्था भी काफी बेहतर हो जाएगी। जिन स्थानों पर कैमरे लगाने की मांग की गयी है। वहां पर आवश्यकता के कारणों की भी जानकारी प्राधिकरण को दी गयी है। संबंधित स्थानों पर पिछले कुछ दिनों के भीतर ट्रैफिक काफी ज्यादा बढ़ गया है। जिसके चलते इन स्थानों पर निगरानी करने की बेहद आवश्यकता है।

इन स्थानों पर की मांग

- डीएनडी टोल प्लाजा पर सर्विलांस और एएनपीआर कैमरे
- डीएनडी टोल पर चढ़ने वाले लूप पर सर्विलांस कैमरे
- फिल्म सिटी के गेट पर सर्विलांस और पीटीजेड कैमरे
- एलिवेटेड रोड पर सर्विलांस और स्पीड कैमरे
- सेक्टर-37 पुलिस चौकी के पास पीटीजेड और पीए सिस्टम
- छिजारसी एसजेएम अस्पताल के पास सर्विलांस, पीटीजेड कैमरे
- बहलोलपुर पुलिस चौकी के सामने सर्विलांस
- बहलोलपुर पुल पर सर्विलांस और स्पीड कैमरे

रेल कनेक्टिविटी के लिए डीपीआर को दी मंजूरी

- ग्रेटर नोएडा की लॉजिस्टिक हब परियोजना को लगे पंख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

एमआईसी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशीप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड (आईआईटीजीएनएल) की मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब (एमएमएलएच) परियोजना को मूर्त रूप देने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया गया है।

इस परियोजना के अंतर्गत वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर के न्यू दादरी स्टेशन से एमएमएलएच तक करीब 3 किलोमीटर लाइन की डीपीआर को डीएफसीसीआईएल ने मंजूरी दे दी है। करीब 858 करोड़ रुपये की इस परियोजना को बनाने के लिए डीएफसीसीआईएल जल्द टेंडर जारी करने जा रहा है। उद्योगों की माल ढुलाई की राह आसान बनाने के लिए दादरी में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है।

ग्रेनो प्राधिकरण ने 60 किसानों पर दर्ज कराई एफआईआर

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय के बाहर करीब दो महीने से धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। यह एफआईआर सूरजपुर कोतवाली में दर्ज करायी गयी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 60 अज्ञात किसानों के खिलाफ यह एफआईआर दर्ज करायी गयी है। एफआईआर में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचनाने और आम आदमी को परेशानी में डालने समेत कई संगीन आरोप लगाए हैं। गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इससे पहले दी गयी शिकायत के आधार पर 100 किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वर्क सर्किल-4 के सहायक प्रबंधन हरिंदर सिंह ने टीकम नागर, नरेंद्र भाटी निवासी सिरसा, हरेंद्र खारी निवासी खैरपुर गुर्जर, जोगेंद्र निवासी ग्राम सिरसा, जगबीर नंबरदार निवासी सादोपुर, जनार्दन भाटी और कुलदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

संक्षिप्त समाचार

'वर्ल्ड एल्डर एब्यूज अवेयरनेस डे' के अवसर डॉ. गुरुप्रीत सिंह रम्मी।

वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियां

गाजियाबाद। सामाजिक कार्यों में अग्रणी खालसा हेल्प फाउंडेशन की टीम 'वर्ल्ड एल्डर एब्यूज अवेयरनेस डे' के अवसर पर बृहस्पतिवार को गाजियाबाद के वसुंधरा स्थित आंगन और आंचल वृद्ध आश्रम में केक काटकर खुशियां बांटी। कोविड कॉल में ऑक्सीजन लंगर चलाने वाले ऑक्सीजन मैन के नाम से प्रसिद्ध व खालसा हेल्प के प्रमुख डॉ. गुरुप्रीत सिंह रम्मी के नेतृत्व में टीम ने बुजुर्गों की सेवा और सहायता के संकल्प को दोहराते हुए इस अवसर पर दवाइयां वितरित करने के साथ सेवा का भरोसा दिया। इस अवसर पर आश्रम में बड़ी संख्या में वृद्ध महिलाएं और बच्चे भी मौजूद थे। खालसा हेल्प काफी समय से इस वृद्ध आश्रम में निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दे रहा है। इस अवसर पर सरबजीत सिंह घई जी, सुरिंदर सिंह जी और दलजीत सिंह जी मौजूद रहे।

वकील की ड्रेस पहन कलेक्ट्रेट में घुसे दो चोर

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में अधिवक्ता की ड्रेस पहनकर कलेक्ट्रेट में घुसे दो चोरों को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दोनों कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के कार्यालय के पास से बाइक चुरा रहे थे। उसी समय कुछ वकीलों की नजर उन लोगों पर पड़ गयी। शक होने पर लोगों ने पूछताछ किया तो जानकारी मिली कि अधिवक्ता की ड्रेस पहनकर चोर बाइक चोरी करने कलेक्ट्रेट परिसर में घुसे थे। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने दोनों से पूछताछ शुरू कर दी है।

टावर लगाने को लेकर दो पक्षों में हुए पथराव

गाजियाबाद। लोनी बार्डर क्षेत्र के जवाहर नगर कालोनी में टावर लगने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि बुधवार रात दोनों पक्षों ने पथराव कर दिया। जिसमें दोनों पक्षों समेत मौके पहुंचे पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 21 नामजद और 30- 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।सात लोगों को हिरासत में लेकर चालान किया जा रहा है। घटना के बाद से कालोनी में सन्नाटा पसरा है। सी ब्लाक जवाहर नगर निवासी नीरज शर्मा और डी ब्लाक के मनजीत के टावर लगने को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार रात को दोनों मे कहा सुनी हो गई।

नोएडा आपके द्वार कार्यक्रम में मिली 16 शिकायतें

नोएडा। नोएडा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राधिकरण के अधिकारियों ने शाहपुर गोवर्धन पुर गांव का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष 16 मुख्य समस्याओं को रखा।नोएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक (जल एवं सीवर) आरपी सिंह ने बताया कि इस दौरान ग्रामीणों ने सिविल की 5, जल और सीवर की 3, विद्युत यांत्रिकी की 3, उद्यान की 2, भूलेख की 1, यूपीपीसीएल की 1 और जिला प्रशासन की से संबंधित 1 शिकायत की। इस दौरान अनुरक्षण के कार्य 5 दिनों में पूरा कराने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को जारी किए गए। नयी मांगों को लेकर भी विभागीय अधिकारियों को पत्रावली प्रस्तुत कर 10 दिनों में स्वीकृत कारने के निर्देश जारी किए गए।

पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड

सीआईएन : एल65929डीएल1947पीएलसी001240; वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9–10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002
फोन : +91 7303495375 ; ई मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com

128वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना, रिमोट ई वोटिंग की जानकारी तथा बही बंदी

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :

1. कम्पनी की 128वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") बुधवार 12 जुलाई, 2023 को पूर्वा. 10.30 बजे आईएसटी, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 02/2022, दिनांकित 05 मई, 2022 के क्रम में जारी जनरल सर्कुलर नंबर 10/2022, दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी 2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांकित 05 जनवरी, 2023 ("सेबी सर्कुलर") के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") सुविधा के माध्यम से, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण एवं विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।
2. एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर के निबन्धनों में, सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है, अतएव कम्पनी इसकी 128वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2022–23 सदस्यों को उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी पते पर भेज रही है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.pnbfinanceandindustries.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे तथा भौतिक अथवा अभौतिक रूप में शेयरों के धारक उन सदस्यों, जिनका ई मेल पता कम्पनी के पास पंजीबद्ध नहीं है, को अपना ई मेल पता स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट) के पास पंजीकृत करवाने के लिए, एक अनुरोध पत्र, अपने नाम, फोलियो नंबर, शेयरों की संख्या, सर्टिफिकेट नंबर इत्यादि तथा इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस के माध्यम से लाभांश के भुगतान हेतु खाता विवरण का उल्लेख करते हुए, ई मेल आईडी parveen@skylinerta.com पर 05 जुलाई, 2023 को या उससे पहले भेजना होगा।
3. वे सदस्य जो विच्छेदन तिथि (कट ऑफ डेट) 05 जुलाई, 2023 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक हैं, 128वीं एजीएम की सूचना में उल्लेखित साधारण तथा विशेष व्यवसायों के संबंध में अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई–वोटिंग") के जरिये डाल सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम से जुड़ने के विषय में विस्तृत अनुदेश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं।

सभी सदस्यों को सूचना दी जाती है कि :

(i) 128वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण तथा विशेष व्यवसाय का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा ;
(ii) रिमोट ई वोटिंग आरंभ होने की तिथि एवं समय : 08 जुलाई, 2023 को (पूर्वा. 09.00 बजे) ;
(iii) रिमोट ई वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय : 11 जुलाई, 2023 को (अप. 05.00 बजे) ;
(iv) रिमोट ई वोटिंग द्वारा अथवा 128वीं एजीएम के दौरान ई वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने के अधिकार निर्धारण हेतु विच्छेदन तिथि (कट ऑफ डेट) 05 जुलाई, 2023 है ;
(v) कोई व्यक्ति जो ई मेल द्वारा 128वीं एजीएम की सूचना भेजी जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट–ऑफ डेट) 05 जुलाई, 2023 को शेयर धारक है, evoting@nsdl.co.in अथवा pnbfinanceindustries@gmail.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
(vi) सदस्यगण नोट करें कि क) एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि और समय के बाद वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी ; ख) सदस्य, जो एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी ; ग) एजीएम में भाग ले रहे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने का हकदार होंगे ; घ) कोई व्यक्ति, जिसका नाम विच्छेदन तिथि (कट ऑफ डेट) को सदस्य पंजिका में दर्ज है, वह रिमोट ई वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने तथा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग का हकदार होगा।
(vii) जिन सदस्यों के शेयर भौतिक रूप में हैं, जिनका ई मेल पता कम्पनी में पंजीकृत नहीं है, वे नाम, फोलियो नंबर तथा पूरा पता के उल्लेख युक्त हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति, पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति तथा कम्पनी के साथ पंजीकृत सदस्य के पते के समर्थन में किसी दस्तावेज (जैसेकि आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, निर्वाचन पहचान कार्ड, पासपोर्ट) की स्व सत्यापित स्कैन प्रति ई मेल द्वारा pnbfinanceindustries@gmail.com को भेजकर अपना ई मेल पता पंजीकृत करवा सकते हैं। जिन सदस्यों के शेयर डीमैट रूप में हैं, वे अपना ई–मेल पता अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट के पास अद्यतन करवा सकते हैं।
(viii) किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के "डाउनलोड सेक्शन" के अन्तर्गत उपलब्ध शेयरधारकों के लिए फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स (एफएक्यू'ज) तथा शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चतुर्थ तल, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013 से नामित ई मेल आईडी evoting@nsdl.co.in अथवा टोलफ्री नंबर : 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर सम्पर्क कर सकते हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के साथ संबंधित शिकायतों का निवारण करेंगे।

4. कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 06 जुलाई, 2023 से 12 जुलाई, 2023 तक (दोनों तिथियों सहित) बंद रहेंगी।

वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./
श्वेता सक्सेना
निदेशक एवं कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 15 जून, 2023
स्थान : नई दिल्ली

कैमैक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड

(सीआईएन : एल70109डीएल1980पीएलसी169318)
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9–10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002
मोबाइल नंबर : 7303495374, ई–मेल : camaccommercial@gmail.com
वेबसाइट : www.camaccommercial.com

43वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना
रिमोट ई–वोटिंग जानकारी तथा बही बंदी

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :

1. कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड ("कम्पनी") की 43वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") बुधवार, 12 जुलाई, 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे आईएसटी, कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 02/2022, दिनांकित 05 मई, 2022 के क्रम में जारी जनरल सर्कुलर नंबर 10/2022, दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 (सामूहिक रूप से "सर्कुलर्स" कहे गए हैं) ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांकित 05 जनवरी, 2023 ("सेबी सर्कुलर") के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") सुविधा के माध्यम से, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण एवं विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।
2. एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के निबन्धनों में, सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है, अतएव कम्पनी इसकी 43वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2022–23 सदस्यों को उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी पते पर भेज रही है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.camaccommercial.com पर तथा सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे तथा भौतिक अथवा अभौतिक रूप में शेयरों के धारक उन सदस्यों, जिनका ई–मेल पता कम्पनी के पास पंजीबद्ध नहीं है, को अपना ई–मेल पता निच टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट) के पास एक अनुरोध पत्र, नाम, फोलियो नंबर, शेयरों की संख्या, सर्टिफिकेट नंबर इत्यादि तथा खाता विवरण का उल्लेख करते हुए ई–मेल आईडी nichetechpl@nichetechpl.com पर 05 जुलाई, 2023 को या उससे पहले भेजना होगा।
3. वे सदस्य जो विच्छेदन तिथि (कट–ऑफ डेट) 05 जुलाई, 2023 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक हैं, 43वीं एजीएम की सूचना में उल्लेखित साधारण तथा विशेष व्यवसायों के संबंध में अपना वोट सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई–वोटिंग") के जरिये इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचना दी जाती है कि :

(i) 43वीं एजीएम की सूचना में उल्लेखित साधारण तथा विशेष व्यवसाय का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा ;
(ii) रिमोट ई–वोटिंग आरंभ होने की तिथि एवं समय : 08 जुलाई, 2023 को (पूर्वा. 09.00 बजे) ;
(iii) रिमोट ई–वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय : 11 जुलाई, 2023 को (अप. 05.00 बजे) ;
(iv) रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अथवा 43वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने के अधिकार निर्धारण हेतु विच्छेदन तिथि (कट–ऑफ डेट) 05 जुलाई, 2023 है ;
(v) रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम से जुड़ने हेतु विस्तृत अनुदेश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं।
(vi) कोई व्यक्ति जो ई–मेल द्वारा 43वीं एजीएम की सूचना भेजी जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट–ऑफ डेट) 05 जुलाई, 2023 को शेयर धारक है, www.evotingindia.com अथवा camaccommercial@gmail.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
(vii) सदस्यगण नोट करें कि क) उपरोक्त तिथि और समय के बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी ; ख) सदस्य, जो एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी ; ग) एजीएम में भाग ले रहे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने का हकदार होंगे ; घ) कोई व्यक्ति, जिसका नाम विच्छेदन तिथि (कट–ऑफ डेट) को सदस्य पंजिका में दर्ज है, वह रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने तथा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग का हकदार होगा।
(viii) जिन सदस्यों के शेयर भौतिक रूप में हैं, जिनका ई–मेल पता कम्पनी में पंजीकृत नहीं है, वे नाम, फोलियो नंबर तथा पूरा पता के उल्लेख युक्त हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति, पैन कार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति तथा कम्पनी के साथ पंजीकृत सदस्य के पते के समर्थन में किसी दस्तावेज (जैसेकि आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, निर्वाचन पहचान कार्ड, पासपोर्ट) की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति ई–मेल द्वारा camaccommercial@gmail.com को भेजकर अपना ई–मेल पता पंजीकृत करवा सकते हैं। जिन सदस्यों के शेयर डीमैट रूप में हैं, वे अपना ई–मेल पता अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट के पास अद्यतन करवा सकते हैं।

(4) ई–वोटिंग सिस्टम से रिमोट ई–वोटिंग के संबंध में किसी संदेह की स्थिति में आप www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग मैनुअल तथा बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्य'जू") का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल लिख सकते हैं अथवा श्री राकेश दाल्वी, पदनाम : वरिष्ठ प्रबंधक, सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, पता : ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुंबई– 400013 से सम्पर्क करें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल करें अथवा 022–23058542/43 पर अथवा टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल करें।

(5) कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 06 जुलाई, 2023 से 12 जुलाई, 2023 तक (दोनों तिथियों सहित) बंद रहेंगी।

वास्ते कैमैक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./–
साक्षी मिश्रा
कम्पनी सचिव

तिथि : 16 जून, 2023
स्थान : दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228 ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता – 700020
सीआईएन : एल65190जीजे1994पीएलसी021012 www.icibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	नीतीश राज/गिरिजा देवी/वार्ड नंबर 26, मोहल्ल नवरतन बाजार, सासाराम, रोहतास, बिहार, सासाराम–821115/ एलबीजीएवाई00006206701	खाता नंबर 30, प्लॉट नंबर 346, मौजा – मिर्जा पुर, थाना – सासाराम, थाना नंबर 139, हलका नंबर 06, सदर रजिस्ट्री ऑफिस सासाराम, जिला रोहतास, बिहार (परिमाप क्षेत्रफल 1.5 डेसीमल)	21–04–2023 रू. 8,70,647/–	05–02–2023

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 16 जून, 2023
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	अनिल गुप्ता/ प्रतिमा गुप्ता/ LBDEL00004259648	प्लॉट नंबर डी–535, पहली मंज़िल, ब्लॉक– डी, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, गाजियाबाद।/ जून 13, 2023	अगस्त 20, 2020 रु. 23,05,641/-	दिल्ली/ एनसीआर
2.	दिलीप रॉय/ बेचन रॉय/ LBGHZ00005177041	फ्लैट नंबर– 803, 8वीं मंज़िल, टावर– 4, प्लॉट नंबर– जीएच–6ए, सेक्टर–5, ड्रीम होम्स, ग्रीनवुड एन्क्लेव, वेव सिटी एनएच–24 गाजियाबाद 201001/ जून 13, 2023	जुलाई 29, 2022 रु. 19,08,130/-	दिल्ली/ एनसीआर
3.	गोपाल वर्मा/ सोनिया वर्मा/ LBDEL00002432900	यूनिट नंबर– पीटी/बी 321, तीसरी मंज़िल, ब्लॉक–बी, पार्क टाउन कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, एनएच–24, गाजियाबाद/ जून 13, 2023	फरवरी 25, 2023 रु. 4,54,935/-	दिल्ली/ एनसीआर
4.	खुशबू मेहता/ श्याम लाल मेहता/ LBFDB00005148504	फ्लैट नंबर एमजे/सी–1204, फ्लोर 12, महक जीवन, टावर सी, विलेज मोर्टा, एनएच–58, राज नगर एक्सटेंशन, परगनाजलाबाद तहसील और गाजियाबाद, ऊपर– 201003./ जून 13, 2023	नवंबर 15, 2021 रु. 25,00,627/-	दिल्ली/ एनसीआर
5.	रेखा गुप्ता/ वंदनेश प्रताप सिंह/ LBGHZ00003155354	फ्लैट नंबर 1104, 11वीं मंज़िल, टावर 8, ड्रीम होम्स, सेक्टर–5 ग्रीनवुड एन्क्लेव वेव सिटी एनएच–24, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश/ जून 13, 2023	जून 18, 2019 रु. 13,02,971/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जून 16, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank
Regd. Office: ICICI Bank Limited, ICICI Bank Tower, Near Chakli Circle, Old Padra Road, Vadodara, Gujarat. Pin- 390 007
Corporate/Branch Office: ICICI Bank Towers, Bandra- Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai- 400 051

PUBLIC NOTICE – AUCTION OF FINANCIAL ASSET

In terms of the policy of ICICI Bank Limited ("the Bank") on Sale of Financial Assets and in line with the regulatory guidelines, the Bank hereby invites Expression of Interest (EOI) from interested Asset Reconstruction Companies (ARCs) for purchase of a portfolio of Non-Performing Assets ("Financial Asset") on the terms and conditions indicated herein under "Swiss Challenge Method". It is hereby clarified that confirmation of the name of successful bidder will be subject to final approval by the competent authority of the Bank:

Base-Bid	Term of sale	Minimum Mark Up
Rs.47.0 million	100% in Cash	Rs. 2.5 million

Schedule for E-Auction

Sr. No.	Activity	Date &Time
1.	Submission of EOI	June 17, 2023, latest by 5.00 PM
2.	Execution of Non-Disclosure Agreement ("NDA") (if not already executed with ICICI Bank)	June 21, 2023, latest by 5.00 PM
3.	Release of Offer Document along with Preliminary Information Memorandum ("PIM")	June 21, 2023
4.	Access to data room for due diligence	June 21, 2023 to July 07, 2023
5.	Submission of Bid Form	July 10, 2023 latest by 5.00 PM
6.	Process of e-bidding	July 11, 2023 from 3:00 PM to 4:00 PM with auto extension of 5 minutes till sale is completed

The sale of aforesaid Financial Asset is on "As is where is basis", "As is what is basis", "Whatever there is basis" and "Without recourse basis".
Interested buyers are requested to submit EOI via email to **jignesh.shelani@icicibank.com** or **vijayc.kumar@icicibank.com** and/or by post at ICICI Bank Limited, ICICI Bank Towers, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai- 400 051 before June 08, 2023 at 5.00 PM. The Bank will not be liable for non-receipt of EOI for any reason. Interested buyers are expected to take efforts to find out the status of communication sent by them to the Bank to ensure their participation in the auction process.
The e-auction would be conducted under "Swiss Challenge Method" as per schedule above on the terms & conditions of the Offer Document, which will be shared with interested buyers on execution of Non-Disclosure Agreement (NDA) with the Bank.
For any further clarifications with regard to access to data room, due-diligence, terms & conditions of the auction and/or submission of EOI/BID, kindly contact Mr. Jignesh Shelani (+91 75748 21846) or Mr. Vijay Kumar (+91 98208 03292).

Date : June 16, 2023
Place : Delhi/NCR

Authorized Signatory
ICICI Bank Limited

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई–400051

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 7, कम्युनिटी सेंटर एस.डी. टावर, सेक्टर–8, रोहिणी, नई दिल्ली–110085
एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

क्र. स.	कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	LVGUR00041020501/धर्मेन्द्र यादव/जमालपुर (28) गुरूग्राम जमालपुर हरियाणा/गुरूग्राम–122503	एलपीके 2518 एफबीटी/एलपीके 2518 एफबीटी/ एचआर55एएच4804	02-Nov-22 Rs. 19,87,586/-	02-May-2022
2.	LVGUR00041020515/धर्मेन्द्र यादव/जमालपुर (28) गुरूग्राम जमालपुर हरियाणा/गुरूग्राम–122503	एलपीके 2518 एफबीटी/एलपीके 2518 एफबीटी/ एचआर55एएच5004	2-Nov-22 Rs. 18,82,037/-	02-May-2022
3.	UVGUR00041993448/धर्मेन्द्रयादव/श्रीकृष्ण जेसीबी/दुकान 46, निकट कृष्ण पेट्रोल पम्प/मेन मार्किट/ जमालपुर /गुरूग्राम–122503	टाटा एलपीके 2518 सीआरई बीएस–4 एवडी/टाटा एलपीके 2518 सीआरई बीएस–4 एवडी /एचआर55एएच5004ए	15-Apr-23 Rs. 10,47,274/-	02-May-2022
4.	LANOD00038343818/अभिजीत सिंह/भारत फूड्स ऐंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड/बी–54, सेक्टर–67, नोएडा एफएफ जी बी नगर/नोएडा–201301	जीएलएस/350 डी/ यूपी16सीबी0011	15-Apr-23 Rs. 27,62,826/-	30-Jan-2023
5.	LANOD00038630532/सुजीत कुमार सिंह/भारत फूड्स ऐंड बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड/बी–54, सेक्टर–67, नोएडा एफएफ जी बी नगर/नोएडा–201301	अल्टूरास जी4/4गुणा4/ यूपी13बीएच0011	15-Apr-23 Rs. 11,61,534/-	30-Jan-2023
6.	LUDEL00043282224/सतीश कुमार/318 323 चतुर्थ तल, कजूर रोड जोशी/रोड बीटीसी करोलबाग/दिल्ली–110005	क्रेटा/1.4 बेस/ डीएल12सीक्यू4500	15-Apr-23 Rs.3,99,603/-	04-Jul-2022
7.	LADEL00041286603/सुनील टोकस/मकान नंबर 214, मुनीरका गांव जेएनयू एसओ/दिल्ली–110067	आई 20/मैग्ना पेट्रोल/ डीएल4सीएजैड4195	15-Apr-23 Rs.3,47,698.8/-	03-Oct-2022
8.	SPDEL00044899646/सुनील टोकस/मकान नंबर 214, मुनीरका गांव जेएनयू एसओ/दिल्ली–110067	आई 20/मैग्ना पेट्रोल/ डीएल4सीएजैड4195	15-Apr-23 Rs.2,18,675/-	03-Oct-2022
9.	LADEL00044683365/सतीश कुमार/5601 गली नंबर 1, संत नगर/करोल बाग/नई दिल्ली–110005	न्यू वेर्ना/1.5 एस प्लस/डीएल3सीसीयू8580	15-Apr-23 Rs. 6,75,301/-	04-Jul-2022
10.	LVDEL00042961305/अनीता/सत पाल सिंह/84 निजामपुर रोड/नया पाना लाडपुर/नॉर्थ वेस्ट दिल्ली/दिल्ली–110081	टाटा 1412 बीएस 4/ टाटा 1412 बीएस 4/डीएल1जीसी9161	15-Apr-23 Rs. 2,26,2518/-	13-Jan-2022
11.	LVDEL00039935729/सकीना खातून/मोहम्मद अफरोज/झुग्गी नंबर 1/16, राजस्थान उद्योग नगर/सराय पीपल थला जहांगीर पुरी एन.एस/मंडी नॉर्थ वेस्ट दिल्ली/दिल्ली–110033	एएल ईकोमेट 1214/एएल ईकोमेट 1214/ एचआर38एए7363	15-Apr-23 Rs. 20,18,741/-	02-Jul-2021
12.	LVDEL00041950850/सकीना खातून/मोहम्मद अफरोज/झुग्गी नंबर 1/16, राजस्थान उद्योग नगर/सराय पीपल थला जहांगीर पुरी एन.एस/मंडी नॉर्थ वेस्ट दिल्ली/दिल्ली–110033	एएल ईकोमेट 1214/एएल ईकोमेट 1214/ एचआर38एए7363	15-Apr-23 Rs. 4,00,369/-	02-Jul-2021
13.	LVDEL00036894935/वीरेन्द्र कुमार शर्मा/विकास ट्रांसपोर्ट ऑफ इंडिया/30 प्रथम तल/ट्रांसपोर्ट सेंटर/पंजाबी बाग/दिल्ली–110026	पीआरओ 5016/ पीआरओ 5016/ एनएल01एबी2023	15-Apr-23 Rs. 9,04,604.6/-	30-Jun-2020
14.	LVDEL00036894980/वीरेन्द्र कुमार शर्मा/विकास ट्रांसपोर्ट ऑफ इंडिया/30 प्रथम तल/ट्रांसपोर्ट सेंटर/पंजाबी बाग/दिल्ली–110026	पीआरओ 5016/ पीआरओ 5016/ एनएल01एबी2024	15-Apr-23 Rs. 6,67,134.6/-	30-Jun-2020
15.	LVDEL00036895203/वीरेन्द्र कुमार शर्मा/विकास ट्रांसपोर्ट ऑफ इंडिया/30 प्रथम तल/ट्रांसपोर्ट सेंटर/पंजाबी बाग/दिल्ली–110026	पीआरओ 5016/ पीआरओ 5016/बॉडी	15-Apr-23 Rs. 3,80,936.2/-	30Jun-2020
16.	LVDEL00036895288/वीरेन्द्र कुमार शर्मा/विकास ट्रांसपोर्ट ऑफ इंडिया/30 प्रथम तल/ट्रांसपोर्ट सेंटर/पंजाबी बाग/दिल्ली–110026	पीआरओ 5016/ पीआरओ 5016/बॉडी	15-Apr-23 Rs. 4,10,126.2/-	30-Jun-2020
17.	LAGUR00041851012/कृष्ण लाल/एबीएम इंजीनियर्स/प्लॉट नंबर 70/आईएमटी मानेसर/सेक्टर–6/गुरूग्राम–122002	नेक्सन/एक्सजैड प्लस/ एचआर26ईजे3139	15-Apr-23 Rs.7,38,110/-	11-Jul-2022
18.	LANOD00042007930/श्वेतांक मिश्रा/गली नंबर 2/11, मामूरा, सेक्टर–66/गौतमबुद्ध नगर/नोएडा–201301	क्विड/1.0 आरएक्सटी/ यूपी16सीक्यू4053	15-Apr-23 Rs.4,16,510/-	30-Oct-2021
19.	LAFDB00042539983/सतीश कुमार/एच नंबर 509, सेक्टर–23, संजय कालोनी/फरीदाबाद/गुरूग्राम–122001	वेन्यू/एसएक्स (ओ)/ एचआर51सीसी5341	15-Apr-23 Rs.6,84,748/-	09-Dec-2022
20.	LAGHZ00041307938/सचिन श्रीवास्तव/बिल्डिंग नंबर 110, प्रथम तल फ्लैट नंबर एफ 1/वैशाली सेक्टर–2ए, पीएनबी/गाजियाबाद–201010	टिएगो/एक्सजैड पेट्रोल/ यूपी14ईएच7782	15-Apr-23 Rs. 4,89,181.4/-	16-May-2022

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के बाद वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 16 जून, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

मुखर्जी नगर के कोचिंग सेंटर में लगी आग, 4 छात्र घायल

खिड़की का शीशा तोड़कर रस्सी के सहारे जान जोखिम में डालकर उतरे छात्र

पीड़ित छात्र।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुखर्जी नगर स्थित पांच मंजिला कोचिंग सेंटर में बृहस्पतिवार दोपहर आग लग गई। आग लगते वहां हड़कंप मच गया। जब आग लगी तो वहां अलग-अलग मंजिल पर करीब 600 से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद थे। सीढ़ियों के पास मीटर में लगी आग से जीने के रास्ते सभी फ्लोर पर धुंआ भर गया। शार्ट सर्किट से पूरी इमारत की बिजली भी कट गई। इमारत में अंधेरा होने और धुंआ भरने से वहां चीख-पुकर मच गई।

अंदर मौजूद छात्रों का दम घुटा तो उन्होंने बिल्डिंग की खिलड़कियों के शीशे तोड़ना शुरू कर दिया। अफरा-तफरी के बीच छात्र खिड़कियों से मदद की गुहार लगाने लोग। आसपास मौजूद लोगों व दूसरे कोचिंग सेंटर के छात्र शोर-शराबा सुनकर मदद को भागे।स्थानीय लोगों ने किसी तरह इमारत के तीनों ओर रस्सियां लटका दीं गईं। उसकी मदद से कोचिंग में मौजूद छात्र-छात्राएं लटककर नीचे उतरने लगे। वहीं कुछ छात्र बिजली के केबल के सहारे भी नीचे उतरे। जल्दबाजी के चक्कर में कुछ लड़के-लड़कियां पांचवीं और चौथी मंजिल से सीधे नीचे गिरकर चोटिल हो गए। हालांकि एहतियात के तौर पर लोगों ने सड़क पर पानी बोतलों, छात्रों के बैग के ऊपर गददे रख दिए थे।

जिसकी वजह से नीचे गिरने पर भी बच्चों को कम चोट लगी। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस के अलावा दमकल विभाग के कर्मचारी वहां पहुंच गए। पुलिस ने दमकल कर्मियों की मदद से सीढ़ी लगाकर छात्रों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाला लिया। इस हादसे में करीब 70 छात्र चोटिल हुए हैं।

35 छात्रों का अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा इलाज : एमसीडी

घटना पर अपना पक्ष रखते हुए दिल्ली नगर निगम ने कहा कि मुखर्जी नगर इलाके में जिस भवन में आग लगने की सूचना मिली थी। वह इमारत दिल्ली विकास प्राधिकरण की व्यावसायिक इमारत थी। आग ग्राउंड फ्लोर पर बिजली के मीटर के पास शार्ट सर्किट की वजह से लगी थी। तीसरी और चौथी मंजिल पर पढ़ने वाले छात्र पाइप और रस्सी के जरिए नीचे उतरे। रस्सी से नीचे उतरने के कारण छात्रों के हाथ में छाले पड़ गए। वहीं पाइप आग की वजह से गर्म हो गया। इस घटना में 2 छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं जिनका इलाज सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है। दोनों की हालत पहले से बेहतर है। मामूली चोटों वाले लगभग 20 छात्रों का इलाज हिंदू राव अस्पताल में और 15 छात्रों का बाबू जगजीवन राम अस्पताल में इलाज चल रहा है।

आग लगने के बाद बिल्डिंग में फंसे छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर उतरते हुए।

मदद को आए लोग छात्रा को अस्पताल ले जाते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

केजरीवाल ने घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आग की यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ छात्र जान बचने की कोशिश में मामूली रूप से घायल हुए हैं। बाकी सभी छात्र सुरक्षित हैं। घबराने की बात नहीं है, दमकल विभाग द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है। दमकलकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से इमारत में फंसे सभी युवाओं को सुरक्षित निकाल लिया है। करियर आउटलुक इंस्टीट्यूट के फैकल्टी डॉ. संजन कुमार के मुताबिक, आग का कारण नीचे बेसमेंट के मीटर में स्पार्किंग था, कोचिंग संस्थान दूसरे की लापरवाही का शिकार हुआ।

'' आग बिल्डिंग के मीटर में लगी थी। धुंआ ऊपरी मंजिल तक फैल गया जिसके कारण अफरा तफरी मच गई। वहां सिविल सर्विसेस का कोचिंग सेंटर था, कुछ छात्र खिड़की से नीचे आने का प्रयास कर रहे थे। इसमें 3-4 छात्रों को चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। ''
-सुमन नलवा, प्रवक्ता, दिल्ली पुलिस

छात्रों के बैग और किताबों को समेटकर पुलिस थाने में ले जाते लोग।

नीट परीक्षा में सरकारी स्कूलों के 1,074 छात्र सफल

- आरपीवीवी पश्चिम विहार के छात्र पीयूष झा ने हासिल की 100 परसेंटाइल, ईडब्लूएस कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंकिंग में तीसरे स्थान पर किया कब्जा

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस उपलब्धि के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मेडिकल दाखिला परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी 2023 में दिल्ली सरकार के स्कूलों के एक हजार से ज्यादा छात्रों के नीट परीक्षा पास कर इतिहास रच दिया है।

गत चार सालों में नीट पास करने वाले छात्रों की संख्या में दोगुने का इजाफा हुआ है। वर्ष 2020 में सिर्फ 569 सरकारी स्कूलों के छात्रों ने नीट परीक्षा पास की थी। लेकिन अब 2023 में 1074 छात्रों ने सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस उपलब्धि के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है। सीएम ने ट्वीट कर एक फोटो भी साझा की है जिसमें साल 2020 से लेकर 2023 तक नीट परीक्षा पास करने वाले छात्रों का आंकड़ा दिया गया है। अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में छात्रों की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सरकारी स्कूलों के 1074 छात्र नीट की परीक्षा सफल हुए हैं। कुछ साल पहले इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। इस साल लड़कियों ने फिर से लड़कों को पछाड़ा है। नीट परीक्षा में 695 लड़कियां और 379 लड़के परीक्षा में सफल हुए हैं। इस साल नीट क्वालीफाई करने वाले छात्रों की संख्या में न केवल वृद्धि हुई है बल्कि छात्रों के व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी सुधार हुआ है।

इसका एक बेहतरीन उदाहरण आरपीवीवी पश्चिम विहार के पीयूष झा हैं। पीयूष ने परीक्षा में उल्लेखनीय 100 फीसद परसेंटाइल हासिल किया और ईडब्ल्यूएस में ऑल इंडिया रैंक 3 पर काबिज हुए है। स्कूलों से एनईईटी क्वालिफायर में साल-दर-साल वृद्धि केजरीवाल सरकार द्वारा शुरू किए गए शैक्षिक सुधारों के प्रभाव को दिखाती है।

नीट परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों की संख्या में पिछले कुछ वर्षों में लगातार वृद्धि देखी गई है। साल 2020 में 569 छात्रों ने तो 2021 में 496, 2022 में 648 और इस साल 2023 में 1,074 ने क्वालीफाई किया है।

विपक्ष एकजुट नहीं हुआ तो 2024 में शायद आम चुनाव न हो : आप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को दावा कि यदि विपक्षी पार्टियां 2024 के लोकसभा चुनाव में एकजुट नहीं हुईं तो संभव है कि अगली बार देश में चुनाव ही न हो।

दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में यह दावा भी किया कि यदि नरेन्द्र मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री चुने जाते हैं तो संभावना है कि वह संविधान को बदल दें और जब तक वह जीवित रहें तब तक के लिए खुद को देश का राजा घोषित कर दें। पटना में 23 जून को होने वाले विपक्षी दलों की बैठक के लिए आप के मुद्दों के बारे में पूछे जाने पर भारद्वाज ने कहा कि अब बड़ा मुद्दा यह है कि यदि विपक्षी दल एक साथ आकर (2024 का चुनाव) नहीं लड़ते हैं, तो संभव है कि अगली बार देश में चुनाव न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष को रौंद रही है। जिस तरह से विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ सीबीआई, ईडी और आईटी के छापे मारे जा रहे हैं और उन्हें सलाखों के पीछे डाला जा रहा है, ऐसी संभावना है कि यदि नरेन्द्र मोदी 2024 में (फिर से) प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह संविधान को बदल देंगे और घोषणा करेंगे कि वह इस देश के राजा रहेंगे।

युवती की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर डाली, गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 24 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी पूर्व गर्लफ्रेंड के अश्लील वीडियो एवं तस्वीरें कथित रूप से सोशल मीडिया पर पोस्ट करने को लेकर गिरफ्तार किया गया है। वह उसे बदनाम करने तथा उसके परिवार पर दबाव बनाने के लिए ऐसा कर रहा था ताकि परिवार के लोग महिला की उससे शादी कर दें।

पुलिस ने बताया कि आरोपी कुमार अविनाश ने पीड़ित और उसकी मां के मोबाइल फोन नंबर भी सोशल मीडिया पर डाल दिए थे। अविनाश यहां साकेत में रहता है।

पीड़िता ने छह जून को पुलिस से शिकायत की थी कि एक जून से उसके पास कई अज्ञात नंबर से संदेश और फोनकॉल आ रहे हैं और बाद में उसे पता चला कि किसी ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर उसकी फर्जी प्रोफाइल बना दी है। पुलिस ने कहा कि इन सोशल मीडिया मंचों पर पीड़िता के अश्लील वीडियो एवं तस्वीरें भी डाली गई हैं।

केजरीवाल ने एनसीसीएसए की पहली बैठक 20 को बुलाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) की पहली बैठक 20 जून को बुलाई है। इसका गठन केंद्र सरकार ने एक अध्यादेश के जरिए किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने दावा किया कि बैठक में एक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर चर्चा होगी।

केंद्र सरकार ने 19 मई को एक अध्यादेश के जरिए एनसीसीएसए का गठन किया था और इसका मकसद सेवा से जुड़े मामलों पर अपना कार्यपालिका नियंत्रण वापस कायम करना था। प्राधिकरण 11 मई को उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद गठित किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में नौकरशाहों के तबादले और पदस्थापन समेत सेवा से जुड़े मामलों का कार्यपालिका नियंत्रण दिल्ली की चुनी हुई सरकार को दे दिया था।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता वाले एनसीसीएसए में दिल्ली के मुख्य सचिव सदस्य और प्रधान सचिव (गृह) सदस्य सचिव के रूप में शामिल हैं।

- एक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर हो सकती है चर्चा

अध्यादेश के मुताबिक, आईएएस अधिकारियों के तबादले और तैनाती के मामले एनसीसीएसए देखेगा जो पहले उपराज्यपाल के तहत आने वाला सेवा विभाग देखता था।हाल में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अरूणाचल-गोवा-मिज़ोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 10 आईएएस अधिकारियों का तबादला दिल्ली किया है और नवगठित एनसीसीएसए ने अबतक उनकी तैनाती पर फैसला नहीं किया है।

फिलहाल साफ नहीं है कि एनसीसीएसए अपनी पहली बैठक में आईएएस अफसरों की तैनाती के मामले पर चर्चा करेगा या नहीं। अध्यादेश के मुताबिक, एनसीसीएसए के तीन सदस्यों की ओर से फैसले को मंजूरी देने के बाद इसे उपराज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। उपराज्यपाल अगर प्राधिकरण की सिफारिश से सहमति नहीं रखते हैं तो वे तबादले-तैनाती की फाइल एनसीसीएसए को पुन:विचार के लिए लौटा सकते हैं या अपना स्वतंत्र निर्णय ले सकते हैं जो अंतिम होगा। केजरीवाल ने अध्यादेश को उच्चतम न्यायालय के गौरव और शक्ति को सीधी चुनौती करार दिया।

पार्किंग के झगड़े में दो भाइयों पर पड़ोसी ने किया हमला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- किरारी इलाके में स्कूटर खड़ा करने को लेकर हुआ था विवाद

पश्चिमोत्तर दिल्ली के किरारी इलाके में स्कूटर खड़ा करने को लेकर हुए झगड़े में दो भाइयों को उनके पड़ोसी ने कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर दिया।

पुलिस ने बताया कि उसे इस घटना के बारे में रात 12 बजकर तीन मिनट पर सूचना मिली। जब पुलिस दल इंदर एंक्लेव में घटनास्थल पर पहुंचा तब उसे पीड़ित प्रदीप चौधरी ने बताया कि उसे और उसके भाई मनीष कुमार पर गली में स्कूटर खड़ा करने को लेकर हुए झगड़े में पड़ोसी राहुल ने एक धारदार हथियार से वार किया। पुलिस ने बताया कि दोनों भाइयों को मंगोलपुरी के गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया।

शिकायतकर्ताओं के बयान तथा पीड़ितों की चिकित्सा-कानूनी रिपोर्ट के आधार पर प्रेमनगर थाने में मामला दर्ज किया गया है तथा इंदर एंक्लेव निवासी राहुल (24) को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट बनेगा मल्टीस्पेशलियटी अस्पताल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति योगेश सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि डीयू वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट (वीपीसीआई) को मल्टीस्पेशलियटी (बहु विशेषज्ञता वाले) अस्पताल के रूप में विस्तार करने की योजना बना रहा है।

पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट ने भारत सरकार के पास उसे एक पूर्ण चिकित्सा महाविद्यालय के रूप परिवर्तित करने का प्रस्ताव भेजा है। इस इंस्टीट्यूट की स्थापना 1950 के दशक में की गई थी।

सिंह ने कहा, हमारे पास पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट है। हम इसे एक संपूर्ण चिकित्सा महाविद्यालय बनाने की आशा करते हैं, इसलिए पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट ने भारत सरकार को एक पत्र लिखा है। फिलहाल यह एक ही विशिष्टता वाला अस्पताल है। यदि हम उसमें और विषयों को शामिल कर पाएं तो हम आने वाले दिनों में एक

मल्टीस्पेशलियटी अस्पताल खोलेंगे। वीपीसीआई एक स्नातोकोत्तर चिकित्सा संस्थान है तथा यह अनुसंधान, अध्यापन एवं छाती रोगों के रोगियों की देखभाल के प्रति समर्पित है। इसका संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय के हाथों में है तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय इसका पूरा वित्तपोषण करता है। यह संस्थान दिल्ली विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में स्थित है और

- दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति ने विस्तार योजना की दी जानकारी

जरूरी अकादमिक परिवेश प्रदान करता है। वर्ष 1946 में तत्कालीन कुलपति द्वारा गठित समिति ने एक चेस्ट इस्टीट्यूट की स्थापना की सिफारिश की थी। उसी अनुसार कुलपति द्वारा एक प्रस्ताव तैयार कर उसे सरकार को सौंपा गया।

तत्कालीन उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने छह अप्रैल, 1949 को इस संस्थान की आधारशिला रखी। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर ने 12 जनवरी, 1953 को औपचारिक रूप से इस संस्थान का उद्घाटन किया और डॉ आर विश्वनाथन वीपीसीआई के पहले निदेशक बने।

शहर की समस्याओं पर ध्यान दें केजरीवाल : बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से विपक्षी नेताओं के दरवाजे पर जाने की बजाय राजधानी की समस्याओं पर चिंता करने की सलाह दी है। बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी मिलने का समय नहीं दे रहे। पहले लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता अब विपक्षी एकता की गुहार लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में भीषण गर्मी के दौरान पानी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। मुनक नहर के टूटने से आधी दिल्ली प्यासी है। दिल्ली में मानसून से पहले सिर्फ 30 फीसदी नालों की सफाई हुई है। नई बसें न आने से दिल्ली का पब्लिक ट्रांसपोर्ट दम तोड़ चुका है और बसों में आग लगने की घटनाएं रोज हो रही हैं।

प्रदूषण पर नियंत्रण करने में सरकार नाकाम रही है। समस्याओं पर ध्यान देने की बजाय केजरीवाल पर इन दिनों विपक्षी दलों की एकता में जुटे हुए हैं।

आईजीआई एयरपोर्ट और द्वारका इलाके में नहीं होगा जलभराव

- आईजीआई एयरपोर्ट ड्रेन का 95 प्रतिशत काम पूरा, जुलाई तक हो जाएगा चालू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इस मानसून सीजन में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और द्वारका क्षेत्र को जलभराव से राहत मिलेगी। दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जा रहे आईजीआई हवाई अड्डा ड्रेन के निर्माण का 95 फीसदी काम पूरा हो गया है और जुलाई तक यह पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बृहस्पतिवार को एयरपोर्ट ड्रेन पर हुई प्रगति का जायजा लिया। मानसून के समय द्वारका और हवाई अड्डे के आसपास के लोग जलभराव की समस्या का सामना करते रहे हैं। इसे दूर करने के लिए एयरपोर्ट ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पिछले साल नवंबर से लगातार इस पर हो रहे कार्य की निगरानी करते रह हैं। यहां पर 2.5 किलोमीटर लंबी, बीस मीटर चौड़ी और दो मीटर गहरा नाला बनाया जा रहा है। जिसका 95 फीसदी तक काम पूरा हो गया है और जुलाई तक इसे तैयार कर लिया जाएगा। वर्ष 2019 से यह परियोजना पेड़ काटने व अन्य जगहों पर पेड़ों को रोपित करने की अनुमति नहीं मिलने की वजह से अटकी हुई ती। उप राज्यपाल के हस्तक्षेप के बाद पेड़ों को अन्यत्र रोपित करनेकी अनुमति दी गई और 20 नवंबर से नाले का काम शुरू हुआ। यह काम रिकॉर्ड समय में पूरा हो सके इसके लिए उपराज्यपाल ने एक अनौपचारिक समिति गठित की, जिसमें सदस्य इंजीनियरिंग (डीडीए), महाप्रबंधक (उत्तरी रेलवे) और डीआईएएल के एक वरिष्ठ कार्यकारी शामिल हैं, जिन्होंने लगातार प्रयासों के साथ परियोजना को निष्पादित किया और जिसकी एलजी लगातार निगरानी करते रहे।

क्षेत्र में जल निकासी की समस्या से आईजीआई हवाई अड्डे पर तेज बारिश में जल जमाव की समस्या होती है। व्यस्त सड़कों पर इससे होने वाले ट्रैफिक जाम से द्वारका के विभिन्न सेक्टरों के हजारों लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया था। यह प्रमुख जल निकासी परियोजना एलजी के मार्गदर्शन में डीडीए द्वारा पूरी की जा रही है, जो आईजीआई हवाई अड्डे से नजफगढ़ नाले तक बारिश के पानी के बहाव को नियंत्रित करेगी। एलजी के प्रयासों से विभिन्न एजेंसियों के बीच तालमेल और कार्यों का तेजी से निष्पादन सुनिश्चित हुआ है।

नाले के निर्माण के साथ ही डीडीए द्वारा द्वारका क्षेत्र में पांच जलाशयों का भी निर्माण किया गया है। जिनका उपयोग मानसून के दौरान वर्षाजल के भंडारण के लिए किया जाएगा। चार मीटर तक की गहराई वाला यह जलाशय 12.20 करोड़ लीटर पानी का संग्रह कर सकता है। इससे सड़कों पर जलभराव को भी रोका जा सकेगा। जबकि, भूमिगत जल के संभरण में भी इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

एनडीएमसी 8 स्थानों पर लगाएगा योग शिविर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता के लिए 17 से 20 जून तक चलेगा कार्यक्रम

कोरोना महामारी के कारण चार साल बाद अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पूरी दिल्ली योगमय होगी। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद इलाके के आठ स्थानों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

मुख्य कार्यक्रम कर्तव्य पथ पर होगा। आयोजन को सफल बनाने के मकसद से एनडीएमसी 17 से 20 जून तक तीन प्रमुख स्थानों पर रोजाना सुबह 6 बजे से 8 बजे तक योग दिवस के बिल्ड अप कार्यक्रम के तहत योग शिविरों का आयोजन करेगा। पालिका परिषद, आयुष मंत्रालय और आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योग समिति और गायत्री परिवार जैसे सहयोगी योग संस्थानों के साथ नेहरू पार्क, लोधी गार्डन और तालकटोरा गार्डन जैसे अपने तीन प्रमुख उद्यानों में आम लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए इन बिल्ड-अप कार्यक्रमों का आयोजन कर किया जा रहा है। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिदिन योग सत्र आयोजित करेगी। एनडीएमसी ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को तीन स्थानों के लिए नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया है, जो सभी व्यवस्थाओं की देख रेख करेंगे। ये नोडल अधिकारी, योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था और आम जनता को भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए योग संस्थानों के साथ समन्वय भी करेंगे। पालिका परिषद अपने अधिकार क्षेत्र में 8 स्थानों पर इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएगी, जिसमें नेहरू पार्क, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, कर्तव्य पथ, न्यू मोती बाग, संजय झील, सिंगापुर पार्क और सेंट्रल पार्क कनॉट प्लेस, पतंजलि योग समिति, गायत्री परिवार, मोरारजी देसाई संस्थान, ईशा योग केंद्र, योग संस्थान, अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ और भारतीय योग संस्थान के साथ सहयोगी के रूप में शामिल हैं।

मेडिकल कॉलेज कोरियावास का नाम बाबा खेतानाथ के नाम पर रखने की मांग उठी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल को गुरुग्राम में सौंपा महेंद्रगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र

मुख्यमंत्री मनोहर लाल को गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मांगपत्र सौंपते हुए महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधिमंडल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

महेंद्रगढ़ जिला के गांव कोरियावास में बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बाबा खेतानाथ के नाम पर रखने की मांग की गई। इस बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक तौर पर विचार करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने सबसे पहले महेंद्रगढ़ जिला में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान महेंद्रगढ़ जिला में शिक्षा के तंत्र व ढांचागत सुविधाओं को विस्तार मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि बाबा खेतानाथ के प्रति महेंद्रगढ़ जिला में बड़ी आस्था है और मेडिकल कॉलेज का नाम रखने से इस संस्थान के प्रति लोगों को जुड़ाव बढ़ेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि संत-महापुरुषों का सम्मान व उनके विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य वर्तमान सरकार कर रही है। संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत राजकीय स्तर महापुरुषों की जयंती व उनसे जुड़े दिवसों को मनाया जा रहा है। इसके साथ ही सबका साथ-सबका विकास की भावना पर आगे बढ़ते हुए हरियाणा सरकार सभी जिलों के समग्र विकास की दिशा में काम कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव, मुख्यमंत्री के पब्लिक सेफ्टी सलाहकार अनिल कुमार राव, डीसी निशांत कुमार यादव के साथ महेंद्रगढ़ जिला के विभिन्न गांवों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

डीएलएसए ने हितधारकों के साथ बैठक कर विभिन्न विषयों पर की चर्चा

गुरुग्राम। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने गुरुग्राम में कार्यरत विभिन्न विभागों पुलिस, लेबर, बाल कल्याण, बाल संरक्षण, पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, बीमा कंपनियों के नोडल अधिकारियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड लेबर के खिलाफ कानून, किशोर न्याय अधिनियम, तथा मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट एवं रूल्स जैसे विषयों पर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम बचपन बचाओ आंदोलन और शक्ति वाहिनी एनजीओ के सहयोग से आयोजित किया गया। बैठक में शक्ति वाहिनी एनजीओ से अरुण शर्मा ने चाइल्ड लेबर कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उससे जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं पर हितधारकों से उनके विचार लिए। इस दौरान पॉक्सो एक्ट और किशोर न्याय अधिनियम पर अधिवक्ता मुनमुन गोयल ने हितधारकों को जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। मोटर व्हीकल अमेंडमेंट एक्ट एवं रूल्स पर अधिवक्ता अरुण शोकीन ने पुलिस आधिकारियों और बीमा कंपनियों को जानकारी दी व अमेंडमेंट के तहत दिये गये फार्म उपलब्ध कराए।

संक्षिप्त समाचार

राजकीय स्कूल के ताले तोड़कर कीमती सामान चोरी

भोगपुर मंडी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में हुई चोरी के दौरान तोड़ा ताला।

सोहना। भोगपुर मंडी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला के रसोई और कमरे के ताला तोड़ सामान चोरी हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने स्कूल प्रभारी व शिक्षा विभाग को दी। स्कूल प्रधानाध्यापक ने चोरी होने के 48 घंटा बाद भी चोरी की शिकायत पुलिस को दर्ज नहीं कराई। एक जून से प्रदेश के सभी राजकीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की छुट्टियां चल रही हैं। इस दौरान खंड के गांव भोगपुर मंडी में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला की रसोई व कमरा का ताला तोड़कर चोरी हो गई। स्कूल में यह चोरी मंगलवार की रात में हुई। लेकिन स्कूल प्रभारी जसवीर सिंह द्वारा हुई चोरी की शिकायत सदर थाना सोहना में 48 घंटा बीत जाने के बाद भी नहीं दी गई। स्कूल प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया कि स्कूल की रसोई से गैस सिलेंडर, भगौना, चूल्हा तथा स्कूल परिसर के एक कमरे में रखा रेडियो जैसा उपकरण चोरी हो गया। गांव के निवासी प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले करीब 8 माह पहले स्कूल में तैनात चौकीदार की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद से स्कूल में चौकीदार का पद खाली पड़ा है। इसलिए स्कूल की छुट्टी होने के बाद यहां की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है।

मुकुल सिंगला ने एनईईटी की परीक्षा उत्तीर्ण कर 251वीं रैंक प्राप्त की

सोहना। सोहना के राजकीय संस्कृत मॉडल स्कूल के विद्यार्थी ने नीट की परीक्षा पास कर जिला गुरुग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसने सामान्य वर्ग में ऑल इंडिया में 2872 रैंक प्राप्त की है। उसे आल इंडिया रैंक 251वीं प्राप्त हुई है। स्थानीय राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि उनके विद्यार्थी मुकुल सिंगला ने उनके विद्यालय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद नीट की परीक्षा दी थी। मुकुल सिंगला ने एनईईटी परीक्षा में 99.85 फीसदी अंक प्राप्त करते हुए अपना, अपने परिजन, गुरुजन, स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुरेन्द्र वर्मा बताया कि मुकुल सिंगला देश के किसी भी कॉलेज से एमीबीएस की पढ़ाई कर सकता है। मुकुल सिंगला की इस उपलब्धि से खुश होकर जिला शिक्षा अधिकार इंदू बोकन ने भी फोन करके बधाई दी। सोशल मीडिया से भी मुकुल सिंगला को सूचना मिलने के साथ ही स्थानीय नागरिकों से लेकर उनके रिश्तेदार व मित्रजनों ने बधाई संदेश देने शुरू कर दिए हैं। वहीं मुकुल सिंगला ने इस उपलब्धी के लिए अपने माता-पिता समेत गुरुजनों का मार्गदर्शन व प्रेरणा को सराहा है।

मिट्टी चोर माफियाओं ने खनन कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

सोहना। खंड के गांव सांचौली में मिट्टी चोर माफियाओं ने खनन विभाग की टीम पर जमालेवा हमला करते हुए सरकारी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपी चोरी से मिट्टी उठा रहे थे। जिनके खिलाफ खनन विभाग के निरीक्षक की शिकायत पर सदर थाना सोहना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बुधवार को खनन विभाग को सूचना मिली कि गांव सांचौली में मिट्टी चोरी माफि या अवैध खनन करके मिट्टी चोरी कर रहे हैं। निरीक्षक भानुप्रताप के नेतृत्व में गठित टीम नरेन्द्र पाल-खनन निरीक्षक, अनिल कुमार, धर्मबीर, सोमबीर खनन रक्षक, तरुण वाहन चालक व संदीप सिपाही सायं करीब साढ़े चार बजे बताए स्थान पर पहुंच गए। जहां से माफिया जेसीबी लगाकर डंपर में चोरी की मिट्टी भर रहे थे। टीम को देख अलग-अलग बाइकों पर 10 से 12 व्यक्ति मौके पर आए। उन्होंने सभी कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने सरकारी गाड़ी पर हमला करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपियों ने दोबारा से जांच के लिए आने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।

सीसीटीवी और जलभराव का जल्द होगा समाधान : सांसद

सोहना। गुरुग्राम से सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि कोविड काल में छूटी जनसमस्याओं को पूरा करने के लिए भाजपा के विधायक व सांसद अब दौरा करके पूरा कराएंगे। सोहना में जलभराव की समस्या को बारिश के मौसम से पहले ही समाप्त किया जाएगा। शहर में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे व सोलर लाइट की सुविधा दी जाएगी। जिसके लिए सांसद ने अपने निजी कोष से 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। गुरुवार को शहर की पंजाबी धर्मशाला में भाजपा के गुरुग्राम से सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर भाजपा की जिला अध्यक्ष गार्गी ककड़, सोहना मंडल अध्यक्ष गौरव चुग, महिला मंडल समेत अन्य नेता, व्यापारियों में सुभाष बंसल, हरीश नंदा, सुरेश मदान आदि मौजूद थे। इस अवसर पर सांसद के समक्ष स्थानीय व्यापारियों ने तीन प्रमुख मांगें रखी। जिनमें शहर में बरसात के मौसम में जलभराव, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे तथा स्ट्रीट लाइट को रात्रि के समय बिजली की आंख मिचौली को दूर करने के लिए। इस अवसर पर सांसद राव इन्द्रजीत ने बताया कि भाजपा आलाकमान का आदेश है कि सभी विधायक व सांसद अपने-अपने कार्य क्षेत्र में जाए और जनसमस्याओं का निपटान करके। कोविड काल के बाद से सामुहिक जनसमस्याएं बढ़ी है। इसलिए आगामी लोक सभा व विधानसभा चुनाव तक लोगों के बीच जाकर जनसमस्याओं को समय पर पूरा कराना होगा। राव इन्द्रजीत ने भाजपा सरकार में सामुहिक रुप से फैसले लिए जाते है। जजपा से गठबंधन तोड़ने व न तोड़ने का फैसला पार्टी का जो सार्वसम्मति होगा। वहीं फैसला उनका निजी तौर पर भी होगा। स्थानीय व्यापारियों द्वारा रखी गई सभी तीन समस्याओं का जल्द ही निदान होगा।

नवीन गोयल के निवेदन पर मुख्य सचिव ने गोवंश की सुरक्षा को लेकर शुरू की कार्यवाही

नवीन गोयल व मुख्य सचिव द्वारा भेजा गया पत्र।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

गुरुग्राम की सड़कों से गोवंश को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के निवेदन पर हरियाणा सरकार ने कार्यवाही शुरू कर दी। हरियाणा के मुख्य सचिव की ओर से उन्हें पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी गई।

मुख्य सचिव हरियाणा सरकार के शिकायत विभाग की ओर से हरियाणा गो सेवा आयोग के चेयरमैन को प्रेषित पत्र क्रमांक 425/3/2023-1 डीजी के माध्यम से गुरुग्राम में सड़कों पर घूमते गो वंश को लेकर सकारात्मक कार्यवाही की गई है। नवीन गोयल को जानकारी देते हुए गो सेवा आयोग को कहा गया है कि इस मामले में नियमानुसार उचित कार्यवाही शीघ्र की जाए। गौरतलब है कि गऊरक्षा हिन्दू दल की ओर से 17 अप्रैल को गऊ रक्षा हिन्दू दल के जिला उपाध्यक्ष हिमांशु राजपूत, जिला महासचिव शुभम राजपूत, कार्यकारिणी सदस्य रोहित ठाकरान, मनीष ठाकरान, विष्णु गुर्जर, अंकित यादव, रिश्व प्रजापति, तरुण यादव, लोकेश नेहरा, नितिन सैनी, कमल कुमार, दीपक, जोगिंद्र, विनय यादव आदि ने नवीन गोयल को इस विषय पर पैरवी करने का आग्रह किया था। नवीन गोयल ने सरकार को पत्र भेजा था, जिस पर कार्यवाही शुरू हुई है।

सरकार तक बात पहुंचाने के लिए गोरक्षक दल ने जताया नवीन गोयल का आभार

के उपाध्यक्ष पूर्ण यादव लोहचब ने कहा कि सड़कों से गौधन को सुरक्षित करने के लिए आयोग ने स्कीम तैयार की है। गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में इस स्कीम पर काम होगा। हरियाणा में गौवंश सुरक्षित हो, यह प्रयास आयोग लगातार कर रहा है। जो स्कीम बनाई है, इसके टेंडर होंगे। गौशालाओं को सड़कों से गोवंश को सुरक्षित करने के लिए अलग से फंड जारी होगा। मुख्य सचिव को भी पत्र के माध्यम से इस स्कीम के बारे में सूचित कर दिया गया है।

गुरुग्राम समेत हरियाणा के लिए बनाई है स्कीम: पूर्ण यादव

गोरक्षा के लिए नवीन गोयल के प्रयासों पर आभार : नीटू राठी

गो रक्षा दल हरियाणा के सदस्य नीटू राठी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि हरियाणा के मुख्य सचिव की ओर से गौरक्षा के लिए कदम उठाया गया है। उन्होंने नवीन गोयल का भी आभार जताया, जिन्होंने उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाया। गोरक्षा दल हरियाणा यही चाहता है कि गौधन सड़कों पर ना घूमे। गोहत्या और गौतस्करी का सबसे बड़ा कारण भी यही है कि गोधन सड़कों पर बेसहारा घूमता है। सड़क दुर्घटनाएं भी होती हैं, जिससे गोवंश और व्यक्तियों को नुकसान होता है।

बेहतर कल के लिए जल, बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी : बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में साप्ताहिक संगीतमयी योग शिविर का हुआ शुभारंभ

गुरुग्राम में साप्ताहिक संगीतमयी योग शिविर में पहुंचे अतिथि।

पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने ओम योग संस्थान और जीएवी इंटरनेशनल स्कूल के साथ मिलकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सेवा गतिविधियों के तहत साप्ताहिक संगीतमयी योग शिविर का शुभारंभ किया। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में योगीराज डॉक्टर ओ3म् प्रकाश के सानिध्य में और स्कूल के निदेशक प्रदीप कौशिक की उपस्थिति में शिविर शुरू हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त निशांत यादव ने शिरकत की।

योग शिविर के प्रथम दिवस पर योग शिक्षक राजपाल आहूजा, महानगर संघ चालक जगदीश ग्रोवर पीएन मोंगिया, कन्हैया लाल आर्य, अशोक आर्य, प्रमोद सलूजा, राम लाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज भी मौजूद रहे। योगीराज ओमप्रकाश ने योग का आध्यात्मिक महत्व बताया। दूसरी ओर संगीतमय माहौल में अलग-अलग प्राणायाम की विधियों से साधकों को अवगत करवाया और आसन की कई क्रिया करवायी। उपायुक्त ने अपने संबोधन में पानी के संचय पर बल दिया। बोधराज सीकरी ने कहा कि जल है तो कल है। अत: हमें जल का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। मंच से बोधराज सीकरी ने घोषणा की कि कल से और अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की जायेगी। स्वामी ओमप्रकाश ने योग के प्रति लोगों के दिलों में आस्था प्रकट की। मंच से पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी ने आए हुए गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। अशोक आर्य प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा का सात दिन पानी की व्यवस्था और रमेश कुमार का आयुर्वेदिक चाय व काढ़ा की सेवा के लिए आभार प्रकट किया गया। उपायुक्त ने बिरादरी के प्रधान से आग्रह किया कि आप सभी 21 तारीख को प्रशासन द्वारा आयोजित योग दिवस के दिन सम्मिलित हों, जिसे बोधराज सीकरी ने स्वीकार किया। कार्यक्रम में पतंजलि योग संस्थान की प्रभारी मंजु शर्मा सभी साधकों के साथ उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त रमेश कामरा, रमेश कालरा, ओपी कालरा, रमेश मुंजाल, अनिल कुमार, बलदेव गुगलानी, रामलाल ग्रोवर, साहिब सिंह सोलंकी, ज्योत्सना बजाज, रचना बजाज, सुषमा आर्य, ज्योति वर्मा, रवि मनोचा, सीपी रहेजा, सुरेंद्र खुल्लर आदि की उपस्थिति रही।

भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

2014 में जब भाजपा ने सत्ता संभाली थी, उस समय अप्रभावी नीतियों, विलंबित परियोजनाओं और बैंकिंग सेक्टर पर मंडराते बैड लोन के माहौल में सरकार से बहुत ज्यादा अपेक्षाएं थीं। उस समय पूरे विश्व में भारतीय अर्थव्यवस्था को 'कमजोर' माना जा रहा था। लेकिन आज यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि आर्थिक मोर्चे पर हमारा प्रदर्शन आशावादी अपेक्षाओं से भी बेहतर रहा है। पिछले 9 साल आर्थिक वृद्धि दर को बनाए रखने के लिए आसान नहीं थे।

विश्व विकट चुनौतियों और विपरीत परिस्थितियों, जैसे कोविड, रूस यूक्रेन युद्ध, चीन-अमेरिका टकराव, बढ़ती महंगाई, बढ़ती ब्याज दर और कमजोर मुद्रा एवं विकसित देशों में मंदी के दौर से गुजर रहा था। भारत ने इन सभी चुनौतियों को पार भी किया, और एक 'शक्तिशाली' देश भी बनकर उभरा। समाचार की सुर्खियों में राजनैतिक, सामाजिक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे छाए रहे और हमारी अर्थव्यवस्था इन सबके साथ किस प्रकार रेंग रही है, इस बारे में अस्पष्टता रही। पिछले 9 सालों में भारत द्वारा 'रिफॉर्म, परफॉर्म, एंड ट्रांसफॉर्म (सुधार, कार्य, और परिवर्तन लाने) के माध्यम से भौतिक, वित्तीय, टेक्नोलॉजिकल, डिजिटल और प्रशासनिक ढांचा मजबूत करने पर केंद्रित रहने का परिणाम मिलना शुरू हो गया है। भौतिक और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में पिछले 9 सालों में राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई लगभग दोगुनी होकर 1,45,000 किलोमीटर तक पहुंच चुकी है, ब्राडबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 15 गुना बढ़कर 85 करोड़ को पार कर गई है, और 2022 में डिजिटल विनिमय 149.5 लाख करोड़ रुपये के थे। बिजली निर्माण की क्षमता दोगुनी से ज्यादा हो गई है। पोर्ट और एयरपोर्ट के इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी काफी सुधार हुआ है। निर्मल जैन, फाउंडर, आईआईएफएल समूह के अनुसार, ''देश को विकास करने में मदद करते हुए बैंकों ने सबसे अच्छा कैपिटल एडिक्वेसी और लाभ दर्ज किया, जिसका कारण बैड लोन का तेजी से समाधान और पीएसयू बैंकों का कान्सोलिडेशन कर कुछ बड़े बैंकों का निर्माण था। परिवर्तनशील पूंजी बाजारों से घरेलू बचत को उत्पादक कार्यों में लगाने में मदद मिली। कॉरपोरेट्स ने अपना कर्ज कम कर अपनी बैलेंस शीट्स को मजबूत बनाया। चालू खाता घाटे में कमी आई और मुद्रा में बाहरी झटकों के प्रति काफी सहनशीलता देखने को मिली। अप्रैल 2023 में जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 1.87 लाख करोड़ रु. तक पहुंच गया। टैक्स और जीडीपी के अनुपात में भी सुधार होता रहा। पिछले दशक में एफडीआई फ्लो 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो उससे पिछले दशक की इसी अवधि के मुकाबले दोगुना था। सरकार के खर्च में केपेक्स का हिस्सा काफी ज्यादा रहा।

सफाई कर्मचारियों के पीएफ संबंधी मामलों का होगा समाधान

गुरुग्राम। सफाई कर्मचारियों के पीएफ संबंधी मामलों के समाधान के लिए निगमायुक्त पीसी मीणा ने गुरुवार को पीएफ कमिश्नर के साथ बैठक की। बैठक में नगर निगम एवं पीएफ कमिशनर कार्यालय के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2014 से 2017 तक का जिन सफाई कर्मचारियों की पीएफ की राशि उनके खातों में जमा नहीं हुई है, उनका समाधान किया जाएगा। पीएफ अधिकारियों ने कहा कि जिन कर्मचारियों की केवाईसी अपडेट नहीं है, उनके पैन नंबर, आधार नंबर तथा बैंक खाता डिटेल उपलब्ध करवाएं, ताकि केवाईसी अपडेट करके पीएफ राशि उनके खातों में जमा की जा सके।

निगमायुक्त पीसी मीणा ने कहा कि संबंधित कर्मचारियों के दस्तावेज शीघ्र एकत्रित करें। इसके अलावा जिन कर्मचारियों की आयु संबंधी त्रुटियां हैं, उनका भी समाधान करने का निर्णय बैठक में लिया गया।

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस पहला जनरल इंश्योरेंस फेस्टिवल ऑफ इंडिया को आयोजित करेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत के प्रमुख निजी सामान्य बीमाकर्ताओं में से एक बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस, जनरल इंश्योरेंस फेस्टिवल ऑफ इंडिया (जीआईएफआई) की मेजबानी करेगा, जो बीमा उद्योग में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। इस एक दिवसीय आयोजन में प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा प्रेरक सत्र, एक लाइफस्टाइल क्षेत्र, प्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम द्वारा लाइव कार्यक्रम, कॉमेडियन सुनील ग्रोवर द्वारा एक मनोरंजन का वर्ग और कई अन्य अनुभवात्मक गतिविधियों जैसी विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियां शामिल होंगी। फेस्टिवल के हिस्से के रूप में, कंपनी ने सामान्य बीमा एजेंटों के लिए ''जीआईएफआई अवार्ड्स'' नामक एक पुरस्कार समारोह की भी घोषणा की है, जहां पूरे उद्योग में स्वास्थ्य और सामान्य बीमा सलाहकार खुद को जीआईएफआई पुरस्कारों के लिए नामांकित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम 3 जुलाई 2023 को पुणे में आयोजित किया जायेगा। यह कंपनी भारत में उच्चतम श्रेणी के सामान्य बीमा एजेंटों को मान्यता प्रदान करने और सामान्य बीमा उद्योग के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और जुनून का सम्मान करने के लिए भारत में जीआईएफआई अवार्ड्स प्रदान करने वाली पहली कंपनी होगी। इस आयोजन के निर्णायक डॉ. एस प्रकाश, प्रबंध निदेशक, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस, एलिस जी वैद्यन, पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया, और श्री नीलेश साठे, पूर्व सदस्य, आईआरडीएआई होंगे। कंपनी नीचे सूचीबद्ध श्रेणियों के लिए स्वयं को नामांकित करने के लिए पूरे भारत के सामान्य एवं स्वास्थ्य बीमा उद्योग के सलाहकारों को आमंत्रित कर रही है:

1. भारत का सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य बीमा सलाहकार
2. भारत का सर्वश्रेष्ठ वाहन बीमा सलाहकार
3. भारत में सर्वश्रेष्ठ संपत्ति बीमा सलाहकार
4. भारत में सर्वश्रेष्ठ मल्टीलाइन बीमा सलाहकार
5. भारत में सर्वश्रेष्ठ महिला बीमा सलाहकार

जीआईएफआई पुरस्कारों के लिए स्वयं को या किसी सलाहकार को नामांकित करने के लिए, आप वेबसाइट https://www.generalinsurancefestivalofindia.com/ पर उपलब्ध नामांकन फॉर्म को ऑनलाइन भर सकते हैं। नामांकन 14 जून 2023 से खुले रहेंगे, जहाँ एजेंट पात्रता के उल्लिखित मानदंडों के अनुसार कई श्रेणियों में नामांकन दाखिल कर सकते हैं। एजेंटों को 23 जून 2023 की समय सीमा से पहले फॉर्म भरना होगा और श्रेणी के अनुसार विवरण जमा करना होगा। इस पेशकश के बारे में बोलते हुए तपन सिंघल, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने कहा, ''सलाहकार बीमा उद्योग का आधार होते हैं। वे ग्राहकों को सबसे अच्छी सलाह देने के लिए होते हैं और उनके सबसे मुश्किल समय में उनका मार्गदर्शन करने के लिए उनके साथ खड़े होते हैं। हम इन सलाहकारों के प्रयासों का जश्न मनाना और उन्हें सम्मानित करना चाहते थे, जो समाज में वास्तविक परिवर्तन को संभव बनाते हैं।

निरंकारी कॉलेज में 17 जून से होंगे ऑनलाइन दाखिले

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

स्थानीय निरंकारी कॉलेज में वर्ष 2023-24 के नये सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया की कवायद शुरू कर दी है। निरंकारी कॉलेज में दाखिले 17 जून से होंगे। दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन नियम के तहत किये जायेंगे। दाखिले स्नातक कक्षाओं के होंगे।

हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग ने कार्यक्रम निर्धारित करके आदेश जारी कर दिए हैं। इससे पूर्व विभाग ने पांच जून से दाखिला शुरू करने का ऐलान किया था, किंतु ये प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल कॉलेज में वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। दाखिले स्नातक कक्षाओं के लिए किये जायेंगे। विद्यार्थी 17 जून से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को मैरिट के अनुसार दाखिला मिलेगा। कॉलेज में विद्यार्थी बीए, बीकॉम, बीएससी, बीकॉम ऑनर्स, एमए, एमकॉम, बीएससी नॉन मैडिकल, बीबीए, बीसीए में दाखिला ले सकते हैं।

ये है दाखिला कार्यक्रम: निरंकारी कॉलेज में दाखिला कार्यक्रम इस प्रकार होगा। विद्यार्थी अपने आवेदन 17 जून से 28 जून तक ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। कॉलेज द्वारा 17 जून से 30 जून तक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। तत्पश्चात 5 जुलाई से 20 जुलाई तक मैरिट सूचियां जारी की जाएंगी। विद्यार्थियों को दाखिला फ ीस उसी दिन जमा करनी होगी। शैक्षणिक कार्य 21 जुलाई से प्रारंभ होगा।

ये दस्तावेज होंगे जमा: विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, फ ोटो, चरित्र प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, दसवीं मार्कशीट, बारहवीं मार्कशीट आदि जमा करने होंगे। जबकि अनुसूचित विद्यार्थियों को इन दस्तावेजों के अलावा बैंक एकाउंट, इनकम सर्टिफि केट, एससी सर्टिफिकेट भी जमा करने होंगे।

डाबर पुदीन हरा फिज ने नौचंदी मेला में एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स नाम दर्ज किया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड के जाने-माने हेल्थकेयर ब्राण्ड डाबर पुदीन हरा फिज ने नौचंदी मेला में पुदीन हरा फिज़ डेमोन्स्ट्रेशन जोन के शानदार इन्स्टॉलेशन के साथ एशिया एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कर लिया है। मेरठ में आयोजित होने वाला नौचंदी मेला देश के सबसे रंगीन और रोचक मेलों में से एक है, जो एक महीने तक चलता है।

इस पहल के बारे में बात करते हुए अजय सिंह परिहार, सीनियर जीएम मार्केटिंग, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा, ''सबसे भरोसेमंद हेल्थकेयर कंपनी होने के नाते डाबर उपभोक्ताओं की रोजमर्रा की स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गर्मियों के बढ़ते तापमान के बीच आम लोगों की एसिडिटी एवं गैस की परेशानियों को हल करने के उद्देश्य से पुदीन हरा फिज ने नौचंदी मेला में डेमोन्स्ट्रेशन ज़ोन लगाया है। इस ज़ोन में पुदीन हरा पाउडर्ड एंटासिड की विशाल आकार की फंक्शनल प्रेजेन्टेशन पेश की गई है। हमारी टीम रोजाना पुदीन हरा फिज़ के 2000 से अधिक ?सैंपल लोगों तक पहुंचा रही है जो एसिडिटी और गैस की परेशानी से तुरंत राहत देता है।'

23 फीट×10 फीट क्षेत्रफल में लगाए गए इस डेमोन्स्ट्रेशन ज़ोन ने मेले में आने वाले आगंतुकों को वैलनैस का बेहतरीन अनुभव प्रदान किया। पुदीन हरा फिज के इस ज़ोन में आगंतुकों को प्राकृतिक थेरेपियों के बारे में जानने का इंटरैक्टिव अनुभव मिला।

'मेले ने पुदीन हरा फिज के लिए बेहतरीन प्लेटफॉर्म की भूमिका निभाई, इस मंच के माध्यम से उपभोक्ताओं को बताया गया कि किस तरह यह पेट की परेशानियां से तुरंत राहत देता है। मेले में पुदीन हरा फिज़ ने रिकॉर्ड तोड़ने वाला डेमोन्स्ट्रेशन ज़ोन लगाया, जहां दर्शकों को इस प्रोडक्ट के फायदों के बारे में जानकारी दी गई।' डाबर इंडिया लिमिटेड में एजीएम मार्केटिंग श्री अमित गर्ग ने कहा।

'हमें खुशी है कि अपने सबसे बड़े डेमोन्स्ट्रेशन जोन के लिए हमने यह रिकॉर्ड बनाया है, जो बताता है कि किस तरह से आप पेट की समस्याओं से तुरंत राहत पा सकते हैं। हमारे ये प्रयास उपभोक्ताओं के पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उनके जीवन में सुधार लाने के हमारे प्रयासों की पुष्टि करते हैं। हम मेले में आने वाले आगंतुकों के प्रति आभारी हैं, ?जिन्होंने इस जोन और हमारे दृष्टिकोण को खूब पसंद किया।'

केसीएम वर्ल्ड स्कूल की कीर्ति ने एमबीबीएस की परीक्षा में 700 अंक लेकर बनाया कीर्तिमान

स्कूल के अन्य छात्रों ने अच्छे अंक लेकर सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेजों के दाखिला सुनिश्चित किया

कीर्ति को मिठाई खिलाते उनके माता पिता।

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

एमबीबीएस के लिए नीट की परीक्षा में केसीएम वर्ल्ड स्कूल के 11 छात्रों ने 600 से अधिक अंक लेकर देश के सर्वश्रेष्ठ सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अपना स्थान सुनिश्चित कर किया। इन छात्रों में कीर्ति कंसल ने सर्वाधिक 700 अंक लेकर जिला पलवल में प्रथम स्थान व पूरे देश में 17 वीं (कैटेगरी रैंक) तथा 275वीं आल इंडिया रैंक प्राप्त की है। इस प्रकार कीर्ति ने देश की सर्वोच्च मेडिकल शिक्षण संस्थान एम्स, दिल्ली में अपना दाखिला सुनिश्चित कर लिया है। इसके अतिरिक्त नैंसी ने 660, आर्यन कंसल ने 646, संगीता ने 641, मोक्ष ने 632, अभिनव ने 626, दक्ष सहरावत ने 615, नेहा ने 607, हिमांशु ने 604, साक्षी गौर ने 602, आरती व लता ने 602 अंक प्राप्त किए हैं। यह सभी विद्यार्थी देश के विभिन्न सरकारी मेडिकल संस्थानों से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करेंगे। इसके अलावा विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने 500 से 600 के बीच में अंक प्राप्त करके नीट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के मेडिकल संकाय के अनुभवी शिक्षकों की मेहनत व विद्यार्थियों के सतत प्रयास तथा अभिभावकों के विद्यालय पर दृढ़ विश्वास को दिया।

केसीएम वर्ल्ड स्कूल की कीर्ति ने नीट की परीक्षा में किया जिला टॉप : केसीएम वर्ल्ड स्कूल की कीर्ति ने एमबीबीएस के लिए नीट की परीक्षा में 700 अंक प्राप्त करके पूरे पलवल जिले का नाम रोशन किया है।

कीर्ति ने न केवल यह परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की है, बल्कि कैटेगरी रैंक 17 तथा ऑल इंडिया रैंक 275 प्राप्त करके देश के सर्वोच्च मेडिकल शिक्षण संस्थान ऐम्स दिल्ली में अपना दाखिला सुनिश्चित किया है। पुन्हाना निवासी कीर्ति के पिता कैलाश कंसल पेशे से व्यापारी हैं तथा माता ऊषा कंसल गृहिणी हैं।

कीर्ति की बड़ी बहन टीया कंसल भी केसीएम वर्ल्ड स्कूल से ही आईआईटी की परीक्षा पास कर आईआईटी बीएचयू में शिक्षा प्राप्त कर रही है। कीर्ति के माता पिता ने बताया कि बचपन से ही कीर्ति अत्यंत प्रतिभाशाली छात्रा रही है। उसने 10वीं तथा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में भी अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बचपन से ही उसके जीवन का उद्देश्य देश के सर्वोच्च मेडिकल इंस्टीट्यूट से शिक्षा प्राप्त करके डॉक्टर बना रहा है और अपनी कड़ी मेहनत से तथा विद्यालय के समर्पित शिक्षकों की मदद से कीर्ति ने आज अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है।

कीर्ति की इस उपलब्धि पर उसके माता-पिता तथा विद्यालय के शिक्षकगण के पास बधाइयों का तांता लग गया। कीर्ति ने बताया कि वह प्रतिदिन पूरी लगन से 13 से 14 घंटे तक की पढ़ाई करती आ रही है। उसने यह भी बताया कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इसी प्रकार अथक प्रयास करने की आवश्यकता होती है। विद्यालय प्रबंधन को भी उसकी इस उपलब्धि पर गर्व है।

भारत पूरे विश्व में तेजी से एक शक्ति के रूप में उभर रहा है : कृष्णपाल गुर्जर

उत्सव में सांकृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी व विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन करते कृष्णपाल गुर्जर।

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जीजीडीएसडी कॉलेज में आयोजित जिला नेहरू युवा उत्सव समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

जब हर देशवासी के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत हो जाएगी तो उस समय भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनने से कोई नहीं रोक सकता। यह बात केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में आयोजित जिला नेहरू युवा उत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कही।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र पलवल के सहयोग से प्रधानमंत्री द्वारा दिए अमृत काल के पंच प्रण की 2047 के भारत की संकल्पना थीम पर आधारित युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जीजीडीएसडी महाविद्यालय पलवल में किया गया।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि उन्होंने छात्र संघ चुनाव से राजनीति की शुरुआत की। युवा भारत का भविष्य हैं, किसी इमारत की बुनियाद मजबूत होगी तो वह इमारत भी मजबूत रहेगी। इसी प्रकार अगर देश का युवा चुस्त, दुरुस्त होगा तो देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि आज युवाओं के दम पर देश आगे बढ़ रहा है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा युवा सामने आएं। उन्होंने कहा कि हमारा देश भारत कभी सोने की चिड़िया था। मुगल शासन व अंग्रेजी शासन के दौरान देश पिछड़ गया, लेकिन जबसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली है, तब से देश की अर्थव्यवस्था बहुत आगे बढ़ी है, जिससे कि हमारा देश दुनिया में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह रफ्तार रुकनी नहीं चाहिए। मंत्री ने कहा कि पिछले 70 सालों में जितनी आईआईटी बनी थी, उससे ज्यादा 9 सालों में आईआईटी, आईआईएम, एम्स बनकर तैयार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में 74 नए एयरपोर्ट, 15 एम्स, 15 हजार आईटीआई, 350 मेडिकल कॉलेज, 300 यूनिवर्सिटी बनाई गई हैं। पहले पांच शहरों में मेट्रो थी, लेकिन अब 23 शहरों में मैट्रो चल चुकी है और पिछले नौ वर्षों में 50 हजार किलोमीटर लंबा हाईवे बनाया जा चुका हैं, जबकि आगामी एक वर्ष में 25 हजार किलोमीटर लंबे हाईवे बनकर तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले हमारा देश मोबाइल व खिलौने आयात करता था, जबकि यूजी 2023 में बोहरा पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ का शानदार परीक्षा परिणाम अब हमारा देश मोबाइल व खिलौने दुनिया के देशों में निर्यात कर रहा है। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा के पांच हजार 600 गांवों में 24 घंटे बिजली दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अब ग्लोबल नेता बन चुके हैं। उन्होंने हर देशवासी के मन में देशभक्ति का जज्बा जागृत किया है। प्रधानमंत्री विकसित भारत के संकल्प को लेकर चल रहे हैं।

जीएसटी चोरी के खुलासे पर 60 लाख रुपये का जुर्माना

सीएम फ्लाइंग ने छापा मारकर पकड़ीं तीन गाड़ियां, गुटका-क्रॉकरी भरी मिलीं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सीएम फ्लाइंग ने जीएसटी चोरी के मामले में सामान से भरे तीन ट्रकों को कब्जे में लिया है। इनमें गुटका, पान मसाला आदि लोड था। बाद में तीनों गाडियों में मिले सामान की अलग-अलग लिस्ट तैयार की गई है। तीनों गाडियों में मिले सामान का आंकलन करते हुए आबकारी एवं कराधान विभाग पलवल द्वारा लगभग 60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

सीएम फ्लाइंग डीएसपी राजेश जोशी ने बताया कि सूचना मिली थी कि बंद बॉडी ट्रक/कंटेनर दिल्ली से मथुरा की तरफ हाईवे पर बिना जीएसटी अदा किए गुटखा व पान मसाला आदि का सामान लेकर जा रहे हैं। इस समय ये वाहन हाईवे पर मुंडकटी थाना से थोड़ा आगे चलकर पैट्रोल पंप के पास श्रीसतनाम वाहेगुरु ढाबा पर खाना खाने के लिए रुके हुए हैं।

सूचना के आधार पर शिव कुमार एएसआई द्वारा जगमोहन यादव ईटीओ के साथ मौका निरीक्षण करने पर हाईवे पर सतनाम वाहेगुरु ढाबा की पार्किंग में बंद बॉडी तीन ट्रक/कंटेनर खड़े हुए मिले। तीनों गाड़ियों के ड्राइवर संयुक्त टीम को आता देख ढाबा से निकल गये। ईटीओ ने चालान करके तीनों वाहनों को पुलिस लाइन परिसर पलवल में खड़ा किया। इन गाडियों के चालकों/मालिकों को बार-बार सूचना दी गई, लेकिन वह निरीक्षण कराने के लिए नहीं आये।

करीब 12 दिन बीत जाने बाद भी वाहन ड्राइवर/मालिक नहीं आये तो इन वाहनों में कोई नशीला पदार्थ या चोरी का सामान होने की आशंका पर डीसी पलवल से ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कराया गया। 10 जून को मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश तहसीलदार की उपस्थिति में तीनों गाडियों की वीडियोग्राफी करते हुए गौरव रंजन एईटीओ द्वारा सतीश कुमार एसआई सीएम फ्लाइंग के साथ तीनों गाडियों का भौतिक निरीक्षण किया गया। भौतिक निरीक्षण पर इन तीनों गाडियों में पैकिंग का सामान, क्रॉकरी का सामान, मसोलदार गुटखा आदि मिला है।

यूजी 2023 में बोहरा पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ का शानदार परीक्षा परिणाम

फरीदाबाद। बोहरा पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ 2022-23 बैच के छात्रों ने नीट यूजी 2023 की परीक्षा उत्तीर्ण की। जिनमें कुमारी खुशी, दीपिका, नितीश और विकास हैं।

विद्यालय की खुशी ने नीट यूजी की परीक्षा में 99.8086220 परसेंटाइल के साथ शानदार स्कोर किया। पिछले साल इसी परीक्षा को पास करने वाली काजल ने 98.7587918 परसेंटाइल हासिल किए थे। अबकी बार खुशी ने अति उत्तम अंक प्राप्त करके अपने स्कूल, माता- पिता और अध्यापकों का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों का 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम हर साल बहुत अच्छे रहे हैं, जिसका कारण अध्यापकों द्वारा छात्रों को दी गई शिक्षा है। विद्यालय में कोचिंग की प्रेरणा नहीं दी जाती, बल्कि स्कूल में बच्चों पर अच्छे से ध्यान दिया जाता है। इसके लिए छात्रों का स्कूल में आकर कक्षा में नियमित रहना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन महेंद्र बोहरा और प्रधानाचार्य रोहन खन्ना ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहन व आशीर्वाद दिया।

फेसबुक दोस्त ने युवती से कई बार किया दुष्कर्म

होने वाले पति को अश्लील वीडियो भेज रिश्ता तुड़वाया, ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपये मांगे

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

फेसबुक पर युवक से दोस्ती करना एक 23 वर्षीय युवती को भारी पड़ गया। युवक ने मिलने के लिए बुलाया और नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली और ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करता रहा। युवती का रिश्ता तय हुआ तो उसने उसके होने वाले पति को अश्लील वीडियो भेजकर रिश्ता तुड़वा दिया।

पुलिस ने चार नामजद के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेल सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुशीला देवी के अनुसार हथीन थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि करीब डेढ़ साल पहले उसकी फेसबुक आईडी पर गांव घर्रोट निवासी हरेंद्र ने फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजी, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। उनकी फेसबुक पर बातचीत होने लगी।

हरेंद्र उसे मिलने के लिए हथीन बुलाया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। आरोपी उसे खेतों में स्थित कमरे पर ले गया और दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। युवती ने कहा कि उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार बुला लेता और दुष्कर्म करता। आरोपी ने फरीदाबाद के कई होटलों व टप्पल स्थित गेस्ट हाउस में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसका रिश्ता तय हो गया। आरोपी ने रिश्ता तोड़ने के लिए कहा। उसने बात नहीं मानी तो अश्लील वीडियो होने वाले पति के पास भेज दी, जिससे उसका रिश्ता टूट गया। परिजनों को पता चलने पर उसने सारी सच्चाई बता दी। उसके परिजनों ने हरेंद्र के पिता मेघराज व माता मूरती से शिकायत की तो उन्होंने कहा कि पांच लाख रुपये दे दो और वे अपने बेटे से शादी करा देंगे।

आरोपियों ने 50 हजार रुपये ले लिए। बीती आठ जून शादी की तारीख रखी गई, परंतु वे शादी करने नहीं आए। उन्होंने मेघराज, मूर्ती व हरेंद्र के नाम पलटू राम से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि 10 लाख रुपये देने होंगे, वरना वीडियो को वायरल कर उन्हें बदनाम कर देंगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

आयुष विभाग ने गांवों में निकाली योग जागरण यात्रा

अष्टांग योग अपनाने को जागरूक करना योग जागरण यात्रा का मुख्य उद्देश्य : डॉ. अजीत यादव

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

नौवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस की थीम हर घर आंगन योग को आमजन तक पहुंचाने के लिए गुरुवार को आयुष विभाग पलवल ने जिला की विभिन्न व्यायामशालाओं में और योग की निजी संस्थाओं के माध्यम से अन्य स्थानों पर योग जागरण यात्रा निकाली।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन को अष्टांग योग अपनाने के लिए जागरूक करना है, जिससे व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार की शारीरिक और मानसिक व्याधियों से बचाया जा सके और अष्टांग योग के पालन से समाज को मजबूत बनाया जा सके। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अजीत यादव ने बताया कि योग संस्कृत की युज धातु से बना है, जिसका शाब्दिक अर्थ जोडना होता है, यदि हम अष्टांग योग के अंतर्गत यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि का अभ्यास क्रम से करते हैं, तो इसका लाभ न केवल व्यक्ति को साथ ही समाज को भी मिलता है। योग सभी वर्गों को आपस में जोड़ने का कार्य करता है।

उन्होंने बताया कि योग जागरण यात्रा से ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. उर्वशी गुप्ता ने आयुष ग्राम बडौली में योग जागरण यात्रा निकाली, जिसमें अधिक संख्या में गांव की महिलाओं ने भागीदारी की। उन्होंने रैली में आए समूह को बताया कि बडौली को जिला पलवल में आदर्श आयुष गांव घोषित किया गया है, जिसके अंतर्गत गांव में प्रत्येक व्यक्ति को आयुर्वेदिक दिनचर्या, ऋतुचर्या का पालन करना, नियमित योगाभ्यास, औषधीय पौधों को लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि गांव का प्रत्येक व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो और स्वस्थ रहे। आयुर्वेदिक जीवन शैली अपनाने से रोगों को बहुत कम किया जा सकता है। आयुष विभाग के आयुष योग सहायक ज्ञानचंद ने गांव आमरू, अभयपाल ने यादूपुर, कृष्ण ने धतीर, नेहा रानी ने अटोंहा, वर्षा ने सैलोटी, पवन ने बढराम, सतीश ने रामपुर खोर, लोकेश ने अतचटा, नीरज ने भुर्जा में अष्टांग योग व आगामी 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तख्ती में लिखे स्लोगन को साथ लेकर योग जागरण यात्रा निकाली।

कंटेनर में कूलरों के बीच शराब लाते दो आरोपी काबू

पलवल। पुलिस ने कंटेनर के अंदर कूलरों के बीच छिपाकर लाई जा रही अंग्रेजी शराब की खेप पकड़ी है। एवीटी स्टाफ ने मौके से कंटेनर के ड्राइवर व सहायक को काबू किया है। यूपी से लाई जा रही 90 पेटियों में भरी 1080 बोतल शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

एवीटी स्टाफ में कार्यरत एएसआई विरेंद्र कुमार के अनुसार अलीगढ़ रोड पर गश्त के दौरान उन्हें सूची मिली कि एक बंद बॉडी कंटेनर में कूलरों के बीच अवैध शराब को छिपाकर यूपी के हामिदपुर की तरफ से पलवल की तरफ लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर रहीमपुर यमुना पुल के समीप नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर बाद हरियाणा नंबर कंटेनर आता दिखाई दिया, जिसे रुकने का इशारा किया गया तो ड्राइवर ने पहले ही कंटेनर रोक दिया और चालक-परिचालक कंटेनर से उतरकर भागने लगे। पुलिस ने दोनों को काबू कर लिया। चालक की पहचान जिला सोनीपत के मलिकपुर निवासी पवन व

परिचालक की पहचान जिला हिसार के डोभी निवासी नवीन के रूप में हुई। पुलिस ने चालक से ट्रक में भरे माल का बिल माला तो उसने 14 पेज का बिल पेश किया जो सिंफनी कूलर का था। ट्रक की तलाशी लेने पर 173 कूलरों के बीच 90 अंग्रेजी शराब की पेटियां बरामद हुई। पेटियों में ऑफिसर चॉइस ब्लू की 1080 बोतल भरी हुई थीं। जिनकी कीमत करीब पांच लाख रुपए बताई जा गई है।

पुलिस ने आरोपियों ने शराब का बिल मांगा, जो वे पेश नहीं कर पाए। पुलिस ने पवन व नवीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान कंटेनर मालिक व शराब तस्करी गिरोह से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

एनआईटी एक नंबर में कपड़े के शोरूम में लगी भीषण आग

एनआईटी में एक शोरूम में लगी आग।

फरीदाबाद। एनआईटी की पॉश मार्केट नंबर-1 में गुरुवार को कैलाश ज्वैलर्स के ऊपर बने कपड़ों के शोरूम में अचानक से आग लग गई। आग की लपटें उठती देख शोरूम के कर्मचारी जान बचाकर बाहर की ओर भागे। इसके बाद पूरी मार्केट में हड़कंप मच गया। आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। इसके कुछ देर बाद ही आग भयानक तरीके से फैल गई और पूरा शोरूम धू-धू कर जलने लगा। थाना कोतवाली प्रभारी रामवीर ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद वे मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए। उन्होंने बताया कि अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आज किन कारणों की वजह से लगी, लेकिन आग लगने की वजह से कैलाश ज्वेलर्स और उसके ऊपर बने कपड़े के शोरूम में लाखों रुपये का माल जलकर स्वाहा हो गया। उन्होंने बताया कि इस आग बुझाने के प्रयास में लगभग आधा दर्जन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंची। कुछ देर और होती तो शायद नुकसान और बढ़ सकता था। गनीमत रही कि इस आगजनी की घटना में किसी को जानी नुकसान नहीं हुआ।

घर से लापता पांच वर्षीय बच्चे को पुलिस ने किया बरामद

फरीदाबाद। थाना सिटी बल्लभगढ़ की टीम ने अग्रसेन पुलिस चौकी इलाके से घर से लापता हुई पांच वर्षीय बच्चे को तलाश कर परिजनों के हवाले कार्य किया। बच्चा अपने मामा के घर शादी में आया था। जो किसी कारण से घर वालों से नजर बचाकर मार्केट में निकल गया था। वह बच्चा मार्केट में रो रहा था। जिसकी सूचना आम जनता ने पुलिस को दी। पुलिस टीम ने तुरंत बच्चे को अपने पास सुरक्षित रखा। बच्चे से पूछताछ कि जो अपना नाम व घर का पता नहीं बता रहा था। बच्चा लगातार रो रहा था। जिस संबंध में कंट्रोल रूम फरीदाबाद से सभी प्रबंधक थान, सभी अपराध शाखा फरीदाबाद, सभी चौकी प्रभारियों नाका, राइडर, पीसीआर को व्हाट्सएप द्वारा सूचित किया गया। कुंदन कॉलोनी में तलाश कराई गई। करीब दो घंटे चौकी स्टाफ द्वारा मेहनत करने के उपरांत कुंदन कॉलोनी में बच्चे के बारे में सुराग लगा। बच्चे को परिवारजनों ने सकुशल वापस पाकर पुलिस का धन्यवाद किया।

कलंदर कालोनी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया

फरीदाबाद। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत थाना शहर बल्लभगढ़ प्रभारी व पुलिस चौकी बस स्टैंड इंचार्ज सजन कुमार की टीम ने अपने क्षेत्र में नुक्कड़ सभा के माध्यम से आमजन को नशे, महिला विरुद्ध अपराध व साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। टीम आमजन को जागरूक करने के लिए कलंदर कॉलोनी पहुंची, जहां पर युवाओं को नशे के चंगुल से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। छात्रों द्वारा नुक्कड़ सभा के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभाव तथा उससे बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही महिला विरुद्ध अपराध, डायल 112, पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, चाइल्ड मैरिज एक्ट, घरेलू हिंसा, दुर्गा शक्ति एप व साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया। नशा के प्रति युवाओं को जागरूक किया गया व महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं व बुजुर्गों को सरकार द्वारा प्रदान की गई हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई।

लापता किशोरी पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने किया बरामद

फरीदाबाद। सिटी बल्लभगढ़ की टीम अग्रसेन पुलिस चौकी ने घर से लापता हुई किशोरी को तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि किशोरी 12 जून को घरवालों से नाराज होने पर घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसकी सूचना परिजनों के द्वारा 13 जून को चौकी पुलिस टीम को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर चौकी पुलिस टीम ने लड़की की फोटो फरीदाबाद पुलिस के सभी व्हाट्सएप ग्रुप में व कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी थानों में वितरित की गई। टीम द्वारा लगातार आसपास सीसीटीवी कैमरा चेक किए गए, साइबर सेल से मदद ली गई। किशोरी के लीगल एडवाइजर सीडब्ल्यूसी, 164 सीआरपीसी के कथन अंकित कराए। उसके घर वालों को उसकी सूचना दी गई, जिससे सकुशल परिजनों के हवाले किया गया है। परिजनों को सख्त हिदायत दी गई है कि लड़की को अपनी सुरक्षा में रखें। लड़की के परिजनों ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया है।

पदोन्नति में टेस्ट की शर्त का कर्मचारियों ने किया विरोध

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।

पलवल। वित्त विभाग हरियाणा द्वारा तैयार ड्राफ्ट के अनुसार कर्मचारियों की पदोन्नति में टेस्ट की शर्त लगाने को लेकर कर्मचारियों ने नाराजगी व्यत की। गुरुवार को कर्मचारी, सर्व कर्मचारी संघ खंड पलवल के तत्वावधान में कुसलीपुर मंदिर पर एकत्रित हुए। प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पलवल में तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने प्रदर्शन का नेतृत्व खंड प्रधान राजकुमार डागर ने व संचालन हरकेश सौरोत ने किया। धरने को संबोधित करते हुए महेश शर्मा ने बताया कि सरकार एक के बाद एक तुगलकी फरमान जारी कर रही है। हाल ही में पदो नति से पहले टेस्ट पास करने की शर्त सरकार द्वारा लगाना, कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात है। जिसको सकसं कभी बर्दास्त नहीं करेगा व पुरजोर विरोध करेगा। उन्होंने बताया कि वरीयता सूची के आधार पर कर्मचारी पिछले 20-20 सालों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। वित्त विभाग ऐसे तुगलकी फरमानों को तुरंत प्रभाव से वापस ले। 2018 के नियुक्त ग्रुप डी के कर्मचारियों का कॉमन कैडर खत्म किया जाए व उन्हें केंद्र की तर्ज पर न्यूनतम वेतनमान 18000 दिया जाए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पीडब्ल्यूडी यूनियन के राज्य उप प्रधान राकेश तंवर, जिला प्रधान रमेश डागर, समरजीत सौरोत, प्रहलाद, रामजीत राणा, भूपेंद्र शर्मा, रामजीत राणा आदि कर्मचारी शामिल रहे।

डोर्सी का बयान

गंभीर आरोप

ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी द्वारा लगाए आरोप बहुत संवेदनशील हैं, जबकि भारत सरकार ने उनको 'सफेद झूठ' बताया है। ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी ने हाल में विवादास्पद बयान दे कर आरोप लगाया है कि भारतीय अधिकारियों ने किसान आंदोलन के दौरान उन पर काफी दबाव डाला। उन्होंने दावा किया कि भारत सरकार ने ट्विटर को लगभग 300 खाते हटाने पर मजबूर किया। इस बयान से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की जवाबदेही तथा आनलाइन स्पेस नियंत्रित करने में सरकार की भूमिका पर चर्चा फिर शुरू हो गई है। विपक्ष को यह मोदी सरकार के खिलाफ एक और 'हथियार' की तरह मिल गया है और वह डोर्सी के आरोपों की जांच की मांग कर रहा है। हालांकि, स्वतंत्र अभिव्यक्ति के दुरुपयोग या उसके दमन को संबोधित करना जरूरी है, पर हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि सोशल मीडिया मंचों को संबंधित देशों के कानूनी ढांचे में काम करना चाहिए। लगातार एक दूसरे से जुड़ रही वर्तमान दुनिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा जवाबदेही के बीच नाजुक संतुलन बनाना जरूरी है। पारदर्शिता, सहयोग व जिम्मेदार प्रशासन ऐसा परिवेश बना सकता है जहां लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान हो तथा सभी हितधारकों का सम्मान किया जाए।

डोर्सी द्वारा लगाए आरोप हतप्रभ करने वाले हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि ट्विटर पर सरकार ने लगातार दबाव डाला कि वह उन लगभग 300 एक्टिविस्टों व पत्रकारों के एकाउंट बंद करे जिनकी समझ सरकार से मेल नहीं खाती थी।

ट्विटर को छापे मारने, कर्मचारियों को जेल में बंद करने तथा यहां तक कि उसे भारत से बाहर निकालने की धमकी भी दी गई। भारत सरकार ने पूरी दृढ़ता से इन आरोपों का खंडन करते हुए ट्विटर पर आरोप लगाया है कि वह देश के कानूनों का उल्लंघन कर रहा था। ट्विटर पर एक पोस्ट में भारत के सूचना प्रौद्योगिकी उप मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने डोर्सी के आरोपों को 'सफेद झूठ' कहा है। उन्होंने कहा कि न ट्विटर के किसी कर्मचारी को जेल भेजा गया और न उसके परिसरों पर कोई छापा मारा गया। उन्होंने विस्तार से यह भी बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म कानूनों का किस प्रकार पालन नहीं कर रहा था। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ट्विटर को भारतीय संप्रभुता को स्वीकार करने में दिक्कत थी और उसका व्यवहार ऐसा था, जैसे कि भारतीय कानून उस पर लागू नहीं होते हैं। डोर्सी के बयान के निहितार्थों पर सवाल उठाते हुए सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने ट्वीट में कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा और पारदर्शी लोकतंत्र है। उन्होंने डोर्सी के बयान के समय पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि 'भारत में जब भी चुनाव निकट आते हैं तो कुछ विदेशी ताकतें और यहां उनके एजेंट तक योजनाबद्ध तरीके से देश को अस्थिर व बदनाम करने के लिए सक्रिय होते हैं।' अनुराग ठाकुर ने संकेत किया कि जब ट्विटर के अधिग्रहण के समय डोर्सी के कामकाज पर सवाल उठे तो उन्होंने आज तक उनका जवाब नहीं दिया। जैक डोर्सी का बयान ऐसे समय आया है जब सारी दुनिया भारत की आर्थिक प्रगति की प्रशंसा कर रही है। भारत आज न केवल दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि वह अनेक समस्याओं के बावजूद दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था भी है। दुनिया की अनेक प्रख्यात कंपनियों ने तानाशाही चीन को छोड़ कर भारत में अपने उद्यम लगाए हैं। ऐसे में भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाने वाले डोर्सी के बयान से भारत की 'छवि' पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, भले ही विपक्ष को इससे थोड़ी 'राहत' महसूस हो।

विदेश व्यापार नीति व निर्यात

निर्यातोन्मुख उद्योगों में भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की क्षमता है। नई विदेश व्यापार नीति इसमें सहायक हो सकती है।

ए.एस. मित्तल
(लेखक, आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं।)

निर्यात किसी देश की अर्थव्यवस्था में केन्द्रीय भूमिका निभाता है। बहु-प्रतीक्षित नई विदेश व्यापार नीति-एफटीपी 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी है। इसमें 2030 तक 2 ट्रिलियन डालर निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। इससे निर्यात केन्द्र के रूप में भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से और मजबूती से जुड़ जाएगा। एफटीपी ने चार नए 'टाउन्स आफ एक्सपोर्ट एक्सलेंस'-टीईई शामिल करने का लक्ष्य रखा है, जबकि उत्कृष्ट निर्यात के 39 शहर पहले से काम कर रहे हैं। 766 जिलों वाले देश में 43 निर्यात उत्कृष्टता केन्द्रों ने वैश्विक बाजार सर्वेक्षणों व ब्रांड प्रमोशन को राजकोषीय प्रोत्साहन दिया है। इसके साथ ही नए गोदाम बनाए जा रहे हैं तथा शून्य कस्टम ड्यूटी पर निर्यातोन्मुख उत्पादन की पूंजीगत आयात की सुविधा दी गई है। लेकिन इन प्रयासों ने 'एक जिला एक उत्पाद' तथा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' जैसी अवधारणाओं को थोड़ा कमजोर किया है। इसलिए विदेश व्यापार नीति लक्ष्यों को एकीकृत, सहजीकृत व सिनर्जाइज़ करने के बजाय एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना जरूरी हो गया है। इससे सुनिश्चित होगा कि भारत वैश्विक व्यापार व्यस्था के अनुकूल सक्षम व सुसंगत बनेगा। इस प्रकार एफटीपी में नीतिगत स्तर पर महत्वपूर्ण परिवर्तनों व उनको सुधारने की आवश्यकता है।

इसके साथ ही निर्यात-आयात गतिविधियों-इक्ज़िम कार्रवाइयों में भी सुधार की जरूरत है। नई विदेश व्यापार नीति 2023-2028 ने भारत को 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य सामने रखा है जिसके लिए मानक फार्मेट से आगे बढ़ने की जरूरत है जो 2004 में नीति घोषणा होने के बाद से लगभग अपरिवर्तित है। निर्यात उत्कृष्टता के कुछ केन्द्रों तथा हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम, होज़री, एपरल, आदि कुछ उत्पादों के बजाय 'निर्यात उत्कृष्टता उद्योगों'-आईईई पर ध्यान देना जरूरी है। नीति को तार्किक बनाने की जरूरत है ताकि निर्यातोन्मुख उद्योग क्षेत्रों को समान आधार प्रदान किया जा सके जो सीधे निर्यात बाजारों में प्रवेश कर सकें। विदेश व्यापार में विस्तार के लिए सरकार को विश्व बाजार में प्रमुख उत्पादों की मांग का आंकलन करने के साथ ही निर्यात वाल्यूम, मूल्यों, मात्रा तथा उनकी गहनता भी सुनिश्चित करनी चाहिए। नई विदेश व्यापार नीति-एफटीपी में एक योजना शामिल करनी चाहिए जो टेक्सटाइल व एपरेल, साइकिलों, आटो पार्ट, ट्रैक्टर, इंजीनियरिंग वस्तुओं, हस्त व मशीन औजारों तथा बासमती, फलों व सब्जियों एवं डेरी उत्पादों जैसे कृषि उत्पादों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को प्रोत्साहन दे सके।

निर्यात में भारत के हिस्से और संभावनाओं पर गौर करना उचित होगा। भारत लंबे समय से विश्व व्यापार निर्यात में अपना हिस्सा बढ़ाने और उसे 2 प्रतिशत तक लाने के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक है और उसका विश्व दुग्ध उत्पादन मे हिस्सा 24 प्रतिशत है, लेकिन भारत से विश्व डेरी उत्पादों का निर्यात 0.5 प्रतिशत से भी कम है। भारत दुनिया में फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और वह खाद्यान्न अधिकता वाली अर्थव्यवस्था है, लेकिन वह अपने मूल्यवान अतिरिक्त उत्पादों का निर्यात नहीं कर पा रहा है। विश्व बासमती बाजार में भारत का हिस्सा 65 प्रतिशत है। भारत बासमती चावल का प्रमुख निर्यातक है जिसमें पंजाब का हिस्सा 45 प्रतिशत है। गैर-बासमती से बासमती विविधीकरण की व्यापक संभावना है क्योंकि नए विश्व बाजारों में दोनों समुदायों के निर्यात में काफी अंतर है। 2021-22 में बासमती चावल का निर्यात 39.50 लाख टन था जिससे 26,417 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा मिली, जबकि गैर-बासमती का निर्यात 72 लाख टन था और इससे 45,652 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा मिली। नए वैश्विक बाजारों में बासमती चावल निर्यात की अभी बहुत संभावनायें हैं।

भारतीय टेक्सटाइल व एपरेल बाजार का आकार लगभग 153 बिलियन डालर है। इसमें 70 प्रतिशत घरेलू उपयोग तथा 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। भारत का विश्व निर्यात बाजार में इस क्षेत्र में हिस्सा केवल 5 प्रतिशत है, जबकि चीन 37 प्रतिशत हिस्से के साथ विश्व टेक्सटाइल व एपरेल बाजार में सबसे बड़ा सप्लायर है। इसके बाद 7 प्रतिशत हिस्से के साथ बांग्लादेश का स्थान है, जबकि भारत चौथे नंबर का सबसे बड़ा सप्लायर है। अमेरिका, यूएई, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस व आस्ट्रेलिया संभावित निर्यात बाजारों में शामिल हैं। हर साल 30 लाख ट्रैक्टरों के वैश्विक बाजार में भारत का उत्पादन 33 प्रतिशत है जो लगभग प्रति वर्ष 10 लाख ट्रैक्टर आता है। जर्मनी विश्व बाजार में प्रमुख ट्रैक्टर निर्यातक है जिसका हिस्सा 16 प्रतिशत है, जबकि भारत का हिस्सा अभी 2.2 प्रतिशत है। देश में बने कुल 10 लाख ट्रैक्टरों में से लगभग 9 लाख ट्रैक्टर घरेलू मांग पूरी करते हैं, जबकि 2022 में लगभग 1.31 लाख ट्रैक्टरों का निर्यात हुआ। इसमें सोनालिका ट्रैक्टरों का हिस्सा 34 प्रतिशत है जो देश का सबसे बड़ा निर्यातक है। भारत के लिए संभावित निर्यात बाजारों में अमेरिका, ब्राजील, अर्जेन्टाइना, तुर्किए, सार्क व अफ्रीकन देश हैं जहां अगले दो साल में 2 लाख से अधिक ट्रैक्टरों का निर्यात हो सकता है। आटो पार्ट व इंजीनियरिंग वस्तुओं में सबसे बड़े पांच निर्यातक जर्मनी, चीन, अमेरिका, जापान व मैक्सिको का हिस्सा 54 प्रतिशत है।

आटोमोबाइल कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरर्स असोसियेशन-एक्मा के अनुसार, कुल 5.10 लाख करोड़ के टर्नओवर में निर्यात का हिस्सा 25 प्रतिशत जबकि वैश्विक हिस्सा 11 प्रतिशत है। भारी अंतरराष्ट्रीय मांग, स्थानीय मूल उपकरण निर्माताओं-ओईएम की संख्या में वृद्धि तथा आफ्टरमार्केट क्षेत्र में भारतीय आटो उपकरण उद्योग के वैश्विक बाजार में प्रगति की आशा है।

साइकिलों के वैश्विक बाजार में चीन का प्रभुत्व है और वह अपनी 10 करोड़ साइकिलों के उत्पादन में से 60 प्रतिशत का निर्यात करता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा साइकिल निर्माता है, पर वह निर्यात में चीन से बहुत पीछे है। यहां तैयार 2 करोड़ साइकिलों में से केवल 10 लाख का निर्यात होता है जो कुल उत्पादन का केवल 5 प्रतिशत है। अगले तीन साल में विश्व बाजार में हिस्सा बढ़ा कर कम से कम 10 प्रतिशत करने का लक्ष्य है क्योंकि अमेरिका, यूरोपीय देशों तथा अफ्रीका में साइकिलों व ई-साइकिलों के लिए काफी क्षेत्र खुला है। खेल वस्तुओं के मामले में विश्व बाजार में चीन का हिस्सा 42.2 प्रतिशत है।

इस प्रकार चीन खेल वस्तुओं का सबसे बड़ा निर्यातक है, जबकि भारत का वैश्विक निर्यातों में हिस्सा केवल 0.56 प्रतिशत है। भारत के लिए भविष्य में खेल वस्तुओं के विश्व बाजार में काफी संभावनायें हैं। खेल वस्तुओं के भारतीय निर्यात के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, ब्राजील, जर्मनी, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, कोलम्बिया तथा अर्जेन्टाइना शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उनके नेतृत्व वाली सरकार ने घरेलू परंपरागत खिलौनों को प्रोत्साहित किया है और उनके निर्यात की संभावनायें बढ़ रही हैं।

निर्यात के क्षेत्र में भारत की प्रगति का रास्ता 'लोकल गोज़ ग्लोबल' के माध्यम से निकलता है। देश को उन उत्पादों व सेवाओं की पहचान अवश्य करनी चाहिए जिनकी निर्यात संभावनायें प्रबल हैं। जिला स्तर पर निर्यात की संभावनाओं तथा आउटरीच गतिविधियों को बढ़ावा देने से लाभ होगा। इनमें क्रेता-विक्रेता मुलाकातों और व्यापार मेलों का महत्वपूर्ण स्थान है जिनमें बड़ी संख्या में निर्यातक व आयातक शामिल हो सकते हैं। हालांकि, भारत के कुछ जिले अपने निर्यात के लिए जाने जाते हैं, पर आउटरीच तथा पहले निर्यात के लिए प्रतिबंधित उत्पादों पर विचार के नए कदम उठाए जाने चाहिए।

एमएसएमई तथा सुदूर जिलों से निर्यातों का सकारात्मक प्रभाव न केवल अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा, बल्कि इससे लाखों लोगों को आजीविका भी प्राप्त हो सकेगी। भारत ने वित्तवर्ष 2023-24 में 900 बिलियन डालर का निर्यात लक्ष्य सामने रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रमुख उद्योगों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए ताकि निर्यात की अब तक न खोजी गई संभावनाओं से भारत को अपना निर्यात बढ़ाने में सफलता मिले।

पर्यावरण के अनुकूल नहीं आज की जीवन शैली

केवल व्यक्तिगत और सामुदायिक व्यवहार को बदलने से ही पर्यावरण और जलवायु संकट में महत्वपूर्ण सेंध लग सकती है।

सुनील गोयल

डिम्पल खोखर

पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन वैश्विक घटनाएं हैं जहां दुनिया के एक हिस्से में कार्रवाई दुनिया भर में पारिस्थितिक तंत्र और आबादी को प्रभावित करती है। अनुमान बताते हैं कि यदि बदलते परिवेश के विरुद्ध अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई, तो वैश्विक स्तर पर लगभग 3 बिलियन लोग पानी की पुरानी कमी का अनुभव कर सकते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक सकल घरेलू उत्पाद का 18त्न तक खो सकती है। पिछले दो दशकों में, पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के लिए वैश्विक स्तर पर कई व्यापक उपायों को लागू किया गया है, जिसमें नीतिगत सुधार, आर्थिक प्रोत्साहन और नियम शामिल हैं। उनकी विशाल क्षमता के बावजूद, व्यक्तियों, समुदायों और संस्थानों के स्तर पर अपेक्षित कार्यों पर सीमित ध्यान दिया गया है।

जहां तक परिवहन का संबंध है, अधिकांश उच्च आय वाले देशों में, व्यक्तिगत परिवहन जीवन शैली डोमेन है, जिसमें समग्र जीवन शैली के पदचिह्न में सबसे बड़ा योगदान है। दुनिया के सड़क मार्ग वाहनों से भरे हुए हैं, उनमें से अधिकांश जीवाश्म ईंधन जला रहे हैं। जीवाश्म ईंधन उन जहाजों को शक्ति प्रदान करता है जो व्यापार करते हैं और हवाई जहाज जो हमें यात्रा करने की अनुमति देते हैं। परिवहन क्षेत्र से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 1970 के बाद से दोगुना से अधिक हो गया है, इस वृद्धि का लगभग 80 प्रतिशत सड़क वाहनों से आ रहा है। वैश्विक आबादी का लगभग 10 प्रतिशत कुल मोटर चालित यात्री किलोमीटर का 80 प्रतिशत हिस्सा है, दुनिया की अधिकांश आबादी मुश्किल से ही यात्रा करती है। लेकिन हमारे पास ड्राइविंग के विकल्प हैं जो बदलाव ला सकते हैं। पैदल चलना, बाइक चलाना, शहरी सार्वजनिक परिवहन और रेलगाड़ियाँ वायु प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में मदद करती हैं।

एक आहार जो पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों में अधिक होता है, जैसे कि सब्जियां, फल, साबुत अनाज, फलियां, नट और बीज, और पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में कम होता है, उसका पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है (ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा, भूमि, और पानी का उपयोग)। जहां तक फैशन की बात है तो स्टाइलिश होने का मतलब फिजूलखर्ची नहीं है। कम कपड़े खरीदना, दूसरे हाथ से खरीदारी करना, या साइकिल चलाना, यानी पुराने कपड़ों से नए कपड़े बनाना, पानी बचाने और कचरे को कम करने में मदद करता है।

पिछले 15 वर्षों में, कपड़ों का उत्पादन दोगुना हो गया है, जबकि त्यागने से पहले एक परिधान को पहनने की संख्या में 36 प्रतिशत की कमी आई है। फैशन उद्योग (कपड़े और जूते) सालाना 8त्न से अधिक ग्रीनहाउस गैसों और 20 प्रतिशत वैश्विक अपशिष्ट जल का उत्पादन करता है। जींस की एक जोड़ी बनाने में लगभग 7,500 लीटर पानी लगता है -- कपास के उत्पादन से लेकर स्टोर तक अंतिम उत्पाद की डिलीवरी तक। 85 प्रतिशत वस्त्र लैंडफिल में समाप्त हो जाते हैं या भस्म हो जाते हैं, हालांकि इनमें से अधिकांश सामग्रियों का पुनः उपयोग किया जा सकता है। हर सेकंड, कपड़े से भरे एक कचरा ट्रक के बराबर लैंडफिल या जला दिया जाता है।

लगभग 93 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी - जो पांच मिलियन लोगों की खपत की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है - फैशन उद्योग द्वारा सालाना उपयोग किया जाता है। कचरा एक बड़ी समस्या है। हर साल, दुनिया भर में अनुमानित 11.2 बिलियन टन ठोस कचरा एकत्र किया जाता है, और ठोस कचरे के जैविक अनुपात का क्षय वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 5 प्रतिशत योगदान दे रहा है। जहां कचरे से बचा नहीं जा सकता है, वहां पुनर्चक्रण से संसाधनों की पर्याप्त बचत होती है। पुनर्नवीनीकरण कागज के प्रत्येक टन के लिए, 17 पेड़ और 50 प्रतिशत पानी बचाया जा सकता है। पुनर्चक्रण से रोजगार भी पैदा होते हैं- पुनर्चक्रण क्षेत्र अकेले ब्राजील, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका में 12 मिलियन लोगों को रोजगार देता है। अब तक उत्पादित सभी प्लास्टिक कचरे का केवल 9त्न ही पुनर्नवीनीकरण किया गया है। दुनिया भर में लगभग 12 प्रतिशत भस्मक हो चुका है, हर मिनट एक मिलियन प्लास्टिक की पीने की बोतलें खरीदी जाती हैं, जबकि दुनिया भर में हर साल 5 ट्रिलियन सिंगल-यूज़ प्लास्टिक बैग का उपयोग किया जाता है। कुल मिलाकर, उत्पादित प्लास्टिक का आधा केवल एक बार उपयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है - और फिर फेंक दिया जाता है।

2010 से 2019 तक, वैश्विक स्तर पर उत्पन्न ई-कचरा प्रति व्यक्ति 5.3 से 7.3 किलोग्राम प्रति वर्ष तक बढ़ गया। इस बीच, ई-कचरे का पर्यावरण के अनुकूल पुनर्चक्रण बहुत धीमी गति से बढ़ा - प्रति व्यक्ति 0.8 से 1.3 किलोग्राम प्रति वर्ष। पानी बचाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। पानी एक अनमोल संसाधन है- दुनिया का 3त्न से भी कम पानी ताजा (पीने योग्य) है, जिसमें से 2.5त्न अंटार्कटिका, आर्कटिक और ग्लेशियरों में जमी हुई है। और मनुष्य पानी का दुरुपयोग और प्रदूषण तेजी से कर रहे हैं क्योंकि प्रकृति नदियों और झीलों में पानी को पुनः चक्रित और शुद्ध कर सकती है। पानी का चतुराई से उपयोग करने से हमें स्वच्छ, सुरक्षित पानी के निरंतर प्रवाह को सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है। आप कम समय में शावर लेकर, अपने दांतों को ब्रश करते समय नल को बंद करके, कम प्रवाह वाले शौचालय को स्थापित करके और कई अन्य तरीकों से पानी बचा सकते हैं।

एक दिन में लगभग 10 मिनट के एक शॉवर से, एक औसत व्यक्ति हर साल 100,000 से अधिक गिलास पीने के पानी के बराबर खपत करता है। केवल व्यक्तिगत और सामुदायिक व्यवहार को बदलने से ही पर्यावरण और जलवायु संकट में महत्वपूर्ण सेंध लग सकती है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार, अगर आठ अरब की वैश्विक आबादी में से एक अरब लोग अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार अपनाते हैं, तो वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

आप की बात

लिवइन संबंध

लिवइन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों में लड़कियों की हत्या के कई मामले सामने आ रहे हैं। आप चाहे उन्हें पर्सनैलिटी डिसऑर्डर बीमारी का नाम दे दे या कुछ और। दरअसल ऐसे युवकों की परिवार से ही हिसक संस्कारों की नीव पड़ जाती है। मांसाहारी परिवारों मे जहां जानवरों को काटकर खाया जाता है, ऐसे परिवारों में बच्चों की भावनायें निर्मम होती जाती हैं। अनेक विद्वानों के विचार से तामसी खानपान मानसिक उग्रता का सबसे प्रमुख कारण है। पारिवारिक-सामाजिक परिवेश में भी उन्हें हमेशा हिंसक होने के संस्कार मिलते रहते हैं। इसके कारण किशोर व युवा न सिर्फ लिवइन रिलेशनशिप या सतही प्यार-मोहब्बत या वासना के मामले में बल्कि ड्रग्स और कई तरह के अवैध कार्य में संकल्पित हो जाते हैं। लिवइन रिलेशनशिप एक तरह से यौन उन्मुक्तता का प्रमाणपत्र है। इसके बावजूद युवा अपनी महिला पार्टनर से प्रतिबद्धता की अपेक्षा रखते हैं और उस पर कई तरह की बंदिशें लगाने का प्रयास करते हैं। लेकिन अपने लिए वे अन्यत्र सेक्स करने, अवैध संबंध बनाने या अन्य गलत काम करने की आजादी चाहते हैं और इसमें बाधा आने पर वे लड़कियों की निर्मम हत्या पर आमादा हो जाते हैं। इस प्रवृत्ति पर रोक जरूरी हो गई है।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

विपक्ष का पीएम चेहरा

विपक्ष अभी पीएम चेहरे पर कोई बात नहीं करना चाहता है। आज चाहे सारा विपक्ष एकत्रित होकर महागठबंधन बना बना ले, पर वह रहेगा तो भानुमति का कुनबा ही। जो भी क्षेत्रीय पार्टियों सहित कांग्रेसी आज एकजुट हो रहे हैं, वह नरेंद्र मोदी को हराने के लिए ही सब जोड़-तोड़ कर रहे हैं। कांग्रेस के अतिरिक्त हर एक केवल क्षेत्रीय दल है जो केवल अपने राज्य तक ही सीमित है। कांग्रेस ही आज वह पार्टी है जिसका अस्तित्व पूरे देश भर में माना जा सकता है परंतु ये क्षेत्रीय दल उसे अधिक भाव नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस चाहती है कि वह सबसे अधिक 400 सीटों पर चुनाव लड़े, जबकि क्षेत्रीय दल उसे 250 से 300 तक ही मात्र सीट देने को तैयार है। ऐसे में समाजवादी पार्टी, शिवसेना, जनता दल, राष्ट्रीय जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, पीडीपी, तृणमूल कांग्रेस सहित दक्षिण की पार्टियां कांग्रेस के बजाय खुद को अधिक सीट देना चाह रही है। सब यही चाहते हैं कि उसकी ही सबसे ज्यादा सीटें लोकसभा में चुनकर आए ताकि बाद में उसी का नेता प्रधानमंत्री पद की दावेदारी कर सकें। इसी कारण इस भानुमति के कुनबे में प्रधानमंत्री पद के नाम पर घोषणा से बचा जा रहा है।

-मनमोहन राजावत, शाजापुर

मुफ्तखोरी की लत

देश में सियासी दलों द्वारा संसाधनों बंदरबांट और मुफ्त में सुविधा व व्यवस्थाएं देने के साथ खातों में प्रतिमाह धनराशि भी जमा करने का दौर सा चल पड़ा है। यद्यपि सभी सियासी दल समझते हैं कि चुनावी बंदरबांट और मुफ्तखोरी की राजनीति से खजाने को घाटा और जनता पर करारोपण बढ़ेगा, फिर भी कोई सियासी दल इसे जनकल्याण तो उसके विरोधी इसे मुफ्तखोरी कह रहे हैं। लेकिन ऐसी सुविधायें प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को किसी उद्यम या उत्पादन कार्य से जोड़ना भी बहुत जरूरी है। ऐसा न होने पर देश में कर्मठ व उद्यमशील युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। मुफ्त का माल खाने का असर मति या बुद्धि व शरीर पर अच्छा नहीं होता, बल्कि इससे निष्क्रियता बढ़ती है और पुरुषार्थ भी घटता है। मुफ्तखोरों का बोझ ईमानदार करदाताओं पर पड़ता है, जबकि मुफ्तखोर मेहनत करने व कौशल सीखने के बजाय इसे अपना अधिकार मानने लगते हैं। मुफ्तखोरी की इस लत पर बिना लगाम लगाए भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी, यानी 2047 तक विकसित देश न बन कर मुफ्तखोरों का देश बन कर रह जाएगा।

-बी एल शर्मा, उज्जैन

हिंसक प्रवृत्ति

पिछले कुछ दिनों से लगातार कुछ ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जो देश और समाज के लिए चिंता का विषय हैं। मिर्जापुर में एक कार चालक ने अपने ही ग्राहक को इसलिए कुचल कर मार दिया क्योंकि वो मोदी-योगी की तारीफ कर रहा था। हिमाचल में एक युवक की निर्मम हत्या कई टुकड़ों में काटकर कर दी क्योंकि मामला अन्य धर्म की युवती से प्रेम प्रसंग का था। बुलंदशहर के अधेड उम्र के एक व्यक्ति ने एक युवती का अपहरण कर स्वयं एवं साथियों संग दुराचार किया तथा खच्चर चलाने वाले लोगों ने यात्रियों पर हमला किया इत्यादि। कई अन्य ऐसी घटनाएं हैं जो देश का ध्यान इसलिए आकर्षित कर रही हैं क्योंकि आरोपी एक ही समुदाय के हैं। कुछ तो है जो इन सभी घटनाओं की मुख्य वजह है। वो मानसिकता, विचारधारा, शिक्षा या उकसावा कुछ भी हो सकता है। समाज में बढ़ रही इस हिंसक प्रवृत्ति की जड़ों तक जाने तथा उसके कारण तलाशने जरूरी हो गए हैं। यह सरकार के साथ ही समुदाय, परिवार, विद्वानों, पत्रकारों, साहित्यकारों, आदि की चिन्ता का विषय होना चाहिए।

-मनोज पुरुषार्थी, मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

सुधार गृह के रूप में तब्दील होंगे प्रदेश के कारागार

योगी ने की कारागार विभाग की समीक्षा, नया प्रिजन एक्ट तैयार करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में कारागारों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कारागार सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कारागारों को 'सुधार गृह' के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता जताई और प्रदेश के नए प्रिजन एक्ट तैयार करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

वर्तमान समय में जेल तथा जेल में निरुद्ध बन्दियों के संबंध में जेल अधिनियम 1894 और कैदी अधिनियम 1900 प्रचलित हैं। यह दोनों अधिनियम आजादी के पूर्व से प्रचलन में हैं, जिसके अनेक प्राविधान बदलते परिवेश एवं बंदियों के पुनर्वासन की सुधारात्मक विचारधारा के अनुकूल नहीं हैं। प्रिजन एक्ट 1894 का उद्देश्य अपराधियों को अभिरक्षा में अनुशासित ढंग से रखने पर केन्द्रित है लेकिन हमें सुधार एवं पुनर्वासन पर केंद्रित होना होगा। ऐसे में भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए हमें नए अधिनियम लागू करने की आवश्यकता है। भारत सरकार द्वारा हाल ही में मॉड्ल प्रिजन अधिनियम-2023 तैयार किया गया है। यह मॉडल एक्ट कैदियों के सुधार तथा पुनर्वास की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। इस मॉडल एक्ट के अनुरूप प्रदेश की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए प्रदेश का नया प्रिजन एक्ट तैयार किया जाए। प्रदेश कैबिनेट ने विगत दिनों नई जेल मैन्युअल को अनुमोदित किया है। जेल सुधारों की ओर यह महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें कारागारों को सुधार के बेहतर केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए ठोस प्रयास करना होगा। इस दिशा में 'ओपन जेल' की स्थापना उपयोगी सिद्ध हो सकती है। वर्तमान में लखनऊ में एक सेमी ओपन जेल संचालित है। ओपन जेल की स्थापना के लिए विधिवत प्रस्ताव तैयार करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें कारागारों को 'सुधार गृह' के रूप में स्थापित करना होगा। इस उद्देश्य से हर आवश्यक कदम उठाए जाएं। कैदियों का सुरक्षा मूल्यांकनए शिकायत निवारणए कारागार विकास बोर्ड, कैदियों के प्रति व्यवहार में बदलाव एवं महिला कैदियों व ट्रांसजेंडर आदि के लिये अलग आवास का प्रावधान जैसी व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने कहा कि आदतन अपराधियों, आतंकवादियों जैसे देश-समाज के लिए बड़ा खतरा बने कैदियों के लिए हाई-सिक्योरिटी बैरक तैयार कराए जाएं। इनकी सुरक्षा के लिए उच्च मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए।

जेलों में मोबाइल फ ोन जैसी प्रतिबंधित वस्तुओं के इस्तेमाल पर कठोरतम दंड का प्राविधान लागू करें। कारागार प्रशासन में पारदर्शिता लाने की दृष्टि से प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक उपयोग किया जाना चाहिए। वर्तमान में प्रदेश के कारागारों में बंदियों के प्रवेश निकास ई-प्रिजन के माध्यम से कराये जा रहे हैं। प्रिजनर्स इन्फ ारमेशन मैनेजमेंट सिस्टम विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम, ई-अभिरक्षा प्रमाण-पत्र, पुलिस इन्टेलीजेंस सिस्टम लागू है। 4200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे प्रदेश की कारागारों में लगे हुए हैं, जिनकी सतत् निगरानी मुख्यालय में स्थापित वीडियोवॉल से की जाती है जिन पर एलर्ट भी प्राप्त होते रहते हैं। इसके अच्छे परिणाम भी मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रोन कैमरों को वीडियोवॉल से इन्टीग्रेट कर मॉनीटरिंग किया जाए। न्यायालयों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का प्रावधान, कारागारों में वैज्ञानिक तथा तकनीकी हस्तक्षेप आदि का प्रावधान भी लागू किया जाए। नया एक्ट तैयार किए जाते समय इसका ध्यान रखा जाए। जेल में अच्छे आचरण को प्रोत्साहित करने के लिये कैदियों को कानूनी सहायता, पेरोल और समय से पहले रिहाई का लाभ मिलना चाहिए। नए एक्ट में इस संबंध में सुस्पष्ट प्राविधान रखे जाएं।

अयोध्या में संतों से मिले सीएम, जाना हालचाल

● बड़ा भक्त माल भी गए योगी, चंपत राय व कौशल किशोर दास से की मुलाकात, महंत नृत्य गोपाल दास से ली स्वास्थ्य की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने अयोध्या दौरे के दूसरे दिन संतों से मिले और उनका हालचाल जाना। गुरुवार सुबह सीएम सबसे पहले कारसेवकपुरम में श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मिलने पहुंचे। यहां सीएम ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की, फिर राम मंदिर निर्माण को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान प्रदेश सरकार के काबीना मंत्री सूर्य प्रताप शाही, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्र, विहिप के वरिष्ठ सदस्य पुरुषोत्तम नारायण सिंह आदि भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने संतों संग जलपान भी किया।

मुख्यमंत्री बड़ा भक्तमाल भी पहुंचे। यहां सीएम ने कौशल किशोरदास महाराज से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। यहां सीएम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महंत अवधेश दास, नागा राम लखनदास आदि संत भी मौजूद रहे। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ मणिराम दास की छावनी में महंत नृत्य गोपाल दास के पास पहुंचे। यहां उन्होंने महंत के स्वास्थ्य के बारे में जाना।

परिवहन मंत्री दयाशंकर व मुख्य सचिव ने दिखाई एएलएस एम्बुलेंस को हरी झंडी

● जननायक चंद्रशेखर अस्पताल एवं कैंसर इंस्टिट्यूट इब्राहिमपट्टी बलिया को मिली एम्बुलेंस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह एवं मुख्य सचिव श्रीदुर्गा शंकर मिश्र ने गुरुवार को एचएन शर्मा, हमदर्द नेशनल फाउंडेशन एवं एसपी गुप्ता के सौजन्य से उपलब्ध कराई गई आपातकालीन एएलएस एंबुलेंस को जननायक चंद्रशेखर अस्पताल एवं कैंसर इंस्टिट्यूट इब्राहिमपट्टी बलिया को समर्पित किया। राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में परिवहन मंत्री एवं मुख्य सचिव ने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर दयाशंकर सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर जननायक नेता थे। उनका सपना था कि गांव में एक अस्पताल खुले, जिससे कि लोगों को इलाज की उत्तम सुविधा उपलब्ध हो सके। जयप्रकाश नारायण के सहयोग से अस्पताल का उद्घाटन हुआ लेकिन मुख्य सचिव ने इसे आज सुपर हॉस्पिटल के रूप में बदल दिया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि अस्पताल से बलिया के आसपास के जिले के लोगों को लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस आज के समय में बहुत जरूरी है यह लोगों को मेडिकल सुविधाओं के साथ उनके घर या दुर्घटना स्थल से अस्पताल पहुंचाने में मदद करता है एवं लोगों की जान बचाने में इसका अहम रोल होता है।

इस सुविधा के शुरू होने से उक्त अस्पताल में सुविधाएं और बेहतर होगी। इस अवसर पर दुर्गाशंकर मिश्र ने आरएमएल को एनएबीएच एक्रीडेशन प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आरएमएल इस प्रकार का पहला संस्थान है जिसे उक्त गौरव प्राप्त हुआ है।

कोई भी पात्र किसान सम्मान निधि से वंचित न रहेः शाही

● योजना की 14वीं किस्त के लिए अब 23 जून तक किसान पोर्टल पर किया जा सकता है डाटा अपलोड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त पात्र कृषकों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से वृहद संतृप्तीकरण अभियान की अवधि को 13 से 23 जून 2023 तक के लिए विस्तृत किया गया है। इस अवधि में तहसील मुख्यालयों पर शिविर लगाकर किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना 14 वीं किश्त के भुगतान के लिए पीएम किसान पोर्टल पर किसानों का भूलेख अंकन होना, उनके खातों का आधार सीडिंग, एनपीसीआई लिकिंग होना तथा ई-केवाईसी होना अनिवार्य किया गया है। प्रदेश सरकार की यह मंशा है कि कोई भी पात्र किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से वृहद संतृप्तीकरण अभियान की अवधि को 13 से 23 जून 2023 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इन दिनों में तहसील स्तर पर किसानों की सुविधा हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी पात्र किसानों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। जिन व्यक्तियों का विरासत के आधार पर खतौनी में नया नाम चढ़ा है वह भी जन सेवा केन्द्रों अथवा मोबाइल एप के माध्यम से नया पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 22 मई से 10 जून तक वृहद संतृप्तीकरण अभियान चलाया गया था। इस अवधि में ग्राम पंचायत स्तर पर कुल 63311 शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के साथ-साथ राजस्व विभाग, ग्राम विकास, पंचायतीराज विभाग, जन सेवा केन्द्र के प्रतिनिधियों एवं इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इन शिविरों कुल 2274940 किसानों की शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 1832005 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। ईकेवाईसी संबंधी 440904 भूलेख अंकन संबंधी 506338 तथा आधार सीडिंग संबंधी 432959 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से ईकेवाईसी संबंधी 360171 भूलेख अंकन संबंधी 410154 तथा आधार सीडिंग संबंधी 350090 शिकायतों का समाधान किया गया। इस अभियान के तहत डाकघर के माध्यम से इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा 288595 किसानों के आधार सीडेड खाते खोले गये।

ब्लड डोनेट करने में गौतमबुद्धनगर अव्वल, मथुरा दूसरे पर

● विश्व रक्तदाता दिवस पर प्रदेश में 13000 यूनिट रक्त एकत्रित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एक दिन पूर्व विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में आयोजित विभिन्न रक्तदान शिविरों में इस वर्ष लगभग 13,000 यूनिट रक्त एकत्रित किए गए हैं। इनमें सबसे अधिक ब्लड डोनेट करने में गौतमबुद्धनगर पहले स्थान पर है। जबकि मथुरा दूसरे नंबर पर है।

प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष एकत्रित रक्त यूनिट्स की संख्या पिछले वर्ष की अपेक्षा दोगुना से भी अधिक है। विगत वर्ष 6000 यूनिट रक्त एकत्रित किए गए थे। शर्मा ने बताया कि प्रदेश के जिन जनपदों से सर्वाधिक रक्त एकत्रित किए गए हैं, उनमें गौतमबुद्ध नगर से 1206 यूनिट, मथुरा से 1105, लखनऊ से 948, कानपुर नगर से 736 तथा मेरठ से 706 यूनिट रक्त प्रमुख रूप से एकत्रित किया गया है।

प्रमुख सचिव ने कहा रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जिन लोगों या संस्थाओं ने रक्तदान किया या अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया उन सभी के साथ.साथ राज्य रक्त संचरण परिषद और स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी, अधिकारी बधाई के पात्र हैं।

प्रत्येक क्षेत्र में निर्माण की प्रगति की सतत मॉनिटरिंग की जाए

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की 16वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के विकास के सम्बन्ध में हुई प्रगति को प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में निर्माण की प्रगति की सतत मॉनिटरिंग की जाए और कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा कराया जाये।

इससे पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी नायल डॉ. अरुण वीर सिंह ने बताया कि विकासकर्ता जुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डॅवलपमेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी और रनवे का कार्य कर रही है।

समाजवादी पार्टी के पास है भविष्य का विजन और विकास का मॉडलः अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया सजग, इस बार लोकसभा चुनाव में कोई चूक नहीं होनी चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। ये चुनाव आने वाली पीढ़ी और देश का भविष्य भी तय करने वाले साबित होंगे। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में भाजपा को पराजित कर जनता की उम्मीदों को पूरा करेगी। समाजवादी पार्टी के पास भविष्य का विजन और विकास का मॉडल है। समाजवादी सरकार में विकास के जो मानक तय किए थे वही 'समाजवादी माडल' है जिससे लोक कल्याणकारी राज्य का निर्माण होता है। जनता समाजवादी पार्टी पर ही उसके सपनों को पूरा करने की क्षमता पर भरोसा रखती है। अखिलेश यादव गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में बड़ी संख्या में एकत्र समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे एकजुटता, निष्ठा और ईमानदारी से बूथ मजबूत करने के काम में अभी से जुट जांए।

यादव ने कार्यकर्ताओं को सजग करते हुए कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। सन् 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना चाहती थीए उसने समाजवादी सरकार बनाने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जमकर वोट किया था लेकिन भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग, झूठ, छल और बल से परिणाम को प्रभावित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी में अब आपसी गुटबंदी नहीं चलेगी। समाजवादी कार्यकर्ता इस बार चूक न करें। बूथ स्तर पर लोकतंत्र को बचाना है। लोकसभा चुनाव बहुत ही गंभीरता से लड़ना और जीतना है।

शिक्षा के अधिकार कानून का ठीक ढंग से क्रियान्वन नहीं कर रही वर्तमान सरकारेंः खाबरी

● कांग्रेस मुख्यालय पर हुई सुदुर दलित बस्तियों में संचालित प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधकों की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार कानून बनाया गया जिसके तहत मान्यता प्राप्त, सहकारी समितियों द्वारा रजिस्टर्ड सुदुर दलित बस्तियों में प्राथमिक और जूनियर हाई स्कूल संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में सर्वहारा समाज के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ उन्हें मिड-डे- मील, ड्रेस, किताबें तथा निशुल्क ट्यूशन देने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी परन्तु मौजूदा समय में अलग विचारधारा की सरकार आ जाने के बाद उक्त क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है।

खाबरी गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। खाबरी की अध्यक्षता और राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी-एसटी शिक्षक संघ डॉ. छोटे लाल गौतम के संयोजन में शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त सहकारी समितियों द्वारा रजिस्टर्ड सुदुर दलित बस्तियों में संचालित हो रहे प्राथमिक और जूनियर हाई स्कूलों के प्रबंधकों की एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद पासी, राष्ट्रीय शिक्षक संघ की कोषाध्यक्ष सुनीता गौतम मौजूद रहीं। खाबनी कहा कि जबकि उक्त संस्थाओं की ओर से जनहित याचिका-एसएलपी सर्वोच्च न्यायालय में अनुसूचित जाति-जनजाति केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. छोटेलाल गौतम के द्वारा दाखिल याचिका पर 22 जुलाई 2022 को उक्त संस्थाओं के मद में भुगतान का आदेश पारित हो चुका है परन्तु सरकार इस पर कोई भी संज्ञान नहीं ले रही है। खाबर ने बैठक में उपस्थित सभी प्राथमिक और जूनियर हाई स्कूलों के प्रबंधकों की समस्याओं को सुना तथा भविष्य में कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने पर उसे दूर करने का आश्वासन दिया। उक्त विषय पर डॉ. छोटे लाल गौतम द्वारा उक्त संस्थाओं के प्रबंधकों की ज्वलंत समस्याओं पर प्रकाश डाला गया।

बहुजन अवाम पार्टी के नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

लखनऊ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा में आस्था रखते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के समक्ष जनपद लखीमपुर खीरी से बहुजन अवाम पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पंकज तिवारी ने बताया कि सदस्यता ग्रहण करने वालों में जनपद लखीमपुर खीरी से बहुजन अवाम पार्टी के जनपद लखीमपुर खीरी के अध्यक्ष राम जीवन राम एडवोकेट, प्रदेश सचिव मनोज कुमार राजवंशी, राष्ट्रीय महासचिव, गंगाराम राजवंशी, जिला सचिव सुमित कुमार, छोटेलाल, ग्राम प्रधान प्रभात राज को प्रदेश अध्यक्ष खाबरी ने तिरंगा पट्टी पहनाकर एवं सदस्यता कार्ड प्रदान कर विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया तथा सभी को बधाई दी।

पोर्टल के माध्यम से चयन आयोग को भेजे जाएंगे सीधी भर्ती की रिक्तियों का अधियाचन

लखनऊ। योगी सरकार ने सभी विभागों को समूह ख एवं समूह ग की सीधी भर्ती की रिक्तियों का अधियाचन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को ई-अधियाचन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भेजने का निर्देश दिया है। सरकार ने शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि समूह ख एवं समूह ग के रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही जल्द से जल्द सुनिश्चित किए जाने के लिए सीधी भर्ती की रिक्तियों का अधियाचन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को ऑनलाइन किए जाने के लिए पहले भी दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय तथा शासन के कार्मिक विभाग द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग व रिव्यू के फ लस्वरूप अधिकांश विभागों व विभागाध्यक्ष कार्यालयों द्वारा विभागीय नोडल अधिकारी नामित किए जाने की कार्यवाही भी पूरी कर ली गई है।

पोर्टल पर दर्ज होगी समूह क, ख के अधिकारियों की वार्षिक प्रविष्टि

● नियुक्ति व कार्मिक विभाग की ओर से समस्त विभागों के उच्चाधिकारियों को दिया गया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कर्मचारियों-अधिकारियों की नियुक्ति, स्थानांतरण व अवकाश समेत कई तरह की सुविधाओं को प्रदान करने के लिए योगी सरकार मानव संपदा पोर्टल की कार्यप्रणाली और इसकी उपयोगिता बढ़ाने पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में अब सरकार ने समूह क एवं ख श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक प्रविष्टि को मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किए जाने का निर्णय लिया है।

प्रदेश सरकार के नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की ओर से समस्त विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को व्यवस्था के संबंध में आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सरकार द्वारा चर्चा के बाद राज्य की सेवा में कार्यरत समूह क एवं ख श्रेणी के समस्त अधिकारियों की वर्ष 2022.23 से वार्षिक प्रविष्टि (एसीआर) मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल की जाएगी। आदेश के अनुसार असेसमेंट ईयर 2022-23 की वार्षिक प्रविष्टियां ऑनलाइन दर्ज किए जाने के लिए प्रत्येक स्तर पर टाइमलाइन निर्धारित की गई है। इसमें वर्क फ्लो 30 जून तक जेनरेट किया जाएगा।

सेल्फ असेसमेंट 31 अगस्त तक किया जाएगा जबकि प्रतिवेदक 31 अक्टूबर तक, समीक्षक 30 नवंबर तक तथा स्वीकर्ता प्राधिकारी 31 दिसंबर तक अपना रिकमंडेशन प्रदान करेंगे। वार्षिक प्रवृष्टियों का डिस्क्लोजर 31 दिसंबर तक रहेगा, जबकि 15 फरवरी तक प्रवृष्टियों के विरुद्ध प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए जाएंगे। 31 मार्च तक वार्षिक प्रवृष्टियों के विरुद्ध प्रत्यावेदन निस्तारित किए जाएंगे।

प्रदेश को फार्मा का हब बनाने को योगी सरकार ला रही नई फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री पॉलिसी

● फार्मास्युटिकल उद्योग को बढ़ावा देने को सब्सिडी और प्रोत्साहन की मिलेगी सहूलियत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश को फार्मा के क्षेत्र में हब बनाने के प्रयास में जुटी योगी सरकार जल्द ही नई फ ार्मास्युटिकल इंडस्ट्री पॉलिसी-23 लेकर आने वाली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर हाल में एक बैठक में वर्ष 2018 की फ ार्मास्युटिकल इंडस्ट्री पॉलिसी.18 में महत्वपूर्ण बदलाव को लेकर चर्चा की। वर्ष 2018 में नई फार्मास्युटिकल पॉलिसी लायी गयी थी। ऐसे में यूपी जीआईएस-23 में फार्मा क्षेत्र में आए निवेश प्रस्तावों को देखते हुए योगी सरकार ने पॉलिसी में कुछ अहम बदलावों की आवश्यकता महसूस की है। इसके चलते नई फार्मास्युटिकल पॉलिसी लाने का निर्णय किया गया है। सरकार इसके ड्राफ्ट पर कार्य कर रही है। नई पॉलिसी लागू होने के बाद अगले पांच वर्षों तक मान्य होगी।

मुख्यमंत्री के सलाहकार जीएन सिंह ने बताया कि नई नीति का उद्देश्य स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहित करनाए अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देकर नागरिकों को सस्ती दवाओं की उपलब्धता में सुधार करके राज्य के फार्मास्युटिकल और चिकित्सा उपकरण उद्योग में सुधार करना है। नई नीति प्रदेश में फार्मा के विकास के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने पर केंद्रित है। योगी सरकार प्रदेश में फ ार्मास्युटिकल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए फार्मा इंडस्ट्री को सब्सिडी, प्रोत्साहन और भूमि आवंटन करने पर फोकस कर रही है। उन्होंने बताया कि नीति का मुख्य उद्देश्य अत्याधुनिक सुविधाओं की स्थापना और शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग करके अनुसंधान और विकास के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। नई फ ार्मा पॉलिसी को स्थानीय अर्थव्यवस्था को अधिक से अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा हैए जिसमें फार्मास्युटिकल और मेडिकल डिवाइस सेक्टर को विशेष तकनीकए गुणवत्तापूर्ण नियंत्रण प्रणाली और विशेष पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता पर फ ोकस किया जा रहा है। नई पॉलिसी के तहत योगी सरकार इंडस्ट्री स्थापित करने के लिए जमीन की खरीदारी के लिए बैंक से लिए गए कर्ज पर अधिकतम 7 वर्षों तक 50 प्रतिशत ब्याज पर अनुदान देगी, जो प्रति वर्ष अधिकतम 1 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगा। नई पॉलिसी में फ ार्मा और मेडिकल डिवाइस पार्क पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

नीति का उद्देश्य एलोपैथिक, आयुष उत्पादों, चिकित्सा उपकरणों और थोक दवा निर्माण में उपयोग की जाने वाली प्रमुख सामग्री, दवा के बल्क निर्माण के लिए भूखंड की पहचान करना है और पार्क को विकसित करना है। मालूम हो कि फ रवरी में राजधानी में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-23 में 212

मुख्य सचिव ने की यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आगामी 21 से 25 सितंबर तक प्रस्तावित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के व्यापारियों को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाने और उन्हें अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के सक्षम बनाने के लिये इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजार में पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे प्रदेश में ट्रेड और बिजनेस को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ निर्यात को गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि ट्रेड शो की तैयारियों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहियेए सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाये। ट्रेड शो में प्रदेश की प्रतिभा, संस्कृति, संसाधनों और क्षमता को देश में सबसे तेजी से बढ़ते राज्य के रूप में प्रदर्शित किया जाये। शो में प्रदेश के उत्पादों और सेवाओं से संबंधित विभिन्न सेक्टर्स को एक छत के नीचे लाया जाए। यह शो प्रदेश के संपूर्ण उत्पाद रेंज के अलावा बॉयर्स के लिए भी एक वन स्टॉप सोर्सिंग डेस्टीनेशन का काम करेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश का महत्वपूर्ण राज्य है। बीते वर्षों में यहां के औद्योगिक परिदृश्य में काफी बदलाव देखने को मिला है। निवेशक प्रदेश में आना चाहते हैं, यहां निवेश करना चाहते हैं।

योग सप्ताह का हुआ आगाज़

विधायक, डीएम ने किया शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

गुरुवार को कलेक्ट्रेट में विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में योग सप्ताह का दीप जलाकर शुभारंभ किया। सभी तहसील व ब्लाक मुख्यालयों में भी योग सप्ताह पर भव्य कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया। कार्यक्रम में विधायक योगेश वर्मा, डीएम, सीडीओ, एडीएम ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने योगा प्रोटोकॉल के अनुक्रम में विभिन्न योगाभ्यास कराएं। नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 'हर आंगन योग' थीम पर व्यापक स्तर मनाया जा रहा है। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। योग अभ्यास शरीर, मन विचार कर्म आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता और मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य प्रदान करता है। यह स्वास्थ्य एवं कल्याण का पूर्णतावादी दृष्टिकोण है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने इसके महत्व को समझा और समाज को पूर्ण स्वस्थ्य रखने के लिए योग को मानव जीवन के साथ जोड़ने का निरन्तर प्रयास कर रहे है, उन्ही की देन है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। वहीं आज से यही योग सप्ताह का भी शुभारंभ भव्यता के साथ किया जा रहा। डीएम ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही है, बल्कि स्वयं के साथ, विश्व और प्रकृति के बीच एकत्व खोजने का भाव है। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरुकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक होता है। नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक एवं 21 जून को ज़िले में व्यापक स्तर पर मनेगा। प्रात:काल योगाभ्यास कराने की बेबसाइट पर अथवा आयुष कवच एप के माध्यम से अपलोड करे। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने योग के महत्व को बताते हुए इसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूती देने वाला तथा पूरी मानवता को एक साथ जोड़ने का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से अपील की कि वह अपने घर के सदस्यों एवं अन्य लोगों को योग करने हेतु प्रेरित करें। अमृत योग सप्ताह एवं नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या 'आयुष कवच ऐप' पर सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से अपलोड करें।

भाजपा की कथनी और करनी में नहीं है अंतर:सुरेश राही

मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर डाला प्रकाश

बीजेपी सरकार कर रही श्रेष्ठ भारत का निर्माण, सरकार अंत्योदय के स्वप्न को कर रही साकार

संवाददाता। सीतापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर पार्टी के सांसद, मंत्री, विधायक, पदाधिकारी इन दिनों मोदी सरकार की उपलब्धियों को हर व्यक्ति तक पहुंचाने में दिन रात एक किए हुए है। इसके लिए महासंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही मीडिया से मुखातिब हुए और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में अंतर नहीं है। सरकार अन्त्योदय के स्वप्न को साकार कर रही है, और श्रेष्ठ भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि काशी कॉरिडोर केदारनाथ, महा काल कॉरिडोर अयोध्या में भव्य राम मंदिर की परिकल्पना को साकार करते हुए बहुत जल्दी एक गगनचुंबी मंदिर जनता को सरकार समर्पित करेगी।

चार करोड़ रुपये की अफीम के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहांपुर

थाना जलालाबाद पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 4 किलोग्राम अफीम बरामद की जिसकी कीमत चार करोड़ रुपये बताई जा रही। थाना जलालाबाद वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुदीप सिंह सिरोही की पुलिस टीम ने रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान गंगा मन्दिर के पास बरेली रोड से आरोपी लालू गुप्ता को पकड़ा है।अभियुक्त के खिलाफथाना जलालाबाद पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। 2 दिन पहले भी दो तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए थे, जो बदायूं जनपद के रहने वाले थे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया कि अभियुक्त लालू ने पूछताछ पर बताया कि वह और धीरज और सुबोध उर्फ मोनू तीनों मिलकर अफीम का काम करते हैं। हम लोग झारखण्ड से अफीम लाकर पंजाब में सप्लाई करते हैं। यह जो बैगनआर कार पकड़ी गई है, वह गाड़ी धीरज की है। गाड़ी और पैसे धीरज लगाता है। मेरा काम माल लाकर सप्लाई करना है। हम तीनों बराबर के हिस्सेदार हैं। पंजाब में अफीम की बहुत डिमाण्ड है। पंजाब में अफीम की अच्छी कीमत मिल जाती है, जिससे अच्छा मुनाफा हो जाता है। आज अफीम पंजाब में सप्लाई करने जा रहा था कि पुलिस ने पकड़ लिया। जलालाबाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर उसको जेल भेज दिया है, ताकि उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार करने की योजना बनाई है।

जेजेएम परियोजना का निरीक्षण करने मुड़ियाखेड़ा पहुंचे जल शक्ति मंत्री

ग्रामीणों से संवाद कर लिया फीडबैक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

गुरुवार को उप्र के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह अपने निर्धारित एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने विकासखंड लखीमपुर के ग्राम पंचायत मुड़िया खेड़ा में स्थलीय निरीक्षण कर जल जीवन मिशन की परियोजना देखी। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों एवं लाभार्थियों से संवाद किया। जल शक्ति मंत्री मुड़िया खेड़ा में ग्रामीणों से वहां पहुंच रही जलापूर्ति के बारे में भी जानकारी ली। गांव वालों से पूछा कि समय पर जलापूर्ति मिल रही है या नहीं। गांव वालों ने उत्तर दिया हां। मंत्री के पूछने पर डीपीएमयू के ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर शरद शुक्ला ट्रेनिंग के संबंध में संतोषजनक जानकारी न दे सकेए जिसपर मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए कड़ी फटकार लगाई। गांव वालों से पाइप लाइन डालने के बाद मार्ग मरम्मत की वस्तुस्थिति जानीए जिस पर ग्रामीणों ने मरम्मत की बात स्वीकारी। मंत्री के पूछने पर अधिशासी अभियंता जल निगम योगेंद्र कुमार नीरज ने बताया कि इस परियोजना के तहत 460 कनेक्शन दिए गए। जल शक्ति मंत्री ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए ग्रामीणों से केंद्र व प्रदेश सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के संबंध में भी फीडबैक प्राप्त किया। कहा कि योजना से महिलाओं के स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। प्रधानमंत्री के विजन को मूर्त रूप देने के लिए जल प्रबंधन को बेहतर करने के लिए यूपी में तीव्र गति से काम हो रहे हैं। लाखों परिवारों के जीवन में सुधार हो रहा है। कबीना मंत्री ने कहा कि 'हर घर नल योजना' की प्रगति की निरंतर निगरानी की जिम्मेदारी अभियंताओं की है। चेतावनी दी कि जिन साइट में घर-घर नल पहुंचाने का काम गति नहीं पकड़ेगा, वहां उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जाएगी। गांव-गांव में काम को गति देने के लिए फील्ड में उतरना पड़ेगा। निगरानी समेत, जिला प्रशासन का सहयोग और ग्राम प्रधानों के साथ बैठकें करनी होंगी। कबीना मंत्री ने अफसरों को आगाह किया कि गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार की हीला हवाली नही होनी चाहिए। यदि इसमे किसी प्रकार की गड़बड़ी हुयी तो कार्रवाई होगी।

महर्षि पतंजलि के चित्र के समक्ष दीप जलाकर हुआ योग सप्ताह का शुभारंभ

संवाददाता। शाहजहांपुर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह का शुभारंभ सांसद अरुण कुमार सागर महापौर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा योग आयुर्वेद संस्कृत को समृद्धता प्रदान करने वाले किया गया। योग विज्ञान संस्थान के जिला प्रधान डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी ने आयुष मंत्रालय के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया। मंच पर आसनों का प्रदर्शन जिला महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता द्वारा किया गया। कवि डॉ इन्दु अजनबी के संचालन में शुरू हुए कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, महापौर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, एडीएम संजय कुमार पाण्डेय व राशिद अली, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, एसडीएम कपिल देव यादव, जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ राजीव कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ सुमन समेत काफी संख्या में नगर निगम व कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों व महानगर वासियों ने प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया। महानगर वासियों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह दिनांक 15 जून से 21 जून तक प्रतिदिन प्रतिदिन सुबह 5:30 ने की अपील की गई।

कायस्थ संगठनों ने की चित्रगुप्त मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग

संवाददाता। सीतापुर

समाजसेवी एवं वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अभिषेक भारती, सचिव, भारतीय कायस्थ महासंघ की अगुवाई में सीतापुर के विभिन्न कायस्थ संगठनों कायस्थ कल्याण संस्थान, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, चित्रांश शिक्ज़हां संस्थान, कायस्थ सभा आदि के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक सूत्रीय ज्ञापन नैमिषारण्य में स्थित भगवान चित्रगुप्त के जीर्ण शीर्ण मंदिर को चक्रतीर्थ के साथ जोड़ते हुए पुनुरुद्धार कराये जाने हेतु एसडीएम दिव्या ओझा द्वारा जिलाधिकारी सीतापुर को सौंपा। इस मौके पर आलोक सिन्हा, सुजीत श्रीवास्तव, पीयूष श्रीवास्तव, अमन कृष्णा एवम आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

सीएचसी पर आयोजित हुआ योग प्रशिक्षण शिविर

मोहम्मदी-खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी पर आज नमम अंतरराष्ट्रीय योग अधीक्षक डॉ मयंक मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के स्टॉफ तथा रोगियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण शिविर में 150 से अधिक प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। योग प्रशिक्षण शिविर में डॉ अंजना सिंह, डॉ सोनी यादव, रुबीना जैदी, अमित श्रीवास्तव , करुमेश कुमार, देवेंद्र नाथ पांडेय, राजिद सोनी वर्मा, लक्ष्मी यादव सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। योग शिविर प्रशिक्षक डॉ सुदीप तिवारी प्रभारी चि0अधि0 मुड़ा गालिब व योगा सहायक पूजा पांडेय रहीं। शिविर का संचालन डॉ एसके शुक्ला फार्मेसी प्रभारी (राजपत्रित अधिकारी) द्वारा किया गया।

सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, दो घायल

संडीला(हरदोई)। दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली सड़क दुर्घटना अतरौली चौराहे पर हुई जहां अनियंत्रित गति से आ रही डीसीएम में बाईक पर जा रहे दो लोगों को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। इस संबंध में बताया गया कि मृतक 22 वर्षीय दीपक वाल्मीकि तथा उसके 37 वर्षीय चाचा मनकूल निवासी ऐरकाकेमऊ अतरौली गांव में एक दावत में गए थे। वहां से वापस लौटते हुए जब उनकी बाइक अतरौली चौराहे पर पहुंची तो डीसीएम ने इस बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से दीपक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि मनकूल गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। दसूरी दुर्घटना हरदोई रोड पर हुई। बताया जाता है कि थाना बघौली के अंतर्गत ग्राम सादीपुर निवासी 27 वर्षीय रंजीत पुत्र जयहिंद यादव एवं ग्राम बदलापुर निवासी 25 वर्षीय वारु पुत्र रामअवतार बाइक से नौकरी की तलाश में लखनऊ गए थे। वहां से वापस लौटते समय जब उनकी बाइक कछौना में बैंक और बड़ौदा के सामने पहुंची तो इसी अज्ञात वाहन ने इस बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वीरु की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। रंजीत को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है।

भारतीय यूथ ब्रिगेड निकालेगी रैली

बरेली। पुराने शहर से 15 जून को भारतीय यूथ ब्रिगेड बीजेपी समर्पित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम ठाकुर बरेली पहुंच रहे है भारतीय यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष डा0 जाकिर ने बताया की कल दोपहर 1 बजे हमारे भारतीय यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम ठाकुर महानगर बरेली में पधार रहे है जिला अध्यक्ष ने कहा की वो 2024 के चुनाव के अपने पद अधिकारियों के साथ चुनावी राजनीति करेगे और एक विशाल रैली को संबोधित करके रोड शो करेगे इसमें बरेली के दिग्गज नेता बीजेपी के भी शामिल होगे जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में माननीय सांसद संतोष कुमार गंगवार ब मेयर उमेश गौतम भी उस सभा में उपस्थित होगे विशाल रैली शादीमेहल पुराना शहर से लेकर जगतपुर ,सैलानी,बांखडी नाथ मंदिर होते हुए थाना बारादरी और फिर शादी महल पर रेली का समापन होगा इस कार्यक्रम में पद अधिकारियो को सम्मानित वा नियुक्ति पत्र भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथो से बाटे जायेगे।

11 हजार लाइन का तार टूटकर गिरा, चार गौवंश की मौत

शाहजहांपुर। थाना मदनापुर के ग्राम में खेत में गोवंश चर रहे थे। तभी उनके उपर 11 हजार लाइन का तार टूटकर गिर गया। चपेट में आने से चार गौवंश की मौत हो गई। हादसे के बाद गोरक्षक दल के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में गोवंश का अंतिम संस्कार कराया गया। पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफथाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव कुनिया मार्ग पर एक खेत में चार गोवंश चर रहे थे। इसी खेत के ऊपर से 11 हजार पावन की लाइन गुजरी है। बिजली के तार काफी जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। इतना ही नहीं, जर्जर तारों को बिजली के खंभों पर लकड़ी के टुकड़ों से बांध रखा है। कई बार शिकायत के बाद बिजली के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे थे। इसी लापरवाही के चलते अचानक बिजली का तार टूटकर उसके ठीक नीचे चर रही चार मवेशियों पर गिर गया। करेंट की चपेट में आने से चारो गोवंश की मौके पर मौत हो गई।

पति ने पत्नी से ढाई करोड़ ठगे, फरार

बरेली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय नोएडा से पहुंची एक महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए कैंट में रहने वाले एक पुलिसकर्मी की शिकायत की है महिला ने बताया कि उसके पति की मौत अगस्त 2019 में हो चुकी है। उसका 1 पुत्र एवं एक पुत्री है। पुत्री का विवाह हो चुका है। पति की मौत के बाद एक मैरिज ब्यूरो के माध्यम से जनवरी 2020 में कैंट में रहने वाले एक व्यक्ति से मुलाकात हुई थी जिसने खुद को तलाकशुदा पता कर कचहरी पर विवाह किया था जो राजस्थान ले गया, जहां 4 महीने तक किराए के मकान में रखकर शोषण किया। इसी बीच लॉकडाउन लगने की वजह से वह गंगानगर वापस ले आया जहां होटल में 1 महीने रखा उसके उपरांत 8 महीने अलग किराए पर रखा खाने-पीने एवं व्यापार की बात कहते हुए 30 लाख जो कि पीड़िता ने पंजाब स्थित अपने खेत को बेचकर रखे थे अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। सुनीता ने बताया कि 1 अप्रैल 2023 को नोएडा के एक पीजी में रखकर बिना बताए बरेली आ गया और अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया। 28 मई 2023 को पीड़िता के पुत्र की भी मौत हो गई जिसकी खबर मिलने के बाद भी आरोपी ने पलट कर नहीं देखा। किसी तरह पीड़िता ने पता निकाला और 3 जून 2023 को बरेली पहुंची तब वह कैंट स्थित बंगले में अपनी पत्नी बच्चों एवं मां के साथ रह रहा था पीड़िता ने बताया कि उसने बहुत ही प्यार से बिठाला और चाय पिलाई जिससे वह बेहोश हो गई तब पीड़िता के ड्राइवर के साथ उसे वापस गंगानगर भेज दिया। पीड़िता का आरोप है कि 7 जून 2023 को आरोपी ने रायपुर बुलाया और एक कमरे के मकान में रखकर पेटीएम की सहायता से 15000 रुपए और अपने खाते में ट्रांसफर करवाएं। वजह पूछने पर वह डेढ़ लाख रुपया और मांगने लगा और अपनी शेव बनाने की बात कह कर 9 जून को फिर से फरार हो गया जब पीड़िता पुन्हा आरोपी के घर पहुंची तो उसे बंधक बनाकर बेल्टों से पीटा गया और पुलिस को बुलवा लिया। पीड़िता ने जब पूरी बात बताई तो पुलिस ने किसी को साथ लाने की बात कहते हुए पीड़िता को वापस भेज दिया पीड़िता ने बताया कि वह अब किसी प्रकार की कोई बात नहीं कर रहा है धीरे धीरे करके उसने लगभग ढाई करोड़ रूपया ठग लिया है जिसमें पति के बीमे की रकम भी मौजूद थी। अब हार कर पीड़िता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंची है और न्याय की गुहार लगाई है।

जनहित समस्याओं को लेकर सपा का धरना

शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में जनहित की समस्याओं को लेकर सड़क पर धरना देकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट डॉ वेद प्रकाश मिश्रा को सौंपा। समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता खिरनी बाग चौराहे पर एकत्रित हुए और प्रदेश की भाजपा सरकार एवं नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी व प्रदर्शन कर बिजली, पानी, सड़क व पटरी दुकानदार व ठेले वालों एवं पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा व उनके बेटे नगर पंचायत निगोही के चेयरमैन मनोज वर्मा पर तिलहर की भाजपा विधायक द्वारा बदले की भावना से थाना निगोही में उन पर लिखे फर्जी मुकदमे को वापस लेने के संबंध में खिरनी बाग चौराहे पर करते हुए सड़क पर धरने पर बैठ गए।

उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हो सुनिश्चित

डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

स्ट्रीट लाइट का कार्य तीन दिन के भीतर पूर्ण करने के दिए निर्देश

संवाददाता। शाहजहाँपुर।

डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का ससमय निस्तारण कराया जाए, किसी भी दशा में पोर्टल पर आवेदनों को लंबित न रखा जाए। उन्होंने सहायक अभियंता लघु सिंचाई को एक सप्ताह के भीतर औद्योगिक क्षेत्र में भूगर्भ जल संरक्षण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना से संबंधित जागरूकता कैंप लगाने हेतु कड़े निर्देश दिए। उद्यमियों ने स्टांप विक्रेताओं द्वारा मूल्य से अधिक पैसा वसूल किए जाने के संबंध में डीएम को अवगत कराया, जिस हेतु डीएम ने संबंधित अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मूल्य से अधिक कीमत वसूलने वाले स्टांप विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। बनतारा एवं अटसलिया के बीच विद्युत घर की स्वीकृति के संबंध में डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही भूमि पर कब्जा प्राप्त कर विद्युत विभाग को भूमि हस्तांतरण किया जाये। मोहम्मदी रोड से हथौड़ा चौराहा तक स्ट्रीट लाइट का कार्य तीन दिन के भीतर पूर्ण कराते हुए आख्या प्रेषित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। अग्निशमन केंद्र जमौर का कार्य निश्चित समय सीमा में पूर्ण किए जाने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, एएसपी नगर सुधीर जायसवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

राजनीति सेवा का माध्यम हो, धनार्जन का नहीं

सपा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

संवाददाता। संडीला (हरदोई)

समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मिश्रिख संसदीय क्षेत्र की विधानसभा संडीला के प्रभारी विकास यादव ने कहा कि राजनीति को सवा का माध्यम होना चाहिए न की धनार्जन का। व्यक्तिगत स्वार्थपूर्ती के स्थान पर सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को पार्टी हित में कार्य करते हुए आगामी लोगसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लेना चाहिए। युवा सपा नेता अभिषेक दीक्षित द्वारा आयोजित इस कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी विकास यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश की दशा और दिशा तय करने वाला होगा। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को यह संकल्प लेना है कि देश में लोकतंत्र बना रहे क्योंकि भाजपा लगातार लोकतंत्र की जगहों पर चोट कर रही है। नीवन संसद ने सेंगोल की स्थापना यह दर्शाता है कि देश को पुन: भाजपा राजतंत्रात्मक व्यवस्था की ओर ले जा रही है। उन्होंनें कहा कि सपा कार्यकर्ता घर घर जाकर भाजपा के झूठ का पर्दा फार्श करें और लोगों को बताएं कि देश का भविष्य लोकतंत्र के हाथों में ही सुरक्षित है। उन्होंनें कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में जो विकास कार्य किए थे उनके फीते काटकर भाजपा नेतागण अपनी पीठ ठोक रहे हैं। उन्होंनें सावधान किया कि यदि अब भी न चेते तो एक बार पुन: ईस्ट इंडिया कंपनी का साशन आ जाएगा। वरिष्ठ सपा नेता शराफत अली ने कहा कि भाजपा के साशनकाल में अत्याचार की सीमाएं टूट रही हैं। जहां देखों वहां बुलडोजर राज है। कब किसका घर गिरा दिया जाए कोई नहीं जानता। उन्होंनें कहा कि संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत है। सभी सपा कार्यकर्ता व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर, संगठित होकर प्रयास करें। उन्होंनें कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में 86 विधानसभा सीटें ऐसी थीं जहां सपा प्रत्याशी मात्र 200 से 5000 वोटों तक हारे हैं। इस चुनाव में हमें यही दुसरुस्त करना है। इसी अवसर पर उच्च न्यायलय के अधिवक्ता एवं युवा सपा नेता अभिषेक दीक्षित ने कहा कि पिछले चुनाव में प्रशासन ने 100 सीटें सपा की हराई और यही हाल यूपी के निकाय चुनाव में दिखाई पड़ा। इस बैठक में हसन मक्की, अकील अंसारी, मुकेश कुमार आदि ने भी अपने विचार रखकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में कई सभासदगण तथा वरिष्ठ सपा नेतागण मौजूद रहे।

दस केन्द्रों पर 4318 परीक्षार्थियों ने दी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

गुरुवार को जिले के दस परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा में 350 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नकलविहीन परीक्षा संपन्न करवाने के लिए एडीएम संजय कुमार सिंह समेत एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, एसडीएम मितौली विनीत उपाध्याय, एसडीएम मोहम्मदी पंकज श्रीवास्तव, एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्रा, एसडीएम निघासन राजेश कुमार एवं डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह सहित जिले के अधिकारी भ्रमणशील रहे। परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और जानकारी ली। वहीं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भी परीक्षा पर नजर रखी गई। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे 4667 परीक्षार्थियों के लिए जिले में जिले में दस परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिले के दस परीक्षा केन्द्रों कृषक समाज इण्टर कालेज गोलाए केन ग्रोवर्स नेहरू परास्नातक विद्यालय गोला खीरी, भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महा0लखीमपुर, भगवानदीन आर्य कन्या इण्टर कालेज लखीमपुर, अबुल कलाम गर्ल्स इण्टर कालेज लखीमपुर, धर्म सभा इण्टर कालेज लखीमपुर, जीजीआईसी लखीमपुर, गांधी विद्यालय इण्टर कालेज लखीमपुर, युवराज दत्त स्नातकोत्तर महा0 लखीमपुर, गुरूनानक इण्टर कालेज लखीमपुर परीक्षा केन्द्रों पर पहली पाली सुबह नौ से 12 बजे के बीच 350 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 4317 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। वहीं दूसरी पाली दो से पांच बजे के बीच 349 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

चाची ने भतीजे की चप्पल से की पिटाई

सीतापुर। न कोर्ट न कचहरी न थाना, न पुलिस, चप्पल से दे दना दन, वह भी थाने के गेट पर जी हां बुर्का पहने एक महिला दौड़ती है और एक युवक को चप्पल मारती है, वह भी थाने के गेट पर, पहले विवाद होता है और फिर चप्पल चलती है। सीतापुर जनपद के थाना रेउसा गेट पर हुए चप्पल काण्ड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा वायरल। वायरल वीडियो के बारे में बताया जा रहा है कि रेउसा थाना इलाके के कोड़रा गांव के दो भाइयों अजीद और मजीद की जमीन विवाद का मामला थाने में फैसले के लिए आया था। गांव के प्रधान नसीर सहित संभ्रान्त लोगों को भी बुलाया गया था। वाद-विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस ने दोनों पक्षों को कोर्ट में जाने के लिए कह दिया। थाने से निकलकर गेट पर आए फिर वाद-विवाद होने लगा, फिर चाची और भतीजे के बीच कहासुनी होने लगी, चाची मजीदा ने भतीजे शकील को चप्पल से पीट दिया। थाने के गेट पर पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

भाजपा ने किया टिफिन बैठक का आयोजन

संवाददाता। बरेली

भाजपा महानगर कैंट विधानसभा टिफिन बैठक का आयोजन चंद्रकांता सभागार सिविल लाइंस में आयोजित किया गया। सांसद संतोष गंगवार ने टिफिन बैठक में कहां केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है और मोदी सरकार ने देश की पहचान विश्व में अलग बनाई है । कैंट विधायक संजीवअग्रवाल ने कहा टिफिन बैठक का आयोजन करने का मकसद हमारा आपसी भाईचारा मजबूत हो केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष मैं भी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई आज आप सब के प्रयास से ही केंद्र में सरकार है और केंद्र सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियां आप सबके सामने हैं हमारे देश के प्रधानमंत्री ने विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है देश का मान बढ़ाया है महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा ने कहा आप सब के प्रयास से ही आज संगठन एक मजबूत स्तंभ के रूप में खड़ा है केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को जन तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है लोकसभा का चुनाव नजदीक है आप सब के सहयोग से ही चुनाव में पूर्ण रूप से सहयोग करना है भाजपा मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि टिफिन बैठक रखने का उद्देश्य आपसी भाईचारा और साथ में भोजन बैठकर करें और केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में उनकी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य बैठक के माध्यम से किया गया बैठक में प्रमुख रूप सांसद संतोष गंगवार, कैंट विधायकध्प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल,महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा, पूर्व महापौर कुंवर सुभाष पटेल, डॉ सी पी एस चौहान, मंडल अध्यक्ष व पार्षद गण मौजूद रहे ।

विश्व रक्तदाता दिवस पर युवक ने पेश की मिसाल

संवाददाता। सीतापुर

विश्व रक्तदाता दिवस के दिन एक युवा उस समय मिशाल के साथ प्रेरणादायक बन गया, जब अपने जन्मदिन पर लखनऊ से 100 किलोमीटर चलकर सीतापुर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करने आ पहुंचा। वह भी भीषण गर्मी में। वैसे तो जन्मदिन पर जश्न मनता है, पार्टी होती है लेकिन लखनऊ के रहने वाले उत्सव ने अपने जन्मदिन के दिन रक्तदान कर किसी जिंदगी को बचाने का जो नेक काम किया वह प्रेरणादायक बन गया। दरअसल सीतापुर के जिला अस्पताल में स्थित ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर की जानकारी संजीवन संस्था से मिलने के बाद लखनऊ के रहने वाले उत्सव ने बस से सीतापुर का सफर किया, और रक्तदान कर एक मिसाल कायम की। ब्लड बैंक की प्रभारी डॉक्टर पूजा यादव ने उत्सव के इस कदम की सराहना की।

मोदी सरकार के नौ वर्षों में बदली देश के गरीबों की तकदीर: पटेल

● सरकार की उपलब्धियां गिनाने को मोटरसाइकिल यात्रा का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 9वर्ष के कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक कार्यो को जनता के बीच गिनाने के लिए विकास मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मोटरसाइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्यालय के पटेल तिराहा से बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि मोदी सरकार का 9वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। मोदी सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के कार्यो को जनता के बीच गिनाने के लिए भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जनजागरण यात्रा निकाली जा रही है।

गुरुवार को मुख्यालय स्थित पटेल तिराहा से भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा के नेतृत्व एवं मोहित मिश्रा के संयोजकत्व में निकाली गई मोटरसाइकिल यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि रहे बांदा-चित्रकूट सांसद तथा विशिष्ट अतिथि रहे भाजयुमो कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 9वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी कार्यो को युवा मोर्चा मंडल-मंडल जाकर नुक्कड़ सभा करके गिनाने का काम करेगा। विशिष्ट अतिथि रहे सुनील साहू ने कहा कि 9वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल को युवा मोर्चा क्षेत्र, जिला, मंडल, बूथ तक जाकर सरकार की योजनाओं से जनमानस को रूबरू करा कर 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रभावी भूमिका निभाएगा।

नशीले पदार्थों की तस्कर मां बेटी की संपत्ति की गई जब्त

आलोक निगम। बांदा

हिस्ट्रीशीटर तथा गैंगस्टर एक्ट की अभियुक्ता, उसके पति व पुत्री द्वारा आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध तरीके से अर्जित की गई लगभग 14.5 करोड़ की सम्पत्ति को जब्त किया गया। थाना बबेरु क्षेत्र के गांधीनगर की रहने वाली अभियुक्ता शांति देवी द्वारा गिरोह बनाकर लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर बड़े पैमाने पर अर्जित की गई थी। अवैध सम्पत्ति प्रदेश में माफियाओं व नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले श्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीतित के क्रम पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहकर अवैध रूप से संम्पति का अर्जन करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्रवाई के क्रम में प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

अवैध रूप से अर्जित की गई कुल 14 करोड़ 41 लाख 56 हजार 4 सौ रुपये की सम्पत्ति को कुर्क कर लिया गया। अभियुक्ता शांति देवी उक्त गिरोह की सक्रिय गैंग लीडर है जो कि थाना बबेरु की हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है ।

स्वस्थ्य और निरोगी जीवन के लिए योग जरूरी: अभिषेक आनंद

● डीएम ने किया योग सप्ताह का शुभारम्भ

संवाददाता। चित्रकूट

नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह को हर घर योग 15 से 21 जून को सफल बनाने की गरज से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने कोठी तालाब स्थित पार्क में दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

गुरुवार को योग सप्ताह के शुभारम्भ पर जिलाधिकारी ने कहा कि योग जीवन शैली का अहम हिस्सा है। ये आज से नहीं, बल्कि कई सालों से भारतीय संस्कृति की अहम धरोहर है। योगाभ्यास शरीर व मनमास्तिष्क तक के लिए आवश्यक है। शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ मांसपेशियों में ताकत और शरीर के लिए भी फायदेमंद है। योग जीवन में नई उर्जा संचारित करता है। केंद्र व प्रदेश सरकार योगाभ्यास पर विशेष ध्यान दे रही है।

फतेहगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह प्रारंभ

फर्रुखाबाद। गुरुवार प्रातः 6 बजे बजे जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ फर्रूखाबाद में दीप प्रज्वलित कर अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का शुम्भारभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी साथ अन्य अधिकारी, एवं जनसामान्य ने योग किया। गुरुवार को सुबह जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने फतेहगढ़ के ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में दीप प्रगवलित कर अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का शुम्भारभ किया। उन्होंने कहा कि 'करो योग रहो निरोग' के मंत्र को सभी को अपनाना चाहिए। योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक चलेगा।

योग सप्ताह का शुभारंभ, लगे प्रशिक्षण शिविर

फतेहपुर। नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम हर घर-आंगन योग के अन्तर्गत जनपद में योग सप्ताह के प्रथम दिन भव्य तरीके से योग सप्ताह का शुभारंभ हुआ। जनपद, तहसील, ब्लाक, नगर पालिका, नगर पंचायत स्तर पर उदघाटन समारोह हुए। उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम ग्राम पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत के वार्डो, तहसील मुख्यालय, ब्लाक मुख्यालय, जनपद मुख्यालय, पीएसी, पुलिस लाइन, जनपद के बड़े थाने, आदि जगहों पर योगाभ्यास किया गया।

पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी आधा दर्जन शातिर चोर गिरफ्तार

कालपी, जालौन। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा के निर्देशन में अपराधियो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की श्रृंखला में इलाकाई पुलिस को बड़ी सफ्लता मिली जब पुलिस घेराबंदी करके एक महिला समेत आधा दर्जन शातिर बदमाशों को चोरी के जेवरात तथा नकदी समेत गिरफ्तार करने में कामयाब रही।

स्थानीय कोतवाली के मीटिंग हाल में घटना का अनावरण करते हुये क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी ने अवगत कराया कि 5 जून को मां बनखंडी देवी मंदिर आलमपुर कालपी में 2 महिलाओं के गले में पहने मंगलसूत्र को भीड़भाड़ के बीच चुरा लिए थे। इस मामले में एक महिला को सीसीटीवी कैमरे की जद में आ गई थीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, सिंगदार सिंह की पुलिस टीम ने कालपी नगर के बाईपास स्थित करबला गेट के पास आरोपी महिला रामादेवी पत्नी राम प्रसाद निवासी ग्राम सिंहीपुर थाना घाटमपुर कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से चोरी के मंगलसूत्र तथा नगदी बरामद की है। पुलिस ने बदमाशों के पास से 60 हजार रुपये नगदी एक बोलेरो कार तथा चोरी के दो मंगलसूत्र को बरामद करने में सफ्लता हासिल की है।

एटीएम से फ्राड करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

हमीरपुर। एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर खाता हैक करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है। पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा ने बताया कि कुरारा क्षेत्र में पुलिस ने जांच के दौरान दो बाइकों में चार लोगो को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो कमल निषाद, हरिश्चंद्र निवासी देवकली थाना कालपी जिला जालौन, महेश निषाद निवासी गुढाखास निवासी कालपी, कपूर निषाद निवासी गोकुल डेरा थाना कुरारा, हरिश्चंद्र निवासी ने बताया कि वे लोग नौकरी के नाम पर रुपया मांगते है कई लोगो से एटीएम किराये पर लेते हैं। एटीएम से पैसा निकालने के बाद मशीन से छेड़छाड़ करने के बाद मशीन ट्रांजेक्शन फेल दिखाता है। इसके बाद कस्टमर केयर से बात कर शिकायत दर्ज कराते हैं और बैंक से फिर से निकाली गयी रकम प्राप्त कर लेते है। पुलिस ने चारो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है।

केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने गिनाईं विकास कार्यों की उपलब्धियां

● सदर विधायक ने प्रेस वार्ता कर प्रस्तुत की तुलनात्मक स्थिति

संवाददाता। उरई, जालौन

केंद्र में भाजपा सरकार को पूरे 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर स्पष्ट कर दिया कि वर्ष 2014 से पहले 10 वर्ष में देश की उन्नति अंधेरे में रही जब देश में भाजपा की सरकार आई उसके बाद तेजी के साथ विकास के नए आयाम खुले फिर चाहे वह खेती किसानी का क्षेत्र हो या व्यवसाय शिक्षा स्वास्थ्य तकनीकी अथवा फिर अन्य क्षेत्र देश ने पिछले 9 वर्षों में तेजी के साथ विकास के सोपान पूरे किए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान सदर विधायक गौरीशंकर ने केंद्र सरकार की अन्य उपलब्धियों का विवरण देते हुए कहा कि भारत ने दुनिया के अन्य कई देशों में भी वैक्सीन पहुंचाकर आत्मनिर्भरता का परिचय दिया है गरीबों के लिए आवास निर्माण शौचालयों का निर्माण बालिका शिक्षा के लिए उन्नति के अवसर महिला सुरक्षा और खदान वितरण सहित गरीबों के इलाज आदि कई बड़े कार्यक्रमों में देश की जनता को लाभान्वित कराया है। पिछले कोरोना काल में डॉन से वैक्सीन डिलीवरी दुर्गम इलाकों में भारत सरकार ने सुनिश्चित कराई रिकॉर्ड समय में लाखों लोगों का टीकाकरण करने का असंभव कार्य हासिल किया यह सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

भाजयुमो की बाइक यात्रा को विधायक ने किया रवाना

फतेहपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मोदी सरकार के नौ साल महासंपर्क अभियान के तहत पूरे जनपद के कोने-कोने तक निकाली जा रही बाइक यात्रा का आज बावनी इमली से शुभारंभ हुआ। जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिवेंद्र सिंह ने नुक्कड़ सभाओं में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि जिस प्रकार मंडलवासियों/जनपदवासियों ने 14 में मोदी, 17 में योगी, पुनः 19 में मोदी, 22 में पुनः योगी को आशीर्वाद दिया वैसे ही 24 में भी पूर्ण विकास, राष्ट्रवाद, संस्कृति को वोट करें।

क्विक न्यूज

डीएम ने किया बीएड प्रवेश परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने संयुक्त रूप से बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2023 -25 में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा- 2023, को शांतिपूर्ण, सुचितापूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर में चल रही परीक्षा केंद्र में पहुंचकर निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उपस्थित केंद्र व्यवस्थापक द्वारा बताया गया कि विद्यालय में 500 के सापेक्ष 442 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं, जिसमें से 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने समस्त केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के रखरखाव आदि की व्यवस्था दुरस्त रहे। इसके पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा अकबरपुर इंटर कॉलेज में चल रही परीक्षा का भी भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

सर्राफा दुकान से कीमती जेवरात लेकर युवक रफूचक्कर

फर्रुखाबाद। एक शातिर युवक सर्राफा की दुकान से लाखों कीमती जेवरात लेकर भाग गया। इस घटना से थाना व कस्बा कंपिल के बाजार में सनसनी फैल गई। दोपहर बाद करीब एक बजे 25 वर्षीय युवक मेन चौराहा स्थित अंकुर वर्मा पुत्र शंभू दयाल की सर्राफ दुकान पर पहुंचा। युवक ने अंकुर से जेवरात दिखाने को कहा अंकुर ने कई प्रकार के जेवरात दिखाये जेवर पसंद न होने पर बाजार से और अच्छे डिजायन के जेवरात लाकर दिखाए गये। युवक ने सोने की एक अंगूठी व जंजीर पसंद कर ली। बजन कराने के बाद युवक ने परिजनों को जेवरात दिखाने के लिए अंगूठी व जंजीर की मोबाइल से फोटो खींच कर व्हाट्सएप पर भेजी। अंगूठी व जंजीर काउंटर पर रखी थी। अंकुर की जैसे ही नजर हटी वैसे ही ही युवक जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गया।

मितुल ने नीट पास कर परिवार का नाम रोशन किया

जालौन, उरई। नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया 3356 रैंकिंग लाकर मितुल माहेश्वरी ने अपने परिवार का नाम रोशन किया। खास बात यह है कि उन्होंने इसके लिए कोई कोचिंग नहीं ली बल्कि घर पर ही पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया। उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मूल रूप से नगर के रहने वाले विपुल माहेश्वरी के पुत्र मितुल माहेश्वरी ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने माता पिता और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने नीट की परीक्षा में अपने पहले की प्रयास में ऑल इंडिया 3356 रैंकिंग हासिल की है। उन्हें 720 में 666 अंक प्राप्त हुए हैं। पत्रकारों से वार्ता में मितुल ने बताया कि उन्होंने परीक्षा के लिए किसी कोचिंग को ज्वाइन नहीं किया। बल्कि घर पर ही रहकर और ऑनलाइन पढ़ाई कर यह रैंकिंग हासिल की है।

लोकेशन देने वाले सात लोगों पर गैंगेस्टर एक्ट

चित्रकूट। अपराधियों के खिलाफ जारी कार्रवाई में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा ने सात लोकेशन गैंग माफियाओं के खिलाफगैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इससे लोकेशन गैंग में खासी खलबली है। गुरुवार को जिले के चित्रकूट, प्रयागराज, रायबरेली के कुछ अपराधी किस्म के लोग पिछले महीनों से संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ लेने की गरज से बालू, गिट्टी का अवैध ढंग से बिना रवन्ना ओवरलोड ट्रकों को खनिज, परिवहन, वाणिज्य एवं पुलिस अधिकारियों की लोकेशन ट्रेस करके जिले की सीमा से बाहर भेजते थे।

बाइक से गिरकर महिला की मृत्यु,दो घायल

मौदहा, हमीरपुर। नगर समेत क्षेत्र में हुई अलग-अलग बाईक दुर्घटनाओं में एक महिला की मौत हो गई जबकि अधेड़ की हालत चिंताजनक होने के कारण उसे मुख्यालय रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र बिवार के ग्राम निवादा निवासी रामप्रकाश खंगार अपनी पत्नी कंचन (35) व डेढ़ वर्षीय बेटे को बाईक में लेकर कंचन के मामा के यहां जनपद बांदा गया हुआ था। गुरुवार की दोपहर जब वह बाईक से परिवार समेत वापस अपने गांव लौट रहा था तभी कपसा मौदहा मार्ग पर मौदहा के समीप संतुलन बिगड़ने से कंचन बाईक से सड़क में गिर गंभीर रूप से घायल हो गई। रामप्रकाश ने लोगों की मदद से उससे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया जहां ईलाज के दौरान कंचन की मौत हो गई।

भाजपा प्रत्याशी का समर्थन करेगा सर्व वैश्य समाज

फतेहपुर। सर्व वैश्य समाज की एक आवश्यक बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन करके जिताने का काम किया जायेगा। बैठक में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों पर चर्चा भी की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता ने किया।

जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

● निजी कारखानों के निर्माण में रेनवाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कराने के दिए निर्देश

संवाददाता। फर्रुखाबाद

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। लघु सिंचाई विभाग यह सुनिश्चित कराए कि जो बड़े घर एवम निजी कारखानों का निर्माण करा रहे है उनमें भी रेनवाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण अवश्य कराया जाए। डीपीआरओ को ग्राम पंचायतों की पीपीटी तैयार कराने के निर्देश दिए। पंचायती राजध्माध्यमिक शिक्षा विभाग को विद्युत बकाया जमा कराने के निर्देश दिए।

विद्युत विभाग को विद्युत कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। एक लाख नए कनेक्शन का लक्ष्य दिया। विद्युत बकाया की बड़ी आरसी उपलब्ध कराने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। सेतु पुल भोलेपुर-सुक्रुगापुर अक्टूबर,2023 तक शुरू करने के निर्देश सेतु निगम को दिए। फसल बीमा में बिना किसान की अनुमति के के सी सी से प्रियम कटना नहीं चाहिए। गौशाला में संरक्षित गोवंश की हेल्थ में पहले से अधिक सुधार हो इस प्रकार की बेहतर सुविधा डबलप की जाए। मुख्य विकास अधिकारी को सभी गौपालकों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गौशाला में गर्मी कंपोस्ट बनाकर सरकारी नर्सरी को बेचने के निर्देश दिए।

ग्रीष्मावकाश कार्यशाला में बच्चों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

फर्रुखाबाद। कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की कला संस्कृति ग्रीष्मावकाश कार्यशाला में विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण देकर बच्चों को हुनर मंद बनाया जा रहा है। नगर के सेनापति स्ट्रीट स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित ग्रीष्मावकाश कार्यशाला में प्रति दिन कथक, ढोलक, सौंदर्य कला, मेंहदी सिलाई नृत्य आदि का प्रशिक्षण देकर बच्चों को हुनरमंद बनाया जा रहा है, साथ ही समाज और संस्कृति के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यशाला में प्रशिक्षिकाओं द्वारा प्रतिदिन भारतीय पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार चली आ रही, ढोलक, कथक, मेंहदी, सिलाई, नृत्य चित्रकला, सौंदर्य कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चित्रकला प्रशिक्षण दे रहीं नेहा सक्सेना का कहना है एक चित्र हजारों शब्दों के बराबर होता है,कलाकर चित्र के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार है उसे प्रदर्शित करता है।

नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर बेटी ने दी सपनों को उड़ान

पुखरायां, कानपुर देहात। कानपुर देहात जिले में कस्बा पुखरायां निवासी पूर्व सैनिक की बेटी ने नीट की परीक्षा में सफ्लता हासिल की है। अब वह एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बनेगी। उसकी सफ्लता की खबर सुनकर गुरूवार को घर में बधाई देने वालों का तांता लगा है। पुखरायां कस्बे के श्याम नगर मंडी समिति निवासी पूर्व सैनिक रंजीत कुमार की पुत्री शालिनी प्रजापति ने अपने दूसरे प्रयास में नीट की परीक्षा अच्छे अंकों से पास की है। नीट परीक्षा में उसने 720 में से 638 अंक हासिल किए हैं। उसकी ऑल इंडिया में 10581 रैंक प्राप्त की है जबकि ओबीसी श्रेणी में 4098 रैंक रही। शालिनी की प्रारंभिक शिक्षा कस्बे के मिलेनियम पब्लिक स्कूल मीरपुर कालोनी में हुई है।

योग को बनाएं अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा: डीएम

कानपुर देहात। नवें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से योग सप्ताह 15 जून 2023 से 21 जून 2023 तक आयोजन करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। इसी के अन्तर्गत आज जनपद कानपुर देहात के ईको पार्क में योग दिवस की औपचारिक शुरूआत जिलाधिकारी नेहा जैन के द्वारा पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति और मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की उपस्थित में किया गया।

साथ ही साथ इस आयोजन में जनपद स्तरीय सम्पूर्ण अधिकारियों ने, युवक मंगल दल के नवयुवकों व नवयुवतियों ने, समाज के सम्भ्रान्त लोगों ने इसमें प्रतिभाग किया और जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ मिलकर योगा टीम के साथ योगाभ्यास भी किया। जनपद कानपुर देहात में योग प्रशिक्षक अमित शर्मा, वैशाली एवं अंजनी कुमार द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि निरंतर योगाभ्यास करते रहे और अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा योग को बना लें तभी स्वस्थ्य रहेंगे।

मंडलायुक्त ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

कानपुर देहात। मंडलायुक्त, कानपुर लोकेश एम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रनिया, कानपुर देहात का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डीएम, कानपुर देहात एवं सीएमओ उपस्थित रहे। सर्वप्रथम आयुक्त ने प्रवेश द्वार पर स्थित हेल्प डेस्क का विजिट किया। पूछने पर वार्ड ब्वॉय द्वारा बताया गया कि सुबह से अब तक कुल 39 मरीज आये हैं। ओपीडी के निरीक्षण के समय डॉक्टर सिद्धार्थ से पूछने पर उनके बताया गया कि ओपीडी में फंगल इन्फेक्शन, कॉमन कोल्ड, फीवर के ज्यादातर मरीज आते हैं और सुबह से अब तक कुल 7 मरीजों को देखा गया है। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध एंटीबायोटिक दवाओं की उपलब्धता के बारे मे पूछने पर वे आयुक्त को सही जानकारी नहीं दे सके।

पेज एक का शेष

गुजरात में...

9,942, मोरबी में 9,243, राजकोट में 6,822, जूनागढ़ में 4,864, पोरबंदर में 4,379 और गिर सोमनाथ जिले में 1,605 लोगों को निकाला गया है। इसमें कहा गया, जिन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, उनमें 8,900 बच्चे, 1,131 गर्भवती महिलाएं और 4,697 बुजुर्ग शामिल हैं। इन आठ जिलों में कुल 1,521 आश्रय गृह बनाए गए हैं। चिकित्सा दल नियमित अंतराल पर इन आश्रय गृहों का दौरा कर रहे हैं। आईएमडी की अहमदाबाद इकाई की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि शुक्रवार को चक्रवात की तीव्रता कम होने के बावजूद तेज हवाएं चलेंगी। इस बीच, चक्रवात के टकराने से पहले कच्छ, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, देवभूमि द्वारका और अमरेली के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार दोपहर तक छह घंटे में 10-20 मिलीमीटर तक भारी बारिश दर्ज की हुई। आईएमडी अधिकारियों ने कहा कि सौराष्ट्र-कच्छ के अलावा, गुजरात के अन्य जिलों में भी 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही हल्की बारिश हो सकती है। अधिकारियों ने कहा कि चक्रवात के कारण होने वाली क्षति के मद्देनजर प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी कर रहा है कि बिजली और पानी की आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो इस बीच, देवभूमि द्वारका के प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर और गिर सोमनाथ के सोमनाथ मंदिर को बृहस्पतिवार को दर्शनार्थियों के लिए बंद रखने का फैसला किया गया है। पश्चिम रेलवे ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एहतियात के तौर पर 76 ट्रेन को रद्द कर दिया गया है, जबकि 36 को बीच रास्ते में रोक दिया गया है और 31 ट्रेन को केवल चुनिंदा स्टेशन पर संचालित करने का फैसला लिया गया है।

अमेरिका से...

तक और 50,000 फीट ऊंचाई की परिचालन सीमा के साथ, ड्रोन 3,850 पाउंड (1,746 किलोग्राम) का पेलोड ले जा सकता है, जिसमें 3,000 पाउंड (1,361 किलोग्राम) बाहरी भार शामिल हैं। यह कई मिशन पेलोड को समायोजित करने में भी सक्षम है। भारत के अलावा प्रीडेटर ड्रोन को यूनाइटेड स्टेट्स एयर फोर्स, डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी, नासा, रॉयल एयर फोर्स, इटैलियन एयर फोर्स फ्रांसिसी एयर फोर्स और स्पैनिश एयर फोर्स सभी ने अपने रक्षा बलों में शामिल किया है।

बृजभूषण के...

गई। उन्होंने बताया कि अन्य पहलवानों द्वारा दर्ज कराई शिकायत पर आधारित दूसरे मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 354डी (पीछा करना) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय कुश्ती महासंघ के एक निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी भारतीय दंड संहिता की धारा 109 (यदि कोई किसी को अपराध के लिए उकसाता है, यदि दुष्प्रेरित कार्य उकसाने के परिणामस्वरूप किया जाता है और जहां उसके दण्ड के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान न हो), 354, 354ए और 506 (आपराधिक भयादोहन) के तहत आरोपपत्र दाखिल किया गया है। पटियाला हाउस अदालत में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र सिंह ने कहा कि पॉक्सो मामले को रद्द करने की रिपोर्ट पर चार जुलाई को विचार किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार करीब 1500 पन्नों के आरोप पत्र में सभी छह महिला पहलवानों के विस्तृत बयान साक्ष्यों के साथ हैं। गवाहों के 200 से अधिक बयान में से आरोप पत्र में केवल उनका उल्लेख किया गया है जो संगत हैं और पीड़ितों के आरोपों का समर्थन करते हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि केवल 100 गवाहों के बयान मामले में संगत पाए गए हैं, लेकिन इनमें से भी बहुत ही कम गवाहों के बयानों की पुष्टि पीड़ितों के आरोपों से होती है। एक पुलिस सूत्र ने कहा कि मामले में सभी छह महिला शिकायतियों ने विस्तार से अपने बयान दर्ज कराए और हमने समर्थन करने वाले साक्ष्य जुटाए हैं जो कॉल डिटेल रिकॉर्ड (पिछले साल से उपलब्ध), तस्वीरें और वीडियो के रूप में हैं और आरोप पत्र का हिस्सा हैं। सूत्रों के अनुसार आरोप पत्र में प्रत्येक पीड़ित के मामले का अलग से विवरण है। सूत्रों के अनुसार जांच के क्रम में दिल्ली पुलिस ने पांच अन्य देशों के कुश्ती संघ/महासंघों को पत्र लिखकर सिंह द्वारा यौन उत्पीड़न की कथित घटनाओं के संबंध में जानकारी मांगी है, लेकिन उनके जवाब का इंतजार है। अधिकारियों ने बताया कि जवाब मिलने के बाद इस विवरण को भी आरोप पत्र में दाखिल किया जाएगा। महिला पहलवानों की शिकायत पर दर्ज एक अन्य मामले में राउज एवेन्यू अदालत में अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दीपक कुमार ने आरोपपत्र पर विचार करने के लिए 22 जून की तारीख तय की है। इस बीच, प्रदर्शन करने को लेकर पहलवानों ने चुप्पी साध ली है।

कर्नाटक में...

खरगे नीत कांग्रेस को नई मुस्लिम लीग करार दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री बी.आर. पाटिल ने ट्विटर पर सवाल किया कि राहुल गांधी बताएं कि क्या यह मोहब्बत की दुकान है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया का हिंदू विरोधी एजेंडा सामने आ गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि ने कहा कि कर्नाटक में धर्मांतरण माफिया ने यह सुनिश्चित किया है कि भाजपा सरकार द्वारा लाए गए धर्मांतरण विरोधी कानून को हिंदू विरोधी कांग्रेस निरस्त कर दे।

पाठ्य पुस्तकों...

फैसला किया है। कैबिनेट की बैठक में यह भी फैसला किया गया कि समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले, इंदिरा गांधी को लिखे गए नेहरू के पत्रों और डॉ. बी आर आंबेडकर पर कविता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पिछली सरकार द्वारा किए गए परिवर्तनों को हटाया जाएगा। कानून एवं संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल ने कैबिनेट की बैठक के बाद कहा कि पाठ्यपुस्तकों में संशोधन के संबंध में कैबिनेट ने विभाग द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा की और अपनी मंजूरी दे दी।

मणिपुर में...

निलंबित हैं। गौरतलब है कि मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें हुई थीं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर में हिंसा को लेकर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि शांति बहाली के लिए वहां एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजा जाए। दूसरी ओर, कांग्रेस ने कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने मणिपुर में चुनाव जीतने के लिए कुकी चरमपंथियों के साथ समझौता किया था। पार्टी नेता अजय कुमार ने कहा कि इस मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच होनी चाहिए और इस समझौते को करने वाले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के नेता राम माधव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। भाजपा या माधव की तरफ से फिलहाल इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने दावा किया कि यूकेएलएफ नामक चरमपंथी संगठन द्वारा गृह मंत्री अमित शाह को कथित तौर पर लिखे गए पत्र से खुलासा हुआ है कि शर्मा और माधव ने उसके साथ समझौता किया था, जिसके तहत इस समूह ने 2017 और 2019 के विधानसभा चुनावों और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था। कांग्रेस ने इस पत्र की एक प्रति भी जारी की है।

दुनिया की...

तीन-चार वर्ष पहले जब सूर्यकुंड गए थे तो यह जर्जर था। पानी सड़ रहा था। कोई पुरसाहाल नहीं था लेकिन अब सूर्यकुंड ने अहसास करा दिया कि अयोध्या इसी प्रकार से बनेगी। सीएम ने सूर्यकुंड की स्थिति के बारे में लोगों से ही पूछा। सीएम ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि जनता को रात्रि 8 बजे ले जाकर लाइट एंड साउंड दिखाएं। सीएम ने कहा कि अभी प्रारंभिक रूप में कार्य के कारण परेशानी हो रही होगी, लेकिन बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शुरुआती कठिनाई झेलनी पड़ती है। अगले चार-छह महीने में अयोध्या की सड़कें दिल्ली की राजपथ सी लगेंगी। हमने उसका नाम रामपथ ही रखा है। हनुमानगढ़ी के पीछे से सुग्रीव किला के पास से श्रीराम जन्मभूमि के लिए जो मार्ग जा रहा है, भक्तिपथ के रूप में शानदार मार्ग बनने जा रहा है। अयोध्या में इससे पहले इतने चौड़े मार्ग नहीं थे। पंचकोसी, 14 कोसी, चौरासीकोसी, नया बाईपास, रिंग रोड, फ्लाईओवर बन रहे हैं। चिकित्सालयों, शिक्षा केंद्रों के विकास कार्यक्रमों को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 9 वर्ष के यशस्वी कार्यकाल के लिए हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर अलख जगाने का कार्य करे और 2024 में एक बार फिर से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार बने। जनसभा में अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह आदि मौजूद रहे।

बोरिस ने संसद को गुमराह किया : समिति

● कोविड-19 संबंधी लॉकडाउन के उल्लंघन का मामला

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने डाउनिंग स्ट्रीट में कोविड-19 संबंधी नियमों को तोड़कर आयोजित की गई पार्टियों की जानकारी होने से इनकार करके संसद को जान-बूझकर और बार-बार गुमराह किया था। संसद की एक सर्वदलीय समिति ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया। 10-डाउनिंग स्ट्रीट ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आधिकारिक कार्यालय और आवास है। संसद की विशेषाधिकार समिति (कॉमन्स प्रिविलेजेस कमेटी) ने पार्टीगेट स्कैंडल में अपनी अंतिम रिपोर्ट जारी की है। इससे कुछ दिन पहले 58 वर्षीय जॉनसन ने समिति के सदस्यों पर अपने पीछे पड़ जाने का आरोप लगाते हुए संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। समिति ने जॉनसन को संसद के नियमों का उल्लंघन करने के लिए जिम्मेदार ठहराया और समिति की ईमानदारी को लेकर जॉनसन के आरोपों पर उनकी निंदा की। समिति ने सिफारिश की थी कि यदि जॉनसन संसद से इस्तीफा नहीं देते तो उन्हें 90 दिन के लिए निलंबित किया जाए। समिति की रिपोर्ट में कहा गया, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि जॉनसन ने जानबूझकर संसद को गुमराह करके गंभीर अवमानना की है। अवमानना इसलिए और अधिक गंभीर थी क्योंकि इसे प्रधानमंत्री ने किया था जो सरकार के सबसे वरिष्ठ सदस्य होते हैं। समिति ने कहा कि इस तरह का इतिहास में कोई मामला नहीं देखा गया है जब किसी ब्रिटिश प्रधानमंत्री को जानबूझकर संसद को गुमराह करने के लिए जिम्मेदार पाया गया हो। उसने जॉनसन पर विच हंट और कंगारू अदालत जैसे अपमानित करने वाले शब्दों का इस्तेमाल कर यथोचित संसदीय प्रक्रिया की अवमानना का भी आरोप लगाया। सांसद के रूप में जॉनसन के इस्तीफे के मद्देनजर समिति ने सिफारिश की है कि उन्हें पूर्व सदस्य का पास भी नहीं मिलना चाहिए ताकि वह संसद में सीमित रूप से भी नहीं आ सकें। रिपोर्ट में जिन प्रतिबंधों की सिफारिश की गई है, उन पर सांसदों को मतदान करना होगा। जॉनसन के आचरण पर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट पर ब्रिटिश सांसद सोमवार को बहस करेंगे। यह जानकारी संसद की नेता पेनी मोरडौंट ने दी। उन्होंने कहा, ए मामले सदन के लिए कठिन होते हैं। हमें साक्ष्यों को देखना होगा। हमें रिपोर्ट देखनी होगी। इस बीच जॉनसन ने प्रतिक्रिया स्वरूप एक बार फिर कड़े शब्दों में बयान जारी किया और कहा, यह लोकतंत्र के लिए भयावह दिन है। उन्होंने रिपोर्ट को राजनीतिक तौर पर हत्या करने वाली कहकर खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, इस निर्णय का मतलब है कि कोई सांसद एक अल्पमत वाले उस समूह के मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर प्रतिशोध की कार्वाई का शिकार होने या निष्कासन से मुक्त नहीं है जो उसकी संसद सदस्यता जाते हुए देखना चाहता है। जॉनसन ने कहा, मैं संसद की रत्ती भर भी अवमानना नहीं करता।

यूनानः नौका हादसे में लापता लोगों की तलाश जारी, 78 लोगों के शव मिले, 104 को बचाया गया

भाषा। कालामाटा (यूनान)

दक्षिण यूनान में समुद्र में हुई भीषण नौका दुर्घटना में लापता सैंकड़ों लोगों की तलाश का अभियान बृहस्पतिवार को भी जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रवासियों को लेकर जा रही मछली पकड़ने वाली एक नौका यूनान के तट पर मंगलवार देर रात को पलटने के बाद डूब गई थी, जिससे कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई जबकि सैंकड़ों अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने पहले 79 लोगों के मारे जाने की जानकारी दी थी। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 78 शव बरामद किए गए हैं। बचावकर्ताओं ने 104 यात्रियों को बचाया है, जिनमें मिस्र, सीरिया, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और फलस्तीन के नागरिक शामिल हैं। ए सभी प्रवासी यूरोप जाने की कोशिश कर रहे थे। तटरक्षक बल, नौसेना और विमानों ने रात भर व्यापक स्तर पर खोज एवं बचाव अभियान चलाया। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने यात्री लापता हैं। लेकिन तटरक्षक बल के प्रवक्ता निकोस अलेक्सियो ने सरकारी ईआरटी टीवी को बताया कि यात्रियों की संख्या का सटीक अनुमान लगाना असंभव है। ऐसा प्रतीत होता है कि 80-100 फुट का जहाज लोगों के अचानक एक तरफ चले जाने के बाद पलट गया और कुछ देर बाद डूब गया। कालामाटा के दक्षिणी बंदरगाह शहर के डिप्टी मेयर आयोनिस ज़ाफ़रिपोलोस ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिले हैं कि नौका में 500 से अधिक लोग सवार थे। तटरक्षक के एक बयान के अनुसार, जब उनके जहाजों और वाणिज्यिक जहाजों ने नौका को बचाने का बार बार प्रयास किया तो उन्हें ऐसा करने से रोका गया। नौका पर सवार लोग लगातार यह कह रहे थे कि वे इटली जाना चाहते हैं। तटरक्षक अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार देर रात करीब एक बजकर 40 मिनट पर नौका का इंजन खराब हो गया, जिसके बाद नौका डूबने लगी। बयान के अनुसार नौका 10 से 15 मिनट बाद डूब गई।

क्विक न्यूज

यूरोपीय संघ ने एआई को विनियमित करने के लिए मसौदा कानून को मंजूरी दी

लंदन। जोखिम शब्द अक्सर उसी वाक्य मे दिखाई देता है, जिसमे कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बारे मे बात की जाती है। हालांकि यह देखना उत्साहजनक है कि विश्व के नेता एआई की संभावित समस्याओं के साथ-साथ इसके औद्योगिक और रणनीतिक लाभों पर विचार कर रहे है, हमें यह याद रखना चाहिए कि सभी जोखिम समान नही होते है।बुधवार, 14 जून को, यूरोपीय संसद ने एआई अधिनियम से जुड़े अपने मसौदा प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए मतदान किया, एआई के विनियमन मे वैश्विक मानकों को आकार देने की महत्वाकांक्षा के साथ कानून बनाने में दो साल का वक्त लगा।बातचीत के अंतिम चरण के बाद, यूरोपीय संसद, आयोग और परिषद द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मसौदो को सुलझाने के लिए, कानून को वर्ष के अंत से पहले अनुमोदित किया जाना चाहिए। यह समाज के लगभग सभी क्षेत्रों मे एआई को विनियमित करने के लिए समर्पित दुनिया का पहला कानून बन जाएगा - हालांकि रक्षा को छूट दी जाएगी।सभी तरीकों से एआई विनियमन तक पहुंचा जा सकता है, यह ध्यान देने योग्य है कि यह कानून पूरी तरह से जोखिम की धारणा के आसपास तैयार किया गया है। यह एआई ही नही है जिसे विनियमित किया जा रहा है, बल्कि जिस तरह से समाज के विशिष्ट डोमेन मे इसका उपयोग किया जाता है, जिनमे से प्रत्एक मे विभिन्न संभावित समस्याएं होती है।

फिलीपीन में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया

मनीला। फिलीपीन की राजधानी के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र मे बृहस्पतिवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया लेकिन इससे बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना नही है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक सुबह 6.2 तीव्रता का भूकंप हुके के पास और सतह से करीब 120 किलोमीटर की गहराई पर आया। फिलीपीन मे अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते है लेकिन इससे बड़ी क्षति की आशंका कम होती है। हुके मनीला से लगभग 140 किलोमीटर दूर है। फिलीपीन की राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने कहा कि बड़े नुकसान या लोगों के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नही है, लेकिन इसका आकलन जारी है।

ब्रिटेन में भारतीय की हत्या करने के मामले में तीन लोग दोषी ठहराए गए

लंदन। पिछले साल दक्षिण-पश्चिमी लंदन में एक पब के बाहर भारतीय मूल के व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या करने के मामले मे तीन लोगों को दोषी पाया गया है और उन्हें बाद में सजा सुनाई जाएगी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पिछले साल 25 जून को हाउनस्लो मे स्टेन्स रोड पर स्थित एक पब के पास एक व्यक्ति पड़ा हुआ मिला था, जिसकी पहचान कमलजीत सिंह रील (31) के रूप मे हुई थी। इसके बाद पब के कर्मचारियो और वहां मौजूद लोगो ने एम्बुलेंस तथा पुलिस के पहुंचने तक व्यक्ति का प्राथमिक उपचार किया था। कमलजीत की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी।

भारत, अमेरिका की साझा प्रतिबद्धता स्थिरता के लिए : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन। अमेरिका के एक शीर्ष कांग्रेस सदस्य ने कहा है कि लोकतंत्र तथा आर्थिक स्वतंत्रता के प्रति भारत और अमेरिका की साझा प्रतिबद्धता सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे शांति और स्थिरता कायम करने के लिए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम अमेरिकी महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा कर रहे है। वे 22 जून को मोदी के सम्मान मे राजकीय रात्रिभोज देगे। कांग्रेस सदस्य बिल पोसी ने बुधवार को संसद मे कहा, हम अगले सप्ताह भारत के प्रधानमंत्री का वाशिंगटन डीसी मे स्वागत करने जा रहे है, ऐसे मे इन रिश्तो का उत्सव मनाया जाना चाहिए।

पिस्ते यूएस में हो रहे लोकप्रिय

चेन्नई। लैट्टे से लेकर कॉकटेल, फैशन और यहां तक कि पेंट कलर्स तक हर जगह पिस्ता लोकप्रिय हो रहा है। फूड इंडस्ट्री की लीडर्स जैसे बेरम प्लस व्हाईटमेन और ल्योन्स मैगनस के अनुसार 2023 में पिस्ता फूड ट्रैंड में टॉप पर बना हुआ है। स्वाद और पोषण के दायरे से बाहर जाकर यह अपने रंग और यहां तक कि खुशबू के लिए भी सुर्खियां बटोर रहा है, इसकी खास महक का उपयोग कैंडल्स और परफ्यूम्स में भी किया जा रहा है। भारत में पिस्ते की बढ़ती लोकप्रियता अपने आप में उल्लेखनीय है। पिस्ता उगाने वाले अमेरिकी किसानों ने 2019 में कन्यूमर आउटरीच कैंपेन की शुरूआत की, जिसके बाद से पिस्ता का बाजार तेजी से विकसित हुआ है। भारतीय व्यंजनों में पिस्ते का इस्तेमाल इन व्यंजनों को खास फ्लेवर देकर इन्हें अधिक स्वादिष्ट बना रहा है। इसके अलावा आउटरीच के साथ भारतीय उपभोक्ता पोषण की दृष्टि से भी इस मेवे के फायदों को समझ रहे हैं। मिस्टर सुमित सरन, अमेरिकी पिस्ता किसानों की इन-कंट्री मार्केटिंग रीप्रेन्टेटिव ने कहा कि आज अमेरिकी पिस्ता की मांग तेजी से बढ़ रही है, भारतीय उपभोक्ता जागरुक हो रहे हैं।

वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइजेज में पांच भारतीय स्कूल चयनित

लंदन। दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र स्थित पांच विद्यालयो को बृहस्पतिवार को दूसरे वार्षिक वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइजेज के लिए विभिन्न श्रेणियों मे 10 शीर्ष चयनित नामों की सूची मे शामिल किया गया। समाज की प्रगति मे अपार योगदान देने को लेकर विश्व के विद्यालयों को सम्मानित करने के लिए ब्रिटेन मे इस पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। इस साल शामिल किए गए भारतीय विद्यालय दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र से है। पुरस्कार के तहत 2,50,000 अमेरिकी डॉलर दिया जाता है, जो पांच विजेताओं मे समान रूप से साझा किया जाता है। टी-4 एजुकेशन एंड वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइजेज के संस्थापक विकास पोटा ने कहा, विश्व भर के स्कूल इन भारतीय संस्थानों से उनके द्वारा विकसित संस्कृति सीखेंगे।

शहीद शांतिरक्षकों के सम्मान में संरा मुख्यालय में स्मारक दीवार बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

● भारत द्वारा लाए गए मसौदा प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकारा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने शहीद हुए शांतिरक्षकों के सम्मान में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक स्मारक दीवार स्थापित करने के लिए भारत द्वारा लाए गए मसौदा प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया है।संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बुधवार को यूएनजीए में संयुक्त राष्ट्र के शहीद शांति सैनिकों के लिए स्मारक दीवार नामक मसौदा प्रस्ताव पेश किया।

विश्व निकाय के लगभग 190 सदस्य देशों द्वारा सह-प्रायोजित इस प्रस्ताव को ऐसे समय में पारित किया गया है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह अमेरिका की अपनी पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा पर जाने वाले हैं। इस दौरान, वह 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भी हिस्सा लेंगे। प्रस्ताव में न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक उपयुक्त एवं महत्वपूर्ण स्थान पर, शहीद शांतिरक्षकों की याद में स्मारक दीवार स्थापित करने और उससे जुड़ी प्रक्रिया पर विचार करने की सदस्य देशों की पहल का स्वागत किया गया है, जिसमें सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों के नाम दर्ज करना भी शामिल है। प्रस्ताव पेश करते हुए कंबोज ने कहा कि स्मारक दीवार इस बात का प्रमाण होगी कि संयुक्त राष्ट्र अपने शांति अभियानों को कितना महत्व देता है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक दीवार लोगों को न सिर्फ शहीदों के बलिदान की याद दिलाएगी, बल्कि हमारे फैसलों के लिए चुकाई गई असली कीमत का लगातार स्मरण भी कराएगी। भारत मौजूदा समय में संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में तीसरा सबसे ज्यादा योगदान देने वाला देश है। अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो गणराज्य, लेबनान, खाड़ी क्षेत्र और पश्चिमी सहारा में भारत के 6,000 से अधिक सैनिक और पुलिस कर्मी संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों का हिस्सा हैं। शांति अभियानों के दौरान अब तक 177 भारतीय शांतिरक्षक सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं। शहीद शांतिरक्षकों की यह संख्या किसी भी अन्य देश के मुकाबले अधिक है। कंबोज ने कहा, शांतिरक्षक पैदा नहीं होते। वे बलिदान की वेदी पर गढ़े जाते हैं। उनकी अटूट प्रतिबद्धता और निस्वार्थ कार्य एक ऐसे विश्व के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं, जहां युद्ध पर शांति की जीत होनी चाहिए। यूएनजीए में भारत, बांग्लादेश, कनाडा, चीन, डेनमार्क, मिस्र, फ्रांस, इंडोनेशिया, जॉर्डन, नेपाल, रवांडा और अमेरिका सहित 18 देशों ने यह प्रस्ताव पेश किया था। इसमें प्रस्ताव का मसौदा अपनाए जाने के तीन साल के भीतर स्मारक दीवार का निर्माण पूरा किए जाने का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत द्वारा पेश प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए सभी सदस्य देशों का आभार जताया। उन्होंने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि शहीद शांतिरक्षकों के लिए एक नई स्मारक दीवार स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित हो गया है।

भारतीय-अमेरिकी सांसद थानेदार ने अमेरिकी कांग्रेस में हिंदू कॉकस बनाने की योजना की घोषणा की

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने अमेरिकी कांग्रेस मे एक हिंदू कॉकस बनाने की योजना की घोषणा की है जो समान विचारधारा वाले सांसदो को एक मंच पर लाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश मे हिंदुओ के खिलाफ कोई नफरत और कट्टरता न हो। मशिगन के 13वें जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले थानेदार ने बुधवार को कैपिटल विज़िटर सेंटर मे पहले हिंदू-अमेरिकी शिखर सम्मेलन में यह घोषणा की। थानेदार ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हर एक व्यक्ति को धर्म चुनने और उन्हें उस भगवान की पूजा करने का अधिकार हो, जिसे वे बिना किसी दबाव के अपनाते है। साथ ही उन लोगो के प्रति कोई भेदभाव या नफरत न हो जो भगवान मे विश्वास न करते हो। थानेदार ने कहा, ए मौलिक स्वतंत्रताएं है।

यूएई में होगा आईयूसीएन, होस्ट करने के लिए बोली जीती

मुंबई। यूएई ने अबू धाबी में 2025 में वर्ल्ड कंजर्वेशन कांग्रेस ऑफ इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) को होस्ट करने के लिए के लिए बोली जीत ली है।अबू धाबी मीडिया ऑफिस (एडीएमओ) द्वारा जारीएक विज्ञप्ति में बताया गया है कि पर्यावरण एजेंसी - अबू धाबी (ईएडी) ने अबू धाबी और यूएई सरकार की ओर से बोली प्रस्तुत की।आईयूसीएनपरिषद की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्वारा की जाती है और इसमें सभी क्षेत्रों के निर्वाचित सदस्यों के साथ-साथ आयोगों के अध्यक्ष भी शामिल होते हैं और यह सभी आईयूसीएनमामलों के निरीक्षण और सामान्य नियंत्रण के लिए जिम्मेदार निकाय है। ईएडी के चेयरमैन हिज हाइनेस शेख हमदान बिन जायद अल नाहयान ने कहा,कि 2025 में आईयूसीएनकांग्रेस होस्ट करने के लिए बोली जीतना महत्वपूर्ण है और हमारे राष्ट्रपति हिज हाइनेस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। यह देश और विश्व स्तर पर लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा और पुनर्स्थापन में यूएईके संरक्षण नेतृत्व को प्रदर्शित करने का अवसर होगा। यूएई के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण मंत्री, महामहिम मरियम बिंत मोहम्मद अल्महेरी ने पुष्टि की कि 2025 इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस के लिए होस्ट शहर के रूप में अबू धाबी का चयन यूएई की उपलब्धियों से भरे रिकॉर्ड में एक और सम्मान है।

ऑस्ट्रेलिया ने रूस को संसद के पास नया दूतावास बनाने से रोकने के लिए कानून किया पारित

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की प्रतिनिधि सभा ने सुरक्षा कारणों के चलते रूस को संसद भवन के पास एक नया दूतावास बनाने से रोकने के लिए बृहस्पतिवार को एक कानून पारित किया। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि कानून सुरक्षा एजेंसियो की सलाह के आधार पर उस स्थान पर रूस के पट्टे (लीज) को खत्म कर देगा। अल्बनीज ने पत्रकारों से कहा, संसद भवन के इतने करीब रूस की मौजूदगी को लेकर सुरक्षा संबंधी बेहद स्पष्ट सलाह मिली है। वह (पट्टे पर दिया गया) स्थल औपचारिक राजनयिक उपस्थिति का कारण न बन जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए हमने त्वरित कार्वाई की। अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की सरकार रूस के यूक्रेन पर अवैध और अनैतिक आक्रमण

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री राकेश कुमार पुत्र श्री राम बदन ने सरस्वती कॉलोनी हदबस्त गांव साहिबाबाद, परगना: लोनी, तहसील और जिला: गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित फ्रीहोल्ड आवासीय मकान नंबर 169-बी, एरिया परिमाप 83.77 वर्ग मीटर, खसरा नं. 190, के मालिक है। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री पंकज कुमार पुत्र श्री राम बहादुर उक्त संपत्ति को श्री राकेश कुमार पुत्र श्री राम बदन से, पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहे हैं। और वे उक्त संपत्ति को फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014, ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

To be known to all, Anil Kapoor S/o Sh. Prem Prakash Kapoor R/o Flat No.178,Aravali Apartments, Alaknanda, Kalkaji, New Delhi-110019 Allottee/owner of DDA SFS Flatno. 178 ,First Floor (alongwith Scooter Garage), Cat-II,Aravali Apartment,Alaknanda,Kalkaji, New Delhi-110019 have applied for certified copies in DDA.The original documents i.e. Allocation Letter, Demand/Allotment Letter,Possession Letter,NOC for Water And Electricity Connection,site Possession Slip & Other Relevant Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO. 556756/2023 dated 15/06/2023 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch,Delhi.Any person(s) claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9717004075 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-SFS or Director (H)-SFS,Delhi Development Authority,Vikas Sadan, New Delhi-110023.

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृष्ण कुमार भाटी,निवासी ई-199 से.-9,न्यू विजय नगर,गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201009 द्वारा एक फ्लैट C-9,203 प्रोजेक्ट प्रतीक ग्रुप यू.पी. में बुक कराया था लेकिन दुर्भाग्यवश कृष्ण कुमार भाटी की दिनाक 20/04/2021 को स्वर्गवास हो गया था।मृतक कृष्ण कुमार भाटी की श्रीमती पूनम भाटी निवासी ई-199,सेक्टर-9,न्यू विजय नगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201009 विधिक प्रतिनिधि है तथा आपसी सहमति से पूनम भाटी निवासी ई-199, सेक्टर-9, न्यू विजय नगर गाजियाबाद उत्तरप्रदेश-201009 ने बतोर स्वर्गवासी कृष्ण कुमार भाटी उक्त फ्लैट C-9,203 में अपना नाम दर्ज कराने हेतू प्रतीक ग्रुप के समक्ष आवेदन किया है यदि श्रीमती पूनम भाटी के अलावा अन्य कोई व्यक्ति विशेष स्वर्गवासी कृष्ण कुमार भाटी का विधि प्रतिनिधि हो तो वह अपनी आपत्ति प्रतीक ग्रैंड सिटी के कार्यालय प्रतीक प्रो मेंनेज A-42, सेक्टर 67, नोएडा में लिखित रुप में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर दर्ज करा सकते है अन्यथा की स्थिति में श्रीमती पूनम भाटी का नाम बतोर वारिस दर्ज करा दिया जायेगा व नियत तिथी के बाद किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the general public at large that M/s. SFS & CO, Mr. Rahul Goyal & Mrs. Khushboo R/o A-2/8, FF, Satyawati Nagar, Ashok Vihar Ph-3, Delhi are availing loan from Aditya Birla Finance Ltd. (STSL+) in respect of Entire First Floor without roof rights (FLOOR) having area 165 Sq Yards, Built on Freehold Property Bearing Municipal No. 889 (Old) and 1968 (New) Ward No. III, Situated at Kucha Chelan, Khari Baoli, Delhi- 110006 'said property'. Mr. Rahul Goyal is the owner of said property by virtue of two Sale Deeds (i) Sale Deed dated 12.04.2022 vide Doc No. 4208, Book No. I, Vol No. 9060, Pages No. 117-126 registered on 13.04.2022 SRO I, New Delhi/Delhi executed by Mrs. Anju Aggarwal & Mrs. Seema Goel in his favour (ii) Sale Deed dated 11.01.2023 vide Doc No. 340, Book No. I, Vol No. 9555, Pages 31-39, SRO I, New Delhi/Delhi executed by Mr. Mukesh Aggarwal in his favour. Further Aditya Birla Finance Ltd. (STSL+) is intending to create a registered/equitable mortgage over the said property. In case any person/Financial Institute/Bank/Authority/ Board or any other entity have any objection/contingent or vested interest over the said property, they may contact the undersigned within 7 days of this publication. It may be further noted that after the lapse of the aforesaid period no claim in any manner shall be entertained and the same will be considered as waived or abandoned.

Suparna Sinha, Advocate
D/3825/2014
Office: Gadi & Associates, D-148, LGF, Saket, New Delhi-110017,+91-9873663181

खालिस्तान समर्थक अवतार की ब्रिटेन के अस्पताल में मौत

भाषा। लंदन

लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले में शामिल रहा खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता अवतार सिंह पूर्बा उर्फ खांडा की बृहस्पतिवार सुबह बर्मिंघम स्थित एक अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद मृत्यु हो गई। ब्रिटेन के एक सिख संगठन ने यह जानकारी दी। ब्रिटेन में खुद को सबसे बड़े सिख संगठनों में शामिल बताने वाले सिख फेडरेशन यूके ने एक बयान में कहा है कि अवतार सिंह रक्त कैंसर से पीड़ित था और पिछले कुछ दिन से जीवन रक्षक प्रणाली पर था। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुमेध सिंह सैनी और वरिष्ठ अधिवक्ता राजविंदर सिंह बैंस की हत्या की साजिश रचने के मामले में वांछित अवतार सिंह प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के ब्रिटेन और अन्य देशों में सक्रिय सदस्यों के साथ मिलकर ब्रिटेन में आतंकवादी गतिविधियों में कथित रूप से शामिल था। अवतार सिंह शुरू में अध्ययन वीजा पर वर्ष 2007 में ब्रिटेन गया था, लेकिन उसने 2012 में वहां शरण ले ली और तब से कभी वापस नहीं आया। आरोप हैं कि कुछ महीने पहले लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर लगे तिरंगे पर हमला करने समेत भारत-विरोधी अन्य गतिविधियों से उसके तार जुड़े थे।

उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्याभ्यास के विरोध में दो बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया

भाषा। सियोल

दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया है कि उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को उसके पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर कम दूरी की क्षमता वाली दो बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है। इसे दक्षिण कोरिया और अमेरिका के हाल में समाप्त हुए सैन्य अभ्यास के विरोध में उसकी शस्त्र परीक्षण गतिविधियां की पुन: शुरुआत माना जा रहा है। इससे पहले मई में अपने पहले जासूसी उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करने में उत्तर कोरिया विफल रहा था। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि बृहस्पतिवार शाम उत्तर कोरिया के राजधानी क्षेत्र से प्रक्षेपण किए जाने का पता चला है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया की सेना ने अपनी निगरानी बढ़ाई है और अमेरिका के साथ करीबी तालमेल के साथ तैयारी रख रहा है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी कहा कि उसे उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण का पता चला है। जापान के तटरक्षक ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान तथा उत्तर प्रशांत महासागरों के बीच जलक्षेत्र में जलपोतों को आगाह किया है कि समुद्र में गिरने वाली वस्तुओं से बचें। जलपोतों या विमानों को किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले दक्षिण कोरिया और अमेरिका के सैनिकों ने बृहस्पतिवार को कोरिया के अति सुरक्षा वाले सीमा क्षेत्र में गोला-बारूद के साथ बड़े स्तर पर सैन्य अभ्यास किया था। प्रक्षेपण से करीब 30 मिनट पहले उत्तर कोरिया की सेना ने जवाबी कार्वाई का संकल्प जताया था।

शाय गर्ल वर्कआउट फिट रहने का तरीका ही नहीं

● महिलाओं को आत्मविश्वास हासिल करने में भी मददगार

भाषा। लंदन

सोशल मीडिया फिटनेस ट्रेंड से भरा पड़ा है। हालांकि इनमें से कुछ विचित्र या खतरनाक होने की कगार पर हैं, जबकि अन्य वास्तव में मददगार हैं। शाय गर्ल वर्कआउट प्रवृत्ति को लें। यह 2022 के अंत से इंटरनेट पर प्रचलित रहा है और ऑनलाइन लोकप्रिय बना हुआ है। शाय गर्ल के वर्कआउट का आधार सरल है। उन्हें जिम में कम से कम जगह और केवल कुछ उपकरणों का उपयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है - जैसे कि डम्बल की एक जोड़ी। वह उन महिलाओं को लक्षित कर रहे हैं जो जिम जाने की शुरुआत करने वाली हैं या जिन्हें जिम जाने की उत्सुकता है, लेकिन वह पूरे जिम में टहलने या जटिल वजन मशीनों का उपयोग किए बिना एक अच्छा प्रतिरोध व्यायाम करना चाहती हैं। इन वर्कआउट का प्रारंभिक लाभ यह है कि वे जिम जाने के आपके डर को दूर करने में आपकी मदद कर सकते हैं, उन्हें उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाने और जिम में होने के बारे में अधिक आत्मविश्वास महसूस करने में मदद करने का अधिक दीर्घकालिक लाभ भी हो सकता है। जिम की चिंता:बहुत सारे शोध हैं जो दिखाते हैं कि महिलाओं को फिट और टोंड काया पाने के लिए सामाजिक दबावों का सामना करना पड़ता है। यह दबाव व्यायाम के वातावरण (जैसे कि जिम) में विशेष रूप से तीव्र होता है, जहां लोगों का शरीर केंद्रित होता है। जिन महिलाओं को लगता है कि उनके पास आदर्श शरीर नहीं है, वे जिम जाने में असहज महसूस कर सकती हैं।कई महिलाओं को अक्सर ऐसा लगता है कि जब वे जिम में होती हैं तो उन्हें देखा जा रहा है। इस भावना को "अतिदृश्यता" के रूप में जाना जाता है, और ऐसा तब होता है जब लोग सोचते हैं कि वे किसी विशेष सामाजिक सेटिंग में दूसरों से अलग हैं। जिम के मामले में, पुरुष-वर्चस्व वाली प्रकृति के कारण हाइपरविजिबिलिटी होती है, जिससे महिलाओं को ऐसा महसूस होता है कि वे खुले में खड़ी हैं। अतिसंवेदनशीलता की यह भावना महिलाओं की मौजूदा शारीरिक असुरक्षा को खराब कर सकती है, और कुछ महिलाओं को जिम से पूरी तरह से बचने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। व्यायाम सेटिंग्स में अधिक वज़न को लेकर पूर्वाग्रह भी विशेष रूप से प्रचलित पाया गया है।

बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास

मुंबई। केनव्यू के वाइस प्रेसिडेंट और बिज़नेस यूनिट हेड मनोज गाडगिल ने कहा, कि सालों से क्लीन एण्ड क्लियर ने खुद को लीडिंग टीनेज स्किनकेयर ब्रैंड के रूप में स्थापित किया हुआ है और हमारे प्रॉडक्ट की श्रेष्ठता और प्रभाविकता के कारण भारत भर में करोड़ों लड़कियाँ हम पर भरोसा करती हैं। हमारे ब्रैंड ने हमेशा टीनएजर्स को पिंपल से जुड़े अंदरूनी संकोच से उबरने और अपना आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु प्रेरित करने की कोशिश की है। ज्ञात होकि क्लीन एण्ड क्लियर जो लड़कियों को होने वाली पिंपल और ऑइली स्किन की समस्याओं में उनकी मदद के लिए अपना नया और बेहतर क्लीन एण्ड क्लियर फोमिंग फेसवॉश उतारा है। नए शक्तिशाली और बेहतर फ़ॉर्मूला में हैं 50 प्रतिशत पिंपल-फ़ाइटिंग तत्व और यह बस 1 हफ़्ते में पिंपल घटाने के लिए क्लिनिकली प्रूवन है। क्लीन एण्ड क्लियर फोमिंग फेसवॉश अपने नए अवतार में हमारे वादे को और मज़बूत बनाता है क्योंकि यह एक बेहतर और अधिक शक्तिशाली समाधान है जो टीनएजर्स को पिंपल और एक्ने से जुड़ी दूसरी चिंताओं का प्रभावी ढंग से सामना करने में मदद देता है और उनकी स्किन को हायड्रेटेड रखकर बेहतर नतीजे देता है।

ICICI Bank शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुष्पमंगलम एस्टेट, एनएच बायपास रोड, एडापल्ली, कोचीन- 682024

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्ज़दार (रों)/ ज़मानतदार/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	श्री सुभाष (कर्ज़दार), श्रीमती विनीता बी (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या LBKOL00005114435	4.65 एआरईएस (11.49 सेंट्स), ब्लॉक नंबर 27, आरई एसवाई नं 211/ 13/2/1, एनादिमंगलम गाँव, अडूर तालुक, पठानमथिट्टा, संपत्ति का खाली भूमि क्षेत्र 5005 वर्ग फुट है	रु. 26,85,841/- (जून 12, 2023 तक)	रु. 17,42,000/- / रु. 1,74,200/-	जून 29, 2023 को दोप. 02:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक	जुलाई 15, 2023 को सुबह 10:30 बजे से सुबह 11:30 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जुलाई 14, 2023** को **शाम 04:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुष्पमंगलम एस्टेट, एनएच बायपास रोड, एडापल्ली, कोचीन- 682024** में **जुलाई 14, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **जुलाई 14, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुष्पमंगलम एस्टेट, एनएच बायपास रोड, एडापल्ली, कोचीन- 682024** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जुलाई 14, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **कोचीन** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8138023587/ 9004474395** पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : जून 16, 2023
स्थान : गुड़गाँव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

एक विज्ञापन सरकार को कमजोर नहीं कर सकता

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा-शिवसेना गठबंधन मजबूत

पालघर। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तुलना में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अधिक लोकप्रिय बताने वाले विज्ञापन पर महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ घटक दलों में वाकयुद्ध के बीच भाजपा नेता ने बृहस्पतिवार को यह कहते हुए इस विवाद को अधिक तवज्जो नहीं देने का प्रयास किया कि एक विज्ञापन सरकार को कमजोर नहीं कर सकता। मंगलवार को राज्य में बड़े बड़े अखबारों में पूरे पन्ने का विज्ञापन छपने के बाद सत्तारूढ़ भाजपा और शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना गुट के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई थी। इस विज्ञापन में एक सर्वेक्षण का हवाला देकर बताया गया था कि लोकप्रियता के मामले में शिंदे फडणवीस से आगे हैं। उसमें फडणवीस या शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की तस्वीर नहीं थी।

इस विज्ञापन पर विवाद पैदा होने पर दो दिनों तक किसी सरकारी कार्यक्रम में साथ नहीं आने के बाद बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने पालघर में एक कार्यक्रम में मंच साझा किया। दोनों ही नेता एक ही हेलीकॉप्टर से पालघर पहुंचे। शासन अपल्या दारी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए फडणवीस ने कहा, भाजपा-शिवसेना गठबंधन सरकार मजबूत है। एक विज्ञापन या बयान उसे कमजोर नहीं कर सकता है या इस सरकार के लिए कोई समस्या खड़ा नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि शिवसेना और भाजपा 25 वर्ष से गठबंधन में साथ हैं और वे भविष्य में भी साथ रहेंगे।

शिंदे ने यह कहते हुए फडणवीस की तारीफ की कि वह बहुत मजबूत संबंध बनाकर चलते हैं और यह गठबंधन किसी निहित स्वार्थ के लिए नहीं है। उन्होंने उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली पिछली सरकार को निशाना बनाते हुए कहा, पिछली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार के दौरान प्रगति का पहिया थम गया था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की राह में आने वाली सभी रुकावटों को दूर किया है। शिंदे ने कहा, पिछले एक वर्ष में, हमने सभी वर्गों के लोगों के कल्याण एवं तरक्की के लक्ष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लिए हैं। हमारी सरकार जनोन्मुखी सरकार है और उसे सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है।

मुख्यमंत्री के बेटे और कल्याण से लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे के खिलाफ हाल में तीखा बयान दे चुके राज्य के मंत्री एवं भाजपा नेता रवींद्र चव्हाण भी इस मौके पर मौजूद थे। मंगलवार को भारत के लिए मोदी, महाराष्ट्र के लिए शिंदे नामक विज्ञापन के प्रकाशित होने के बाद विपक्ष दावा करने लगा कि शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और भाजपा के बीच सबकुछ ठीक-ठीक नहीं है। इस विज्ञापन के चर्चा का विषय बनने अगले दिन बुधवार को मराठी दैनिकों में सत्तारूढ़ गठबंधन का एक विज्ञापन छपा जिसमें शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को दर्शाया गया है।

चक्रवात ने कैसे एक नए राष्ट्र को जन्म दिया

नई दिल्ली। पूर्वी पाकिस्तान (आज के बांग्लादेश) के समुद्र तट से 12 नवंबर 1970 को एक तूफान टकराया था, जिसे बाद में विश्व मौसम विज्ञान संगठन द्वारा विश्व का सबसे विनाशकारी उष्ण कटिबंधीय चक्रवात घोषित करना पड़ा। इससे मची तबाही ने पूर्वी पाकिस्तान में एक गृह युद्ध छेड़ दिया और आखिरकार विदेशी सैन्य हस्तक्षेप का मार्ग प्रशस्त किया, जिसने उसे बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र में तब्दील कर दिया। यह तूफान के राजनीतिक और सामाजिक परिणाम और इतिहास की धारा बदलने का एक उदाहरण है। चक्रवात भोला ने 300,000 से 500,000 लोगों की जान ली, जिनमें से ज्यादातर की मौत बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित निचले इलाकों में हुई।

लाखों लोग रातों-रात इसके शिकार हो गए और विद्वानों ने लिखा कि अपर्याप्त राहत कोशिशों ने असंतोष बढ़ाया, जिसका अत्यधिक राजनीतिक प्रभाव पड़ा, सामाजिक अशांति पैदा हुई और गृह युद्ध हुआ तथा नया राष्ट्र सृजित हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि यह रिकार्ड में उपलब्ध सर्वाधिक विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं में शामिल है और 20वीं सदी का सबसे भयावह प्राकृतिक आपदा है। तूफान के तट से टकराने से ठीक पहले, रेडियो पर बार-बार विवरण के साथ रेड-4, रेड-4 चेतावनी जारी की गई। हालांकि, लोग चक्रवात शब्द से परिचित थे, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि रेड-4 का मतलब रेड अलर्ट है। वहां 10 अंकों वाली चेतावनी प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें तूफान की भयावहता को बताया जाता था।

पश्चिमी पाकिस्तान (आज के पाकिस्तान) में जनरल याहया खान के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने दावा किया था कि करीब 191,951 शव बरामद किए गए और करीब 150,000 लोग लापता हैं। उनके आंकड़ों में वे हजारों लोग शामिल नहीं किए गए हैं जो समुद्र में बह गए, मिट्टी के नीचे दब गए या वे लोग जो दूर-दराज के द्वीपों पर थे, जो फिर कभी नहीं पाए गए। ग्रामीण बह गए, फसलें नष्ट हो गईं। सर्वाधिक प्रभावित उपजिला ताजुमुद्दीन में 45 प्रतिशत से अधिक आबादी (1,67,000 लोगों) की मौत हो गई। असहाय लोग जान बचाने के लिए पेड़ों पर चढ़ गए, लेकिन तेज हवा से पेड़ उखड़ गए और वे उच्च ज्वार में समुद्र में बह गए। इसके बाद, उनके शव तटों पर पड़े पाए गए थे।

पूर्वी पाकिस्तान का राजनीतिक नेतृत्व खतरा संभावित तटीय क्षेत्र के प्रति प्रदर्शित की गई उदासीनता से नाराज हो गया। राहत कार्य के लिए अपर्याप्त मशीनरी को लेकर भी चिंता जताई गई। विश्लेषकों ने दलील दी कि राजनीतिक उथल-पुथल और अलगाव के लिए 1970 के चक्रवात को श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भोला ने पूर्वी पाकिस्तान में मौजूद सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक तनाव को बढ़ाया। 1970 के चक्रवात ने पूर्वी पाकिस्तान की राजनीतिक संरचना को नहीं बदला, बल्कि इसने पूर्वी पाकिस्तान की स्वायत्ता की मांग को हवा दी। नेशनल अवामी पार्टी के नेता अब्दुल हामिद भासनी ने कहा कि संघीय प्रशासन का निकम्मापन तटीय क्षेत्रों में लाखों लोगों की जान बचाने के लिए बहुत जरूरी कदम उठाने के प्रति उनकी उदासीनता को प्रदर्शित करता है। वह लंबी यात्रा कर तूफान प्रभावित क्षेत्र पहुंचने वाले पहले नेता थे। सुबह की नमाज में उन्होंने नोआखली जिले में जिहाद का आह्वान किया था।

पीएम के खिलाफ कांग्रेस नेता का बयान चुनाव से पहले विपक्षी दल की हताशा दर्शाता है: सिंधिया

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के एक नेता के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बयान पर बृहस्पतिवार को विपक्षी दल को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि कांग्रेस नेता हार सामने देखकर अपनी मर्यादा भूल जाते हैं। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री मोदी की आगामी प्रदेश यात्रा को लेकर दिए बयान में उनके दिवंगत पिता का जिक्र किया था। मोदी 27 जून को भोपाल से देश में 10 लाख बूथ पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को वर्चुअल तरीके से संबोधित करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव ने प्रधानमंत्री के प्रदेश के आगामी दौरे के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा था, मोदी जी आ जाएं और उनके ऊपर कोई हो, वो भी आ जाएं, नड्डा जी (भाजपा अध्यक्ष) आ ही रहे हैं। मोदी जी के पिताजी भी आना चाहें तो आ सकते हैं, हमें कोई

आपत्ति नहीं है। यादव प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यादव के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वर्गीय पिताजी के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग मध्य प्रदेश कांग्रेस की बौखलाहट को दर्शाता है। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस के बयानवीर आती हुई हार को देखकर मर्यादा भूल जाते हैं। उन्होंने कहा, अरुण यादव जी, इस बयान पर प्रतिक्रिया देने के लिए हम आपके स्तर तक नहीं गिर सकते हैं। जनता आपको जवाब देगी। सिंधिया मध्य प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सदस्य हैं। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

आने वाला समय भारत का : लोकसभा स्पीकर

नई दिल्ली। लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने लॉयंस क्लब इंटरनेशनल के रोर टू रिस्टोर एसडीजी पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार दिल्ली में लॉयंस इंटरनेशनल की चौथी गोल मेज चर्चा में 20 व्यक्तियों को दिए गए। जो लोग अपनी कोशिशों और योगदान से बदलाव लाते हैं, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता व महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं कल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करते हैं तथा सब के लिए ज्यादा सस्टेनेबल और एक समान भविष्य की बुनियाद रखते हैं - ऐसे लोगों की कोशिशों के सम्मान स्वरूप ये पुरस्कार दिए जाते हैं। बिरला ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। आने वाला वक्त भारत का है, चाहे वह आर्थिक हो, सामाजिक हो, राजनीतिक हो या लोकतंत्र हो। हर तरफ भारत के एसडीजी के चर्चे हैं। हमने एसडीजी की प्राप्ति हेतु संसद में लंबी चर्चाएं कीं। हम एसडीजी लक्ष्यों को हासिल करने में किस तरह योगदान कर सकते हैं।

बेहतर आर्थिक परिदृश्य, मोदी की सत्ता में वापसी की संभावना से आशान्वित

मुंबई। अमेरिका और यूरोप के विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारत को लेकर आशान्वित हैं। इसका अनुमान भारतीय शेयरों में उनके निवेश से लगाया जा सकता है। मार्च, 2023 से शेयरों में उनका निवेश सुधरकर 9.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। एक विदेशी ब्रोकरेज कंपनी की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। स्विस ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस सिक्योरिटीज की यह रिपोर्ट लगभग 50 अमेरिकी और यूरोपीय एफपीआई से बातचीत पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर विदेशी निवेशक भारत को लेकर आशान्वित हैं। मार्च, 2023 से शेयरों में उनका निवेश सुधरकर 9.5 अरब डॉलर हो गया है, जबकि इससे पिछले तीन माह के दौरान उन्होंने शेयरों से चार अरब डॉलर निकाले थे।

भारत को लेकर उम्मीद की एक और वजह वृहद आर्थिक जोखिमों का नरम पड़ना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर वैश्विक निवेशक अगली गर्मियों में होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने पहले ही दिसंबर तिमाही में होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव को नजरअंदाज कर दिया है।

यूएसबी इंडिया की अर्थशास्त्री तन्वी गुप्ता जैन ने कहा कि इस साल अब तक घरेलू बाजारों का प्रदर्शन उभरते बाजारों की तुलना में 4.6 प्रतिशत कम रहने के बावजूद निवेशक आशान्वित हैं। यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया के रणनीतिकार सुनील तिरुमलाई के अनुसार, इस उम्मीद की वजह बेहतर आर्थिक, राजनीतिक और भू-राजनीतिक परिदृश्य है। हालांकि, यूबीएस ने बैंकों की बढ़ती ब्याज दरों को जोखिम बताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसकी वजह से भारतीय परिवार अपना पैसा शेयरों के बजाय अन्य विकल्पों में लगा सकते हैं।

कृषि क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करें सारे देश: तोमर

हैदराबाद। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बृहस्पतिवार को सभी देशों से कृषि क्षेत्र में मौजूद चुनौतियों का सामना करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। जी20 समूह के कृषि मंत्रियों की तीन दिवसीय बैठक के उद्घाटन दिवस पर तोमर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जी20 विभिन्न देशों के लिए मिलकर काम करने का एक उपयोगी मंच होगा। उन्होंने कहा, मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में आज की चुनौतियां भारत की ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर की हैं। सभी देशों को इसमें मिलकर काम करना चाहिए। इसके लिए जी-20 जैसा समूह एक बहुत ही उपयोगी मंच है। मुझे लगता है कि सभी देश मिलकर परामर्श के माध्यम से समसामयिक चुनौतियों का समाधान खोजने में सफल होंगे। उन्होंने कहा, हम एक-दूसरे से सीखने की कोशिश करते हैं और सामूहिक रूप से दुनिया को समाधान देते हैं। इस बैठक से ऐसा ही प्रयास किया जाएगा।

क्विक न्यूज

अमरनाथ यात्रा: 40 से अधिक खाद्य पदार्थ प्रतिबंधित तीर्थ यात्रियों को सेहत पर ध्यान देने की सलाह

जम्मू। आगामी अमरनाथ यात्रा मे 40 से अधिक खाद्य पदार्थों पर प्रतिबंध लगाया गया है और तीर्थयात्रियो को प्रतिदिन कम से कम पांच किलोमीटर पैदल चलकर शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर करने की सलाह दी गई है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने बृहस्पतिवार को जारी अपने स्वास्थ्य परामर्श में यह जानकारी दी। प्रतिबंधित खाद्य पदार्थों मे कोल्ड ड्रिंक और फास्ट फूड भी शामिल है। स्वास्थ्य परामर्श में दक्षिण कश्मीर में स्थित हिमालय के तीर्थस्थल की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओ से कहा गया है कि वे प्रतिदिन सुबह और शाम लगभग चार से पांच किलोमीटर की सैर करना शुरू करें ताकि उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहे। अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए दो रास्ते है, जिनमे अनंतनाग जिले मे 48 किलोमीटर लंबा नुंवान-पहलगाम का मार्ग है और गांदरबल जिले मे दुर्गम चढ़ाई वाला 14 किलोमीटर लंबा रास्ता शामिल है।

भीड़ ने चंबा हत्याकांड के आरोपी का घर जलाया, धारा 144 लागू

शिमला। चंबा मे भीड़ ने बृहस्पतिवार को हत्या केएक आरोपी केघर को आग केहवाले कर दिया जिसके बाद अधिकारियो को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। चंबा केपुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने कहा किघटना मे कोई हताहत नही हुआ। मुसाफिर हुसैन नामक व्यक्ति पर 28 वर्षीय मनोहर की हत्या का आरोप है। मनोहर को उस नाबालिग लड़की का रिश्तेदार बताया जाता है जिसके कथित रूप से हुसैन केसाथ प्रेम संबंध थे। हुसैन इस समय जेल मे है। हुसैन ने कथित रूप से मनोहर को अपने घर बुलाया था और बेहोश होने तकउसे लाठियो से पीटता रहा। उसने मनोहर केशव को आठ टुकड़ों मे काटकर एकनाले मे फेंकदिया। मनोहर केशव केटुकड़े आठ जून को सलूनी की बांदल पंचायत मे एकनाले से मिले। इससे दो दिन पहले से वह लापता था। बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या मे लोग हुसैन केघर मे घुस गए और पुलिस तैनात होने केबावजूद घर को आग लगा दी। जिले केअधिकारियो ने चंबा केसलूनी इलाकेमे सीआरपीसी केतहत धारा 144 लागू कर दी है। हत्या केआरोप में हुसैन, उसकी पत्नी फरीदा और शबीर नामकएक अन्य युवकको गिरफ्तार किया है।

सेबी ने चोकसी के बैंक, डीमैट, म्यूचुअल फंड खातों की कुर्की के आदेश

नई दिल्ली। सेबी ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी से बकाया 5.35 करोड़ रुपए की वसूली केलिए उसके बैंकखातो और शेयरो एवं म्यूचुअल फंड खातो को कुर्ककरने केआदेश दिया है।सेबी का यह आदेश चोकसी पर लगे जुर्माने की अदायगी नही होने पर आया है। सेबी ने गीतांजलि जेम्स लिमिटेड केशेयर केकारोबार से संबंधित धोखाधड़ी केकमामले मे अक्टूबर, 2022 मे चोकसी पर जुर्माना लगाया था। सेबी ने बुधवार को भेजे गए इस नोटिस मे कहा कि5.35 करोड़ रुपए केबकाया मे पांच करोड़ रुपए का शुरुआती जुर्माना, 35 लाख रुपए ब्याज और1,000 रुपए की वसूली लागत है। चोकसी गीतांजलि जेम्स का चेयरमैन और प्रबंध निदेशकहोने केसाथ-साथ प्रवर्तकसमूह का हिस्सा भी था। वह एकअन्य भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी का मामा है। दोनो पर सार्वजनिकक्षेत्र की पीएनबी मे 14,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

आयोग को सभी जिलों में केंद्रीय बल तैनात करने का निर्देश दिया

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल मे आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनावो के लिए पश्चिम बंगाल मे केंद्रीय बलो की तैनाती की जाए। अदालत ने कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया के लिए संवेदनशील क्षेत्रो मे केंद्रीय बलो को तैनात करने के लिए 13 जून को आदेश जारी किया था। तब से कोई सराहनीय कदम नही उठाया गया है। याचिकाकर्ताओ ने शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए केंद्रीय बलो की तैनाती का अनुरोध किया था और दावा किया था कि राज्य मे 2022 मे हुए नगर निकाय चुनावो और 2021 मे कोलकाता नगर निगम चुनाव के समय बड़े स्तर पर हिंसा हुई थी।

इंश्योरेंस फेस्टिवल पुणे में

पुणे। बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस जनरल इंश्योरेंस फेस्टिवल ऑफइंडिया की मेज़बानी करेगा। जो बीमा उद्योग में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। इस एक दिवसीय आयोजन में प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा प्रेरक सत्रए एक लाइफस्टाइल क्षेत्र, प्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम द्वारा लाइव कार्यक्रम, कॉमेडियन सुनील ग्रोवर द्वारा एक मनोरंजन का वर्ग और कई अन्य अनुभवात्मक गतिविधियों जैसी विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियां शामिल होंगी। फेस्टिवल के हिस्से के रूप में, कंपनी ने सामान्य बीमा एजेंटों के लिए जआईएफआई अवार्ड्स नामक एक पुरस्कार समारोह की भी घोषणा की है, जहाँ पूरे उद्योग में स्वास्थ्य और सामान्य बीमा सलाहकार खुद को पुरस्कारों के लिए नामांकित कर सकते हैं। यह कार्यक्रम 3 जुलाई 2023 को पुणे में आयोजित किया जायेगा। यह कंपनी भारत में उच्चतम श्रेणी के सामान्य बीमा एजेंटों को मान्यता प्रदान करने और सामान्य बीमा उद्योग के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और जुनून का सम्मान करने के लिए भारत में अवार्ड्स प्रदान करने वाली पहली कंपनी होगी।

विशाखापत्तनम के सांसद की पत्नी, बेटे और ऑडिटर का अपहरण, पुलिस ने बचाया

विशाखापत्तनम। पुलिस ने बृहस्पतिवार को विशाखापत्तनम से लोकसभा सदस्य एम.वी.वी. सत्यनारायण की पत्नी, बेटे और ऑडिटर की एक गिरोह द्वारा अपहरण की गुप्त सूचना मिलने के पांच घंटे के अंदर उन्हें मुक्त करा लिया। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी के सांसद सत्यनारायण वारदात के समय हैदराबाद में थे। फिरौती के लिए बुधवार को तीनों का अपहरण करने वाले व्यक्ति की पहचान कोला वेंकट हेमंत कुमार के तौर पर की गई है। विशाखापत्तनम के पुलिस आयुक्त त्रिविक्रम वर्मा ने आज पीटीआई-भाषा को बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और सभी को मुक्त करा लिया। वर्मा ने कहा कि पुलिस को आज सुबह करीब आठ बजे सूचना मिली की सांसद के ऑडिटर का अपहरण कर लिया गया है। हमने तुरंत जांच चौकियां स्थापित कीं और ऑडिटर के वाहन चालक से मिली जानकारी के आधार पर हमने वाहन का पता लगाया।

बंगाल पंचायत चुनाव: पर्चा दाखिल करने जा रहे तीन लोगों को गोली मारी, एक की मौत, दो घायल

भाषा। चोपड़ा (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में बृहस्पतिवार को पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने जा रहे तीन व्यक्तियों को कथित तौर पर गोली मार दी गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने दावा किया कि तीनों व्यक्ति वाम मोर्चा और कांग्रेस के समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि तीनों को उस वक्त गोली मारी गई जब वे अपना नामांकन दाखिल करने के लिए चोपड़ा ब्लॉक कार्यालय जा रहे थे। एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि दो घायलों की स्थिति गंभीर है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) राजीव सिन्हा ने घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उन्हें इस संबंध में अब तक कोई सूचना नहीं मिली है। माकपा के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने आरोप लगाया कि इस हमले के पीछे तृणमूल कांग्रेस का हाथ है। उन्होंने ट्वीट किया, उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा ब्लॉक में कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों पर अभी-अभी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने गोली चलाई। वाम-आईएनसी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) के समर्थक पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने ब्लॉक कार्यालय जा रहे थे। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों को खारिज किया है। त्रिस्तरीय पंचायत राज प्रणाली में करीब 75,000 सीटों पर चुनाव आठ जुलाई को होगा। नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन शुक्रवार है।

उच्च न्यायालय ने मंत्री सेंथिल को निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति दी

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से एक सरकारी अस्पताल में उपचाराधीन तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को बृहस्पतिवार को निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति प्रदान की। बालाजी की पत्नी द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति जे. निशा बानू और डी. भरत चक्रवर्ती की खंडपीठ ने यह अंतरिम आदेश दिया। इसने बालाजी की कथित अवैध गिरफ्तारी से जुड़ी मुख्य याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 22 जून तय की। अदालत ने कहा कि बालाजी न्यायिक हिरासत में ही रहेंगे और ईडी को मंत्री की जांच के लिए चिकित्सकों की अपनी टीम तैनात करने की भी अनुमति दी। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि उनका कावेरी अस्पताल, चेन्नई में एक नियमित चिकित्सक है, जब मामला किसी व्यक्ति के जीवन से संबंधित है, तो हमारा विचार है कि न्यायिक हिरासत में लिए गए व्यक्ति की ओर से किए गए अनुरोध के बाद उन्हें अपने खर्चे पर अपनी पसंद के अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी जाए। हालांकि, वह न्यायिक हिरासत में ही रहेंगे। इस बीच, शहर की एक अदालत ने अंतरिम जमानत के लिए बालाजी की याचिका जबकि ईडी द्वारा मंत्री की हिरासत की मांग करने संबंधी अनुरोध पर सुनवाई की और इस पर आदेश शुक्रवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया। उधर, अन्नाद्रमुक नेताओं के एक समूह ने बृहस्पतिवार को यहां तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि से मुलाकात की और ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को मंत्रिपरिषद से हटाने की मांग की। पार्टी के सांसद और राज्य के पूर्व मंत्री सी.वी. शणमुगन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अन्नाद्रमुक महासचिव ए.के. पलानीस्वामी द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई कि राज्यपाल बालाजी को मंत्रिपरिषद से हटा दें।

मुंबई में ट्रेन में यौन उत्पीड़न करने वाले व्यक्ति के छात्रा ने छुड़ाए छक्के

आरोपी नवाजु करीम शेख गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई में चलती उपनगरीय ट्रेन में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का शिकार हुई 20 वर्षीय छात्रा ने जोरदार पलटवार करते हुए हमलावर को भागने पर मजबूर कर दिया। घटना बुधवार सुबह मध्य रेलवे के हार्बर लाइन गलियारे पर हुई, जिसके बाद छात्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। प्राथमिकी दर्ज होने के चार घंटे के अंदर बिहार के किशनगंज के रहने वाले आरोपी नवाजु करीम शेख (40) को गिरफ्तार कर लिया गया। उसपर बलात्कार का आरोप लगाया गया है। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तथा राकांपा के नेता अजित पवार ने घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और आक्रोश प्रकट करते हुए आरोपी को तुरंत सजा देने की मांग की। एक अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और मस्जिद रेलवे स्टेशन के बीच हुई, जब मुंबई में गिरगांव की रहने वाली पीड़िता परीक्षा देने के लिए नवी मुंबई में अपने कॉलेज जा रही थी। पीड़िता पनवेल जाने वाली ट्रेन की महिला बोगी में अकेली बैठी हुई थी और जैसे ही ट्रेन सीएसएमटी स्टेशन से रवाना होनी शुरू हुई, आरोपी बोगी में दाखिल हुआ। आरोपी ने छात्रा को डिब्बे में अकेला पाकर उसे अपना निशाना बनाया और उसका यौन उत्पीड़न करने लगा, लेकिन पीड़िता ने इसका विरोध किया और मदद के लिए चिल्लाई। युवती ने हमलावर के चंगुल से खुद को छुड़ाने के लिए बहादुरी से उसका मुकाबला किया। अधिकारी ने कहा कि जैसे ही ट्रेन सीएसएमटी के बाद पहले पड़ाव मस्जिद स्टेशन पहुंची, आरोपी आनन-फानन में उतरकर भाग गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद छात्रा अगले डिब्बे में गई और यात्रियों को घटना के बारे में बताया। इसके बाद रेलवे पुलिस हेल्पलाइन 1512 पर फोन किया गया। जीआरपी ने घटना का संज्ञान लेते हुए छात्रा से संपर्क किया। छात्रा को वाशी रेलवे स्टेशन पर उतारा गया और पुलिसकर्मियों ने उसकी काउंसलिंग की। उन्होंने कहा कि चूंकि छात्रा सदमे की स्थिति में थी, इसलिए पुलिस की एक टीम उसके कॉलेज गई और उसकी परीक्षा स्थगित करा दी। इसके बाद पीड़िता ने सीएसएमटी रेलवे थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस हरकत में आई और आरोपी की पहचान करने व उसे पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया।

धार्मिक रिवाजों के रूप में आश्रय पाती हैं कई सामाजिक बुराइयां

नई दिल्ली। पिछले विधि आयोग ने करीब पांच साल पहले आगाह किया था कि सती, बाल विवाह और तीन तलाक जैसी कई सामाजिक बुराइयां धार्मिक रीति-रिवाजों के रूप में आश्रय पाती हैं और कानून के तहत धर्म के रूप में उनके बचाव की मांग करना गंभीर मूर्खता होगी। राजनीतिक रूप से संवेदनशील यह विषय एक बार फिर विमर्श में आ गया है क्योंकि 22वें विधि आयोग ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर नए सिरे से चर्चा शुरू की। अगस्त, 2018 में 21वें विधि आयोग ने इसी विषय पर विचार करने के लिए परिवार कानून में सुधारे पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। चूंकि उक्त परामर्श पत्र तीन साल से भी पहले जारी हुआ था, ऐसे में विषय की प्रासंगिकता और महत्व को ध्यान में रखते हुए और इस विषय पर विभिन्न अदालती आदेशों पर भी गौर करते हुए, भारत के 22वें विधि आयोग ने इस विषय पर नए सिरे से विचार-विमर्श करना उचित समझा।

सूर्य मिशन: वैज्ञानिक सौर टेलीस्कोप बनाने में सफल

ओजोन परत के अध्ययन में मिलेगी मदद

नई दिल्ली। सूर्य के अध्ययन वाले भारतीय मिशन आदित्य एल। का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) तैयार हो गया है और इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को सौंप दिया गया है। इस टेलीस्कोप से सूर्य के मध्य स्तर (फोटोस्फेयर) से होने वाले विकिरण, पराबैंगनी किरणों के प्रभाव आदि का अध्ययन किया जाएगा। सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप का विकास इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किया गया है। आईयूसीएए के वैज्ञानिक एवं एसयूआईटी परियोजना के मुख्य अन्वेषक प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी और प्रो. ए एन रामप्रकाश ने पीटीआई-भाषा को बताया, इसरो का सूर्य मिशन आदित्य एल। है जो धरती से सूर्य की तरफ 15 लाख किलोमीटर तक जाएगा और उसका (सूर्य का) अध्ययन करेगा। उन्होंने बताया कि सूर्य से काफी मात्रा में पराबैंगनी किरणें निकलती है और इस टेलीस्कोप के माध्यम से 2000-4000 एंग्स्ट्राम तरंगदैर्ध्य की पराबैंगनी किरणों का अध्ययन किया जाएगा। टेलीस्कोप के विकास के मुख्य उद्देश्य बताते हुए त्रिपाठी ने कहा इससे सूर्य के वातावरण का अध्ययन करने में मदद मिलेगी, साथ ही पराबैंगनी किरणों का धरती खासकर ओजोन परत पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले दुनिया में इस स्तर पर पराबैंगनी किरणों का पहले अध्ययन नहीं किया गया है।

वैज्ञानिकों ने कहा कि आदित्य एल। मिशन में सात प्रमुख उपकरण हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण उपकरण सोलर अल्ट्रावायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप है जिसका निर्माण आईयूसीएए के नेतृत्व में किया गया है। इसमें इसरो के अलावा भारतीय तारा भौतिक संस्थान, आईआईएसईआर कोलकाता, फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी, अहमदाबाद, मणिपाल यूनिवर्सिटी ने भी सहयोग किया है। त्रिपाठी और राम प्रकाश ने बताया कि सूर्य की ऊपरी सतह पर कुछ विस्फोट होते रहते हैं लेकिन यह कब होंगे और इनके प्रभाव क्या होंगे, इसकी सटीक जानकारी नहीं है...ऐसे में इस टेलीस्कोप का एक उद्देश्य इनका अध्ययन करना भी है। उन्होंने बताया, इसके लिए हमने कृत्रिम बुद्धिमता का सहारा लिया है जो इसका डाटा (विस्फोटों का) एकत्र करेगा और उसका मूल्यांकन करेगा। वैज्ञानिकों ने बताया कि वायुमंडल में एक्स रे, पराबैंगनी आदि कई तरह की किरणें हैं, ऐसे में टेलीस्कोप के काफी गर्म होने एवं नुकसान पहुंचने की आशंका थी। इस स्थिति में टेलीस्कोप के विकास के प्रारंभिक चरण में हमने एक फिल्टर डिजाइन किया ताकि इसमें जरूरत के मुताबिक ही किरणें जाएं और यह ज्यादा गर्म नहीं हो। उन्होंने बताया कि इस प्रकार से सूर्य के अध्ययन की दृष्टि से संस्थान के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है और इस उपकरण को छह जून को इसरो को सौंप दिया गया है। परियोजना के पूरा होने में लगे समय के प्रश्न पर वैज्ञानिकों ने बताया कि इसके लिए सबसे पहले वर्ष 2012 में प्रस्ताव भेजा गया था और विस्तृत समीक्षा एवं मूल्यांकन के बाद इसे 2015 में मंजूरी मिली तथा 2015-16 में काम शुरू हुआ। उन्होंने टेलीस्कोप से प्राप्त डेटा के बारे में कहा कि इसका उपयोग पूरे देश के वैज्ञानिक सूर्य के बारे में जानकारी को अद्यतन करने में कर सकेंगे। हाल ही में केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने भारत के सूर्य मिशन के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि इसकी तैयारी बराबर चल रही है तथा यह अपनी तरह का ऐसा पहला मिशन होगा जिसमें सूर्य के वायुमंडल, उसके वातावरण एवं उससे जुड़े तमाम पहलुओं पर शोध एवं अध्ययन किया जाएगा।

31 अगस्त से 17 सितंबर तक होगा एशिया कप

● हाइब्रिड मॉडल पर, चार मैच पाकिस्तान में और नौ श्रीलंका में होंगे

● एशियाई क्रिकेट परिषद ने की घोषणा

भाषा। नई दिल्ली

एशिया कप को लेकर महीनों से चली आ रही अनिश्चितता की स्थिति को खत्म करते हुए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि टूर्नामेंट 31 अगस्त से 17 सितंबर तक हाइब्रिड मॉडल पर खेला जाएगा जिसमें चार मैच पाकिस्तान में और नौ श्रीलंका में होंगे। इस एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर गतिरोध पिछले सप्ताह समाप्त हुआ जब जय शाह की अगुवाई वाले एसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी। बीसीसीआई ने साफ तौर पर कहा था कि दोनों देशों के बीच जारी राजनीतिक तनाव कारण वह अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। एसीसी ने एक बयान में कहा , हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 2023 एशिया कप 31 अगस्त से 17 सितंबर तक खेला जाएगा जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें भाग लेंगी। इसमें कहा गया , टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर खेला जाएगा जिसमें चार मैच पाकिस्तान में और बाकी नौ श्रीलंका में खेले जाएंगे। इस सत्र में दो समूहों में टीमों को बांटा जाएगा और हर समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर चार चरण में पहुंचेंगी। सुपर चार चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगे। पाकिस्तान में मैच लाहौर में होंगे जबकि श्रीलंका में कैंडी और पल्लेकेले में मैच होंगे। एशिया कप के कार्यक्रम को मंजूरी मिलने के साथ ही अक्टूबर नवंबर में वनडे विश्व कप में पाकिस्तान टीम का भारत आना भी तय हो गया। दोनों टीमें अहमदाबाद में 15 अक्टूबर को लीग चरण में खेल सकती हैं। समझा जाता है कि आईसीसी के सीईओ ज्यौफ अलार्डिस और चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने पिछले महीने कराची में पीसीबी चेयरमैन नजम सेठी से मुलाकात की जिसके बाद यह तय किया गया कि पाकिस्तान विश्व कप में भाग लेने के लिए कोई शर्त नहीं रखेगा अगर उसे एशिया कप के चार मैच अपने देश में कराने दिए जाएं चूंकि मेजबानी अधिकार उसके पास है। पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट खेलने से प्रसारक एसीसी को आधा ही पैसा देते क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच दो मैच तो तय थे और फाइनल में पहुंचने पर तीसरा भी हो जाता। पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा , मुझे खुशी है कि हाइब्रिड मॉडल का हमारा प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया। इसके मायने हैं कि पीसीबी टूर्नामेंट का मेजबान रहेगा और पाकिस्तान में मैच होंगे। तटस्थ मैच श्रीलंका में होंगे क्योंकि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं आ सकती। हमारे क्रिकेटप्रेमियों को खुशी होती अगर भारतीय टीम 15 साल बाद पाकिस्तान आती लेकिन हम बीसीसीआई की स्थिति समझते हैं। पीसीबी की तरह बीसीसीआई को भी सरकार से मंजूरी लेनी होती है।

दलीप ट्रॉफी में उत्तर क्षेत्र की कमान संभालेंगे मनदीप सिंह

भाषा। नई दिल्ली

पंजाब के कप्तान मनदीप सिंह 28 जून से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी में उत्तर क्षेत्र की कमान संभालेंगे। टीम में पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल तथा बलतेज सिंह भी हैं। दिल्ली के बल्लेबाज ध्रुव शोरे और तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भी टीम में जगह मिली है। भारत के अंडर 19 कप्तान यश धुल को नहीं चुना गया है जो इस सत्र में शेष भारत टीम का हिस्सा थे। टीम : मनदीप सिंह (कप्तान), प्रशांत चोपड़ा, ध्रुव शोरे, अंकित कलसी, प्रभसिमरन सिंह, अंकित कुमार, पुलकित नारंग, निशांत सिंधू, मनन वोहरा, जयंत यादव, बलतेज सिंह, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, सिद्धार्थ कौल, आबिद मुश्ताक।

खबरें स्टेडियम से

युवा मुक्केबाजी: कृष पाल प्री-क्वार्टर फाइनल में

गंगटोक। एशियाई जूनियर मुक्केबाजी चैंपियन कृष पाल ने गुरुवार को यहां पुरुष युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में लवप्रीत सिंह को हराकर 48 किग्रा प्री-क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले कृष को राजस्थान के मुक्केबाज से ज्यादा चुनौती नहीं मिली। उन्होंने जल्दी ही मैच पर अपना दबदबा बना लिया जिससे रेफरी को पहले दौर मे ही उन्हे विजेता घोषित कर दिया। अगले दौर मे उनके सामने तेलंगना के मोहम्मद जुनैद की चुनौती होगी। चंडीगढ़ के तीन और मुक्केबाज आदित्य राज (71 किग्रा), भव्य सैनी (80 किग्रा) और अंकुश (92 किग्रा से अधिक) ने भी अपने-अपने मुकाबलो मे जीत दर्ज की। आदित्य ने जम्मू-कश्मीर के रायजवान को शिकस्त दी जबकि भाव्या ने गोवा के सुयश परब को सर्वसम्मत फैसले से हराया। अंकुश ने पहले दौर मे आंध्र प्रदेश के ऋषि गोविंद को पटखनी दी। दिन के अन्य मुकाबलो मे महाराष्ट्र के उस्मान अंसारी (51 किग्रा) ने पहले दौर मे हिमाचल प्रदेश के उपमन्यु को मात दी, जबकि तमिलनाडु के टी कौशिक (60 किग्रा) ने सिक्किम के आदर्श प्रधान को हराया 4-1 के खंडित फैसले से हराया। पंजाब के भूपेंद्र सिंह भी 54 किग्रा के अंतिम 32 दौर मे बंगाल के साकिर अहमद को 5-0 से हराकर अगले दौर मे पहुंच गए। करण कुमार (51 किग्रा), हनी (57 किग्रा), लवी (63.5 किग्रा) और वंश शर्मा (71 किग्रा) जैसे पंजाब के अन्य मुक्केबाज भी अगले दौर मे पहुंचने मे सफल रहे। प्रतियोगिता मे कुल 337 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे है।

विश्वकप चरण तीन: किशोर तीरंदाज भजन शीर्ष 10 में

मेडेलिन। किशोर तीरंदाज भजन कौर विश्व कप चरण तीन के रिकर्व महिला क्वालिफिकेशन दौर मे शीर्ष 10 मे जगह बनाने मे सफल रही जबकि अन्य भारतीय तीरंदाजो ने निराश किया। कोरिया के तीरंदाजो ने उम्मीद के मुताबिक एक बार फिर दमदार प्रदर्शन किया। भारत की 17 साल की भजन ने अपने पदार्पण विश्व कप पर प्रभावित करते हुए 668 अंक के साथ नौवा स्थान हासिल किया। संगीता (651) और तनीषा वर्मा (648) क्रमशः 30वे और 36वे स्थान पर रहे जिससे महिला टीम रैंकिंग सातवे स्थान पर खिसक गई है।महिलाओ मे शीर्ष तीनो स्थान कोरियाई तीरंदाजो ने हासिल किए जिसमे शंघाई विश्व कप की स्वर्ण पदक विजेता लिम सिह्योन (684) पहले स्थान पर रही।पुरुषो के क्वालिफिकेशन मे 16वे स्थान पर रहने के साथ तुषार शेल्के (671) भारतीयो मे सर्वश्रेष्ठ रहे।इस वर्ग मे शीर्ष तीनो स्थान पर कोरिया के तीरंदाज रहे। किम वुजिन 696 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। अन्य भारतीयो मे मृणाल चौहान (670) 20वे जबकि धीरज बोम्मादेवरा उनसे एक अंक पीछे 23वे स्थान पर रहे। भारतीय पुरुष टीम रैंकिंग मे चौथे स्थान पर है और टीम सेमीफाइनल मे कोरिया से भिड़ सकती है।

सक्करी, वेकिच नॉटिंघम ओपन के दूसरे दौर में हारे

नॉटिंघम। शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी और पूर्व चैंपियन डोना वेकिच को नॉटिंघम ओपन टेनिस के अंतिम 16 दौर में उलटफेर का सामना करना पड़ा। सक्कारी को पोलैंड की [illegible] ने 6-1, 6-4 से हराया जबकि 2017 की चैम्पियन वेकिच को विक्टोरिजा गोलुबिक ने 6-4, 6-1 से शिकस्त दी।विंबलडन की तैयारियों से जोड़कर देखे जा रहे इस टूर्नामेंट में वरीयता प्राप्त एक और खिलाड़ी लिन झोउ को भी हार का सामना करना पड़ा। [illegible] ने उन्हें 6-2, 6-4 से हराया। ब्रिटेन की हीथर वॉटसन ने तात्याना मारिया को 6-2, 6-4 से हराकर घरेलू प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया। वह क्वार्टर फाइनल में गोलुबिक की चुनौती पेश करेंगी।

टियाफो, मुसेटी स्टगार्ट ओपन के क्वार्टरफाइनल में

स्टटगार्ट। तीसरी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो ने स्टटगार्ट ओपन टेनिस के अंतिम-16 मैच में चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 7-6, 6-4 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की जहां उनका सामना लोरेंजो मुसेटी से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी टियाफो ने पहले सेट में 4-4 पर ब्रेक प्वाइंट बचाया और फिर टाईब्रेकर को अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे सेट में दो और और अंक का बचाव कर मुकाबला जीत लिया। पच्चीस साल के टियाफो अगले दौर मे छठी वरीयता प्राप्त मुसेटी का सामना करेंगे। इटली के मुसेटी ने एक अन्य मैच मे ग्रेगोइरे बैरेरे को 6-3, 6-3 हराया। विबलडन के पूर्व सेमीफाइनलिस्ट हुबर्ट हुर्काज ने क्वालीफायर युसुके वतनुकी के खिलाफ मैच के दौरान अस्वस्थ महसूस करने के बावजूद 4-6, 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की।

सहर डब्ल्यूपीजीटी के आठवें चरण में शीर्ष पर

होसुर (तमिलनाडु)। सहर अटवाल ने आखिरी होल मे बर्डी के दम पर महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) 2023 के आठवें चरण के दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर एक शॉट की बढ़त बना ली। पहले दौर में 69 का स्कोर करने वाली सहर ने दूसरे दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर 137 है। वह दूसरे स्थान पर काबिज गौरिका बिश्नोई से एक शॉट आगे है। शुरुआती दौर में 68 का कार्ड खेलने वाली गौरी ने दूसरे दौर में 70 का कार्ड खेला।

वरुण तोमर ने एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता

भोपाल। जूनियर विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता वरुण तोमर ने कुमार सुरेंद्र स्मृति निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के वरुण ने फाइनल मे 241 . 9 स्कोर किया। सेना के श्रवण कुमार उनसे 0.7 अंक पीछे रहे जिन्होंने रजत पदक जीता। सेना निशानेबाजी ईकाई के सागर डांगी ने कांस्य पदक जीता। जूनियर पुरुष एयर पिस्टल में हरियाणा के कमलजीत ने पहला स्थान हासिल किया। कर्नाटक के जोनाथन एंटोनी दूसरे और उत्तर प्रदेश के यश तोमर तीसरे स्थान पर रहे।

रोनाल्डो सिंह ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

नई दिल्ली। भारतीय साइक्लिस्ट रोनाल्डो सिंह लाइतोंजाम ने बृहस्पतिवार को मलेशिया के नियाली में एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप मे 9 . 877 सेकंड का समय निकालकर पुरुषों की स्प्रिंट स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। रोनाल्डो टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) का हिस्सा है। वह 10वें स्थान पर रहकर पुरुषों की स्प्रिंट में आर16 के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब रहे। भारतीय खेल प्राधिकरण ने ट्वीट किया , अनुभवी भारतीय साइक्लिस्ट रोनाल्डो सिंह ने पुरुषो के स्प्रिंट क्वालीफिकेशन (200 मीटर फ्लाइंग टाइम ट्रायल) में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। वह 9 . 877 सेकंड का समय निकालकर एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में दसवें स्थान पर रहे। पिछली बार दिल्ली में हुए टूर्नामेंट मे रोनाल्डो ने रजत जीतकर इतिहास रच दिया था।

अवध स्काई की जीत में शिवम और रोहन का पचासा

लखनऊ। अवध स्काई क्रिकेट अकादमी ने समर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के एनआर स्टेडियम पर खेले गए लीग मुकाबले में सीसीए को 31 रन से हराया। अवध स्काई क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट पर 204 रन का विशाल स्कोर बनाया। शिवम यादव -58 व रोहन जैन ने 67 रन बनाए। जवाब में सीसीए की टीम 28.5 ओवर में 173 रन ही बना सकी। हनी केसरी ने 55 रन रन बनाए। चंदन सिंह बिष्ट, कामरान खान व शिवम यादव ने तीनतीन विकेट झटके।

बांग्लादेश को 370 रन की बढ़त, दूसरे दिन 16 विकेट गिरे

मीरपुर। बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट में 146 रन पर आउट करके 370 रन की बढ़त बना ली जबकि दूसरे दिन बृहस्पतिवार को 16 विकेट गिरे। बांग्लादेश ने सुबह नौ रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिए और पहली पारी मे 382 रन पर आउट हो गई। अफगानिस्तान की टीम 39 ओवर ही खेल सकी लेकिन बांग्लादेश ने फालोआन नही देने का फैसला किया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उसने दूसरी पारी में एक विकेट पर 134 रन बना लिए थे। तेज गेंदबाज निजातुल्लाह मसूद ने अफगानिस्तान के लिए पदार्पण करते हुए पांच विकेट चटकाए। उन्होंने 79 रन देकर पांच विकेट लिए और बांग्लादेशी टीम कल के स्कोर में 20 रन ही जोड़ सकी। अपने टेस्ट कैरियर की पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले पहले अफगान गेंदबाज बने मसूद ने स्विंग और रफ्तार का पूरा फायदा उठाया। तेज गेंदबाज यामिन अहमदजई ने 39 रन देकर दो विकेट लिए। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को सस्ते मे समेट दिया।

मजूमदार बड़ौदा के कोच बनने की दौड़ में

भाषा। नई दिल्ली

मुंबई के पूर्व बल्लेबाज अमोल मजूमदार स्थानीय दावेदार मिलाप मेवाड़ा और कोनोर विलियम्स के साथ बड़ौदा के अगले मुख्य कोच बनने की दौड़ में हैं। मजूमदार को इसके साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच के लिए मजबूत दावेदार माना जा रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) जल्द ही पूर्व कोच रमेश पोवार के विकल्प की घोषणा कर सकता है।बड़ौदा क्रिकेट संघ (बीसीए) के सचिव अजीत लेले ने कहा, मजूमदार ने आवेदन किया है। उनके साथ ही मिलाप मेवाड़ा और कोनोर विलियम्स ने भी आवेदन किया है। शीर्ष परिषद अगले सप्ताह अंतिम फैसला करेगी। मजूमदार इससे पहले मुंबई के कोच रह चुके है। वह आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और दक्षिण अफ्रीका की टीम के भारत दौरे पर सहायक कोच की भूमिका निभा चुके है। ऑस्ट्रेलिया के डेव वाटमोर पिछले दो सत्र में बड़ौदा के कोच रहे है। उनकी देख रेख में टीम घरेलू टूर्नामेंटों के प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही।

एस शरत की जगह तिलक नायडू बीसीसीआई जूनियर चयन समिति में शामिल

नई दिल्ली। कर्नाटक के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज तिलक नायडू ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की जूनियर चयन समिति में एस शरत की जगह शामिल किया गया है। शरत को इस साल की शुरुआत में सीनियर चयन समिति में पदोन्नत किया गया था। नायडू जूनियर चयन पैनल में दक्षिण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। जनवरी में पदोन्नत होने तक शरत जूनियर समिति का नेतृत्व कर रहे थे।बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, नायडू ने एस शरत की जगह ली है।नायडू ने 2009 में प्रथम श्रेणी का अपना आखिरी मैच खेला था। उन्होने कर्नाटक के लिए 93 प्रथम श्रेणी, 53 लिस्ट ए और एक टी20 मैच खेला था। उन्होने 2012 में संन्यास की घोषणा की थी।सीनियर चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष चेतन शर्मा के हटने के कारण खाली हुई जगह पर बीसीसीआई जल्द ही किसी को नियुक्त करेगा। शर्मा एक स्टिंग ऑपरेशन में चयन मामलो की जानकारी का खुलासा किया था। इसके बाद उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा था। सूत्र ने यह भी कहा कि महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की घोषणा एक सप्ताह के अंदर की जाएगी।

बोल्ट के साथ अनुबंध सही नहीं, इससे गलत चलन शुरू होगा: हेसन

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के साथ तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट के अनुबंध पर चिंता जताते हुए टीम के पूर्व कोच माइक हेसन ने कहा कि उनका अनुबंध सही नहीं है और इससे गलत चलन शुरू होगा। बोल्ट ने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखने के लिए पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय टीम के साथ अपना अनुबंध छोड़ दिया था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने वाले बोल्ट अगले महीने से अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट के शुरुआती सत्र में खेलेंगे। बाएं हाथ के 33 साल के इस तेज गेंदबाज को पिछले सप्ताह एनजेडसी की नवीनतम केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया गया था। बोर्ड ने उन्हें अनौपचारिक (कैजुअल) करार की पेशकश की है।हेसन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा अगर आप आईपीएल के साथ दो , तीन या चार अन्य टूर्नामेंट भी खेलना चाहते हैं, तो आपके पास शायद सब कुछ नहीं हो सकता है। यह एक फैसला है जो आपको साल की शुरुआत में करना होता है। मुझे लगता है कि फ्लेक्सी अनुबंध सही चीज नहीं है। उन्होंने कहा, यह वास्तव में खराब चलन होगा कि आपके पास 20 खिलाड़ियों के साथ एक जैसा अनुबंध हो और जो उस सूची में नहीं है उसे आप अलग तरह का करार दे। ऐसे में अगले साल और कुछ ओर खिलाड़ी आप से इस तरह की करार की उम्मीद करेंगे। बोल्ट ने न्यूजीलैंड के लिए अपना पिछला मैच ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 2022 टी20 विश्व कप में खेला था। वह भारत में इस साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप की टीम में

श्रीकांत, प्रणय, चिराग-सात्विक क्वार्टर फाइनल में

● इंडोनेशिया ओपन: सिंधू बाहर

भाषा। जकार्ता

किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में सीधे गेम में जीत दर्ज कर गुरुवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सफर दूसरे दौर में हार के साथ खत्म हो गया।

पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में लक्ष्य ने श्रीकांत को कड़ी टक्कर दी लेकिन विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रह चुके अनुभवी खिलाड़ी ने 45 मिनट तक चले मैच को 21-17 22-20 से अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों के तीन मैचों में श्रीकांत की यह तीसरी जीत है। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने हांगकांग के एंगस लोंग को 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-16 से मात दी। दुनिया की 14वें नंबर की महिला एकल खिलाड़ी सिंधू दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे की दुनिया की तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी ताइ जू यिंग से 18-21 16-21 से हार गई। सिंधू पिछली दो टूर्नामेंटों में शुरुआती दौर में बाहर हो गई थीं।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ताइ जू के खिलाफ सिंधू को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए 24 मुकाबलों में चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने 19 मैच अपने नाम किए हैं। सिंधू की हार के साथ ही महिला एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व नंबर पांच पुरुष युगल जोड़ी ने चीन के हे जी टिंग और झोउ हाओ डोंग को 46 मिनट में 21-17 21-15 से हराया। इस जोड़ी के सामने अगले दौर में शीर्ष वरीय फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दियांतो की चुनौती होगी।पुरुष एकल के मैच में लक्ष्य ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए 4-0 की बढ़त बना ली लेकिन श्रीकांत ने लय हासिल करने के बाद वापसी की। इसके बाद दोनों 17-17 की बराबरी पर पहुंच गए। श्रीकांत ने अब आक्रामक रूख अपनाया और लगातार चार अंक जुटाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दोनों के बीच दूसरे सेट में भी कड़ा मुकाबला जारी रही। एक समय दोनों का स्कोर 13-13 था। श्रीकांत ने लगातार छह अंक बनाकर 20-14 की बढ़त बना ली। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता लक्ष्य ने दमदार वापसी करते हुए स्कोर को 20-20 कर दिया।श्रीकांत ने अनुभव का लाभ उठाते हुए लगातार दो अंक हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अगले दौर में उनके सामने चीन के ली शी फेंग की चुनौती होगी। फेंग ने एक अन्य मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त सिंगापुर के लोह कीन यू को 21-19 21-14 से हराया।प्रणय के सामने तीसरे दौर में जापान के कोडाई नारोका की चुनौती होगी। तेजी से उभरते भारतीय युवा प्रियांशु राजावत की चुनौती प्री-क्वार्टर फाइनल में हार के साथ खत्म हो गई। इस युवा खिलाड़ी को विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज स्थानीय खिलाड़ी एंथोनी गिनटिंग से 22-20 15-21 15-21 से शिकस्त मिली। एक घंटे तीन मिनट तक चले इस मैच में राजावत ने इंडोनेशिया के स्थानीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी और पहला गेम जीतने में सफल रहे। गिनटिंग ने हालांकि अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए अगले दोनों गेम जीत कर मुकाबला अपने नाम किया।

10000 मीटर धावकों का बेहतर प्रदर्शन

● एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग

भाषा। भुवनेश्वर

उत्तर प्रदेश के कार्तिक कुमार ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुरुआती दिन पुरुषों की 10000 दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के साथ एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग स्तर को आसानी से पार कर लिया।कार्तिक ने 29 मिनट 01.84 सेकंड के समय के साथ पीला तमगा हासिल किया। चौबीस साल के इस धावक ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा हांगझोऊ एशियाई खेलों (23 सितंबर से आठ अक्टूबर) के लिए निर्धारित 29 मिनट 30 सेकंड के क्वालीफाइंग समय से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। एशियाई खेल सीनियर स्तर पर कार्तिक का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन भी होगा। उन्होंने 2018 में एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप में 10000 मीटर का कांस्य पदक जीता है। उनके उत्तर प्रदेश टीम और बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में प्रशिक्षण के साथी गुलबीर सिंह 29 मिनट 03.78 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और उन्होंने एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग स्तर से कम समय लिया। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाले दिल्ली के प्रीतम कुमार (29 मिनट 22.36 सेकंड) और मध्य प्रदेश के हरमनजोत सिंह (29 मिनट 26.86 सेकंड) ने भी एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग स्तर से कम समय लिया। यह दोनों खिलाड़ी हालांकि एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे क्योंकि चीन के हांगझोऊ में होने वाले खेलों में किसी स्पर्धा में एक देश के केवल दो एथलीट भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय कोच राधाकृष्ण नायर ने पीटीआई-भाषा से कहा, किसी स्पर्धा में अगर दो से अधिक खिलाड़ी क्वालीफाइंग स्तर को हासिल कर लेते है तो एएफआई अपने दिशानिर्देशों के तहत एशियाई खेलों के लिए शीर्ष दो का चयन करेगा। हिमाचल प्रदेश की सीमा ने महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में मौजूदा चैंपियन महाराष्ट्र की संजीवनी जाधव को हराकर स्वर्ण पदक जीता लेकिन एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग समय को पार करने में नाकाम रहीं।सीमा ने 34 मिनट 20.01 सेकंड का समय लिया जबकि संजीवनी ने उनसे 14 सेकंड अधिक समय लिया। एशियाई खेलों का क्वालीफाइंग स्तर 32 मिनट 30.24 सेकंड है। संजीवनी ने इस स्पर्धा के बाद कहा, मैं इससे पहले अमेरिका में थी जहां तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस था। अभी कुछ दिन पहले ही भारत लौटी हूं और मैं यहां की गर्मी और नमी से सामंजस्य नहीं बैठा सकी। भुवनेश्वर में तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस है लेकिन खिलाड़ियों को आर्द्रता (90 प्रतिशत) से काफी परेशानी हो रही है। दिन के पदक वाले दो अन्य स्पर्धाओं में किसी भी एथलीट ने पुरुषों और महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल में एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग स्तर हासिल नहीं किया। संदीप कुमार ने पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में एक घंटा 27 मिनट 12 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण जीता जबकि भावना जाट ने एक घंटा 37 मिनट तीन सेकंड के मीट रिकॉर्ड के साथ महिलाओं का स्वर्ण जीता। इससे पहले यह मीट रिकॉर्ड दीपमाला देवी (एक घंटा 39 मिनट) था। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी ने एक घंटा 40 मिनट 33 सेकंड के समय के साथ निराशाजनक प्रदर्शन किया।

रिले दौड़ में वैकल्पिक खिलाड़ियों की कमी : राधाकृष्णन नायर

● जूनियरों पर ज्यादा अभ्यास से थकान हावी

भाषा। भुवनेश्वर

महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में 2002 से 2018 तक लगातार पांच स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम आगामी एशियाई खेलों के लिए छह सदस्ईय टीम के चयन के लिए संघर्ष कर रही है। मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने इसके लिए जूनियर एथलीटों से विकल्पों की कमी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि विकल्पों की यह कमी कम उम्र में जरूरत से ज्यादा अभ्यास से होने वाली थकान है। नायर ने कहा कि हांगझोऊ एशियाई खेलों (23 सितंबर से आठ अक्टूबर) में भारत स्वर्ण पदक जीतने के लिए संघर्ष करेगा क्योंकि कुछ होनहार 400 मीटर के कुछ होनहार जूनियर स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन करने के बाद बाहर हो गए। नायर ने राष्ट्रीय अंतरराज्र्ईय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से इतर कहा, हमें जूनियर स्तर के खिलाड़ियों से सीनियर स्तर का विकल्प नहीं मिल रहा है। उन्होंने हरियाणा की रूपल चौधरी का उदाहरण दिया। रूपल ने कोलंबिया में पिछले साल विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में रजत जीतने वाली चार गुणा 400 मीटर रिले का हिस्सा होने के अलावा 51.85 सेकंड के प्रभावशाली समय के साथ व्यक्तिगत 400 मीटर कांस्य पदक जीता था।

अमेरिका यात्रा का खर्च खुद उठाया : संजीवनी

भुवनेश्वर। पिछले कुछ साल में विभिन्न मैराथन और हाफ मैराथन जीतकर पुरस्कार राशि एकत्र करने वाली लंबी दूरी की धाविका संजीवनी जाधव ने उस धनराशि का प्रयोग अमेरिका मे दो प्रतिस्पर्धाओ मे भाग लेने पर किया जिसके जरिए वह अगले महीने होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर सकी। जाधव ने तीन जून को अमेरिका के पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल मे 32 मिनट 46.88 सेकंड का समय निकाला। बैंकाक मे 12 से 16 जून तक होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने 33 मिनट का क्वालीफाइंग मानक रखा है।

टी स्पोर्ट्स इंडिया क्लब की लगातार दूसरी जीत

● एशियन महिला क्लब हैंडबाल लीग

नई दिल्ली। कजाखिस्तान में आयोजित छठीं एशियन महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए टी स्पोर्ट्स इंडिया क्लब ने अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टी स्पोर्ट्स इंडिया ने आज अपने दूसरे मैच में उज्बेकिस्तान के क्लब को रोमांचक अंदाज में 31-30 गोल से हराया।

इस मैच में पहले हॉफ में उज्बेक टीम 5 गोल से आगे थी लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे हॉफ में विरोधी खिलाड़ियों की गलती का फायदा उठाते हुए बाजी पलट दी। टीम की जीत में कप्तान निधि शर्मा ने सर्वाधिक आठ गोल जबकि उपकप्तान मेनिका ने 7 गोल दागने में सफलता हासिल की। शालिनी ने 5,मिताली शर्मा ने 4 जबकि प्रियंका ठाकुर ने दो गोल किए। टी स्पोर्ट्स इंडिया की गोलकीपर दीक्षा कुमारी ने भी कई शानदार बचाव करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान किया।

रफत बने उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा एक अहम फैसला लेते हुए पूर्व अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी डा. सैयद रफत जुबैर रिजवी को अहम जिम्मेदारी देते हुए चेयरमैन के पद मनोनीत कर दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू व सचिव राजकुमार के अनुसार इस मनोनयन से उत्तर प्रदेश में ताइक्वांडो खेल के उज्जवल भविष्य की राह प्रशस्त होगी। यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप.2023 की पूर्व संध्या पर मुख्य अतिथि के रुप में पधारे उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन सैयद रफत जुबैर रिजवी ने एसोसिएशन के सचिव राजकुमार को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ व उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय द्वारा जारी मान्यता प्रमाणपत्र प्रदान किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अब उत्तर प्रदेश के ताइक्वांडो खिलाड़ियों को पहले के मुकाबले बेहतर एक्सपोजर मिलेगा। प्रतिभागी टीमों में शामिल 2000 से ज्यादा खिलाड़ियों, विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षकों व रेफरीज ने चेयरमैन सैयद रफत का भव्य स्वागत किया और उनको इस ऐतिहासिक फैसले के लिए धन्यवाद दिया।

वानुआतु ने इंटरकांटिनेंटल कप में जीत के साथ खत्म किया अपना अभियान

भुवनेश्वर। वानुआतु ने इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल के अपने आखिरी राउंड रोबिन मैच में गुरुवार को मंगोलिया पर1-0 की जीत के साथ सकारात्मक तरीके से अपना अभियान खत्म किया। कलिंगा स्टेडियम में मैच के दूसरे हाफ की शुरूआत में वानुआतु के खिलाड़ियों से गोल बचाने के क्रम में मंगोलिया के गंटुया गंटोगतोख आत्मघाती गोल कर बैठे। एक गोल से पिछड़ने के बाद मंगोलिया ने बराबरी करने के लिए पूरा दमखम लगाया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। वानुआतु का अभियान तीन मैचों में तीन अंकों के साथ समाप्त हुआ जबकि मंगोलिया के नाम एक अंक रहा। इस परिणाम यह भी तय हो गया कि रविवार फाइनल में भारत और लेबनान की टीमें आमने-सामने होंगी।

क्रोएशिया ने नेशंस लीग फाइनल में बनाई जगह

रोटरडम। अनुभवी फुटबॉल खिलाड़ी लुका मोड्रिक ने अतिरिक्त समय में पेनल्टी पर गोल कर क्रोएशिया को नीदरलैंड पर 4-2 से रोमांचक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सेमीफाइनल मैच मे जीत के साथ ही क्रोएशिया ने नेशंस लीग फाइनल में जगह पक्की कर ली। नियमित समय मे मैच 2-2 की बराबरी पर छूटा जिसके बाद अतिरिक्त समय के आठवें (98वें) मिनट मे स्थानापन्न खिलाड़ी ब्रूनो पेटकोविच ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इससे पहले नीदरलैंड ने मैच के34वें मिनट मे डोनल मालेन के गोल से अपना खाता खोला लेकिन दूसरे हाफ मे आंद्रेज क्रामरिच (55वें मिनट) और मारियो पसालिच (72वें मिनट) ने क्रोएशा को बढ़त दिला ली। नियमित समय मे मैच खत्म होने से दो मिनट पहले नोआ लांग के गोल से स्कोर 2-2 हो गया और मैच अतिरिक्त समय मे खिंच गया। लीग के एक अन्य सेमीफाइनल मे स्पेन का सामना इटली होगा।